

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


03 राज्य में 38 कृषि यंत्र बैंक स्थापित होंगे : विजय

फ्रांस के जंगलों में भीषण तबाही: मैक्रों बोले- हम मिलकर जीतेंगे यह लड़ाई 12

वर्ष : 14 | अंक : 110 | पटना, बुधवार, 29 जुलाई, 2026 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com

## मुख्यमंत्री ने श्रावणी मेला- 2026 का किया भव्य शुभारंभ

# राज्य सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध :सम्राट

- श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये ऐप जारी
- कांवरिया पथ पर निर्मित सेवा शिविर का शुभारंभ

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को भागलपुर जिले के सुल्तानगंज स्थित नमामि गंगे घाट पर विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर श्रावणी मेला-2026 का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला केवल आस्था का पर्व नहीं बल्कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। राज्य सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक पर्यटन को देखते हुए सुल्तानगंज में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट बनाया जाएगा। अजगैबीनाथ से अगुवानी घाट तक रोप-वे का निर्माण होगा। भागलपुर से मुंगेर तक लगभग 83 किलोमीटर लंबा गंगा पथ (मरीन ड्राइव) विकसित किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, नए टाउनशिप और पर्यटन सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा।

### गुवानी-सुल्तानगंज गंगा पुल का निर्माण कार्य 31 दिसंबर 2027 से पहले हर हाल में होगा पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगुवानी-सुल्तानगंज गंगा पुल का निर्माण कार्य 31 दिसंबर 2027 से पहले हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। सुल्तानगंज से देवघर तक फोरलेन सड़क का निर्माण भी बरसात के बाद तेज गति से शुरू होगा। इसके अलावा सुल्तानगंज-देवघर नई रेललाइन की प्रक्रिया भी आगे बढ़ चुकी है। उन्होंने कहा कि अजगैबीनाथ धाम में हरिद्वार की तर्ज पर दोनों ओर घाट विकसित किए जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सके। अजगैबीनाथ धाम क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बनाया जाएगा। यहां यहां डॉल्फिन पर्यटन विकसित करने, गंगा पार्क बनाने और रोप-वे परियोजना शुरू करने की दिशा में भी सरकार काम कर रही है।

### बरियारपुर-मुंगेर क्षेत्र में अंग टाउनशिप विकसित की जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के 551 स्थानों पर मॉडल स्कूल स्थापित किए गये हैं, जहां छात्र-छात्राओं को नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आधुनिक सुविधाएं और ऑनलाइन शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।



### श्रावणी मेला दुनिया की सबसे बड़ी आस्था का केंद्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने की दिशा में बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्रावणी मेले को दुनिया की सबसे बड़ी आस्था का केंद्र बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि करोड़ों श्रद्धालु एक वेश, एक संकल्प और बोल बम के उद्घोष के साथ सुल्तानगंज से देवघर तक पदयात्रा करते हैं, जो विश्व में सामाजिक समरसता और आस्था का अद्भुत उदाहरण है। बिहार सरकार के पर्यटन सहित सभी विभाग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। वहीं स्थानीय लोग भी सेवा भाव से कांवरियों की सहायता में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने बाबा अजगैबीनाथ और बाबा बैद्यनाथ के चरणों में प्रणाम करते हुए प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और बिहार के निरंतर विकास की कामना की।

कार्यक्रम में श्रावणी मेले की तैयारियों पर आधारित वृत्तचित्र दिखाया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग की पुस्तिका का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रावणी मेला ऐप का भी लोकार्पण किया। ऐप के माध्यम से श्रद्धालुओं को यात्रा से संबंधित सभी जानकारियां मिलेगी। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने सुल्तानगंज स्थित कांवरिया पथ पर निर्मित सेवा शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की सेवा का भी महापर्व है। बिहार सरकार श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य, पेयजल, विश्राम, विश्राम, सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रशासन और स्थानीय लोगों के सहयोग से इस वर्ष का श्रावणी मेला श्रद्धालुओं के लिए और अधिक व्यवस्थित एवं सुविधाजनक होगा।

## मुख्यमंत्री ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में बिहार गति के अन्तर्गत चिन्हित परियोजनाओ की समीक्षा की

# "बिहार गति" के परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें : मुख्यमंत्री



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को अधिकारियों को निर्देश दिये कि बिहार गति के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए तथा प्रगति में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने मंगलवार लोक सेवक आवास स्थित संकल्पसभागार में बिहार गति के अन्तर्गत चिन्हित परियोजनाओ की समीक्षा की। इस दौरान राज्य में क्रियान्वित 100 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं एवं केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। बिहार गति के अंतर्गत चिन्हित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में जल संसाधन, पथ निर्माण एवं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार ने विकास की गति पकड़ ली है, अब इसे और बढ़ाना है। जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कोसी मेची इंटर स्टेट लिंक परियोजना के निर्माण कार्य में मानसून समाप्त होते ही तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाये तथा नियमित समीक्षा के माध्यम से सभी अवरोधों का तत्काल समाधान किया जाये। नॉर्थ कोयल जलाशय परियोजना के कार्यों में तेजी लाने तथा इसे शीघ्र पूर्ण कर सिंचाई क्षमता बढ़ाने और किसानों को जल्द लाभ पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। वहीं मंडई वीयर परियोजना की नियमित निगरानी करते हुए इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कर राज्य की सिंचाई एवं जल प्रबंधन व्यवस्था को और मजबूत बनाने के निर्देश दिये गये। पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने वाराणसी-रांची-कोलकाता 6 लेन कॉरिडोर, आमस-दरभंगा फोर लेन परियोजना तथा कन्हौली-शेरपुर (एनएच131जी) 6 लेन परियोजना के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने भूमि अधिग्रहण, वन विभाग की स्वीकृति एवं अन्य प्रशासनिक बाधाओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने तथा सभी परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध निष्पादन कने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से राज्य में सड़क संपर्क मजबूत होगा, आवागमन सुगम बनेगा तथा आर्थिक एवं औद्योगिक गतिविधियों को नयी गति मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने टीबी मुक्त भारत अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग एवं जांच कर संभावित टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान सुनिश्चित की जाये।

जिन क्षेत्रों में टीबी के मामले अधिक हैं, वहां विशेष अभियान चलाया जाये। सभी टीबी केंद्रों को पूर्णतः कार्यशील बनाया जाये तथा बंद पड़े केंद्रों को पुनः संचालित किया जाये।

## नीट प्रदर्शन हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट का सात राज्यों को नोटिस; सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का आदेश

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं के विरोध में हुए प्रदर्शन और उसके बाद हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अहम सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, असम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और केरल सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।सुप्रीम कोर्ट ने सभी संबंधित अधिकारियों को घटनास्थल के सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों के खिलाफ पहले से कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं था, लेकिन प्रदर्शन के दौरान उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया, उनके खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

याचिकाकताओं ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई, सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एसआईटी से जांच और भविष्य में शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के लिए देशभर में एक समान दिशा-निर्देश बनाने की मांग की। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि यह छात्रों का पूरी तरह शांतिपूर्ण प्रदर्शन था, जिसमें उन्होंने अपनी मांगें संवैधानिक दायरे में रखीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आंदोलनों में अक्सर कुछ बिन बुलाए मेहमान भी शामिल हो जाते हैं, जो अपने अलग एजेंडे के साथ आते हैं और धीरे-धीरे आंदोलन का हिस्सा बन जाते हैं।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में आंदोलन होना स्वाभाविक है और अब समय आ गया है कि यह तय किया जाए कि आंसू गैस जैसे साधनों का इस्तेमाल किन परिस्थितियों में और किस तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी पक्षों से रचनात्मक सुझाव देने की अपील भी की।याचिकाकताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण ने अदालत को बताया कि एक एएसआई ने खुद कार के शीशे तोड़े, जिसका वीडियो भी मौजूद है। पुलिस ने बिना किसी रोक-टोक के कार्रवाई की और जब तक जिम्मेदारी तय नहीं होगी, ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति होती रहेगी। उन्होंने कहा कि एसआईटी में सुप्रीम कोर्ट के किसी पूर्व न्यायाधीश को शामिल किया जा सकता है।इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि अदालत का प्रथमदृष्टया मानना है कि यह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का मामला है। जिसने भी कानून का उल्लंघन किया है, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी और यदि जवाबदेही तय नहीं हुई तो जांच का कोई मतलब नहीं रहेगा। एसआईटी की संरचना पर अदालत बाद में फैसला करेगी।सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता शादान फरासत ने अदालत को बताया कि बिहार सरकार ने भले ही एफआईआर वापस लेने की घोषणा की हो लेकिन 150 से अधिक नाबालिग अब भी हिरासत में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बच्चों को 48 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया ।

## संसद में जितेंद्र सिंह बोले, पेपर लीक करने वालों को अब 5 महीने में मिलेगी सजा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा में मंगलवार को पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) (संशोधन) विधेयक, 2026 पर चर्चा शुरू हुई। केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य पेपर लीक, संगठित परीक्षा घोटालों और अन्य अनुचित गतिविधियों पर पहले से अधिक प्रभावी ढंग से रोक लगाना है। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के भविष्य से किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह विधेयक पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 में संशोधन के लिए लाया गया है। उन्होंने बताया कि 2024 का कानून परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन अब उसे और मजबूत करने की जरूरत महसूस हुई। प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद सरकार यह संशोधन लेकर आई है ताकि पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं किसी एक राज्य तक सीमित नहीं रही हैं। अलग-अलग राज्यों और अलग-अलग परीक्षाओं में पहले भी ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, हालांकि पहले इस तरह की सख्त कार्रवाई नहीं होती थी जैसी अब की जा रही है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि 2009 के रेलवे भर्ती परीक्षा पेपर लीक से लेकर 2012 के एम्स प्रवेश परीक्षा पेपर लीक तक कई बड़े मामले कांग्रेस सरकार के समय सामने आए। उन्होंने कहा कि इन्हीं घटनाओं से सबक लेते हुए सरकार ने एक लीकप्रूफ परीक्षा प्रणाली तैयार करने का फैसला किया।

जितेंद्र सिंह ने बताया कि 1992 में कांग्रेस सरकार के दौरान एक समिति ने केंद्रीय परीक्षा समिति बनाने की सिफारिश की थी। इसके बाद 2010 में भी एक समिति ने यही सुझाव दिया, लेकिन कांग्रेस और यूपीए सरकारों ने इन सिफारिशों को लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का गठन किया और 2024 में पहली बार इस विषय पर व्यापक कानून बनाया, जिसे जून 2024 में लागू किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इस संशोधन का सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान स्पेशल फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था है। इसके तहत पेपर लीक से जुड़े मामलों की जांच दो महीने के भीतर पूरी करनी होगी। इसके बाद ट्रायल कोर्ट में तीन महीने के भीतर सुनवाई पूरी कर फैसला सुनाया जाएगा। यानी घटना होने से लेकर फैसले तक अधिकतम पांच महीने का समय लगेगा। उन्होंने बताया कि यदि कोई पक्ष फैसले के खिलाफ अपील करना चाहता है तो उसे 30 दिनों के भीतर अपील करनी होगी।

## छात्रों पर पुलिस के बलप्रयोग मुद्दे पर शाह के बयान की मांग पर अड़ा विपक्ष, रास दिन भर के लिए स्थगित

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी।। नीट प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की बैठक मंगलवार को एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।हंगामे के कारण उच्च सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया।एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे बैठक शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम माझी से सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक 2026 पेश करने के लिए कहा।इसी दौरान विपक्षी सदस्यों ने छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।हंगामे के बीच ही माझी ने सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक 2026 पेश किया।

### बीपीएससी टीआरई-3 पेपर लीक मामले में बिहार से एक डॉक्टर गिरफ्तार

पटना। बिहार आर्थिक अपराध इकाई ने बिहार लोक सेवा आयोग की शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3) के कथित पेपर लीक मामले में एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। यह चल रही जांच में एक और बड़ी घटना है। ईओयू 296 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।ईओयू की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार, पटना के आर्थिक अपराध शाखा के पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले की जांच के दौरान मिले सबूतों के आधार पर डॉ. मनीष कुमार को सोमवार को गिरफ्तार किया गया।जांचकताओं का आरोप है कि संजीव मुखिया के नेतृत्व वाले पेपर लीक सिंडिकेट के सदस्यों के संपर्क में डॉ. मनीष कुमार थे ।

# बांकीपुर उपचुनाव : प्रचार के अंतिम दिन राजनीतिक दलों ने झोंकी पूरी ताकत

## पवन सिंह की बाइक रैली से गूंजा चुनावी माहौल, एनडीए समर्थकों में उत्साह

### मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की

प्रात : किरण

पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के समर्थन में अभिनेता एवं भाजपा विधान पार्षद पवन सिंह के नेतृत्व में विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। मिठापुर स्थित ड्यूक शोरूम से प्रारंभ हुई यह बाइक रैली पूरे विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए चिल्ड्रेन पार्क तक पहुंची। इस रैली में पवन सिंह प्रत्याशी नीरज सिन्हा सहित सांसद रविशंकर प्रसाद एक रथ पर सवार थे। बाइक रैली मिठापुर से जनता पथ, जयप्रकाश नगर, पुरंदरपुर, करबिगहिया, जक्कनपुर थाना, पोस्टल पार्क चौराहा, दुर्गा मंदिर, चिरैयाटांड़ पुल, एक्जीबिशन रोड, सर गुलाम चौक, गांधी मैदान, छज्जूबाग, बुद्धमार्ग (चीना कोठी), लोहानीपुर, गोलघर चौराहा, अशोक राजपथ, बुद्धा कॉलोनी थाना, हॉस्पिटल इंडिया चकरम मोड़, पीएनटी कॉलोनी, सांसद



आवास, बोरिंग कैनाल रोड, राजापुर, दक्षिण बोरिंग कैनाल रोड, बिकानेर स्वीट्स होते हुए चिल्ड्रेन पार्क तक पहुंची। पूरे मार्ग में स्थानीय लोगों ने हाथ हिलाकर, पुष्पवर्षा कर तथा भाजपा कार्यकताओं का अभिनंदन कर रैली का स्वागत किया। रैली के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला।


कार्यकताओं ने पूरे अनुशासन और जोश के साथ रैली को सफल बनाया।प्रचार अभियान के अंतिम दिन आयोजित इस शक्ति प्रदर्शन ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए कार्यकताओं के उत्साह और संगठन की मजबूती का परिचय दिया। रैली में शामिल कार्यकताओं ने पूरे मार्ग में मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं, व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी ने रैली को जनसंपर्क अभियान का स्वरूप दिया।

## बांकीपुर में भाजपा के खिलाफ माहौल

## राजद प्रत्याशी की जीत तय : तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार शाम चुनाव प्रचार थमने से पहले राष्ट्रीय जनता दल ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। इसी क्रम में राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दावा किया कि बांकीपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ माहौल है और उनकी पार्टी की प्रत्याशी रेखा गुप्ता के पक्ष में जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है। मीडिया से बातचीत में तेजस्वी यादव ने दावा किया कि जनता भाजपा और राज्य सरकार से नाराज है तथा इसका असर मतदान में दिखाई देगा। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावों के दौरान किए गए अपने वादों को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि करोड़ों नौकरियां देने और महिलाओं को आर्थिक सहायता देने जैसे वादे केवल घोषणाओं तक सीमित रह गए। उनके मुताबिक भाजपा की



कथनी और करनी में बड़ा अंतर है और जनता अब इसका जवाब देने के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि बांकीपुर की जनता इस बार भाजपा को सबक सिखाएगी और राजद प्रत्याशी रेखा गुप्ता को विजई बनाएगी।राजद नेता ने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि नौजवान, किसान और महिलाएं खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर पुलिसिया रवैया अपनाने का भी आरोप लगाया और कहा कि सरकार के पास न कोई स्पष्ट विजन है और न ही विकास का रोडमैप। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं के भविष्य जैसे मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल रही है, जिसके कारण लोगों में व्यापक असंतोष है। तेजस्वी ने दावा किया कि भाजपा को अपनी स्थिति का अंदाजा हो गया है। छात्र आंदोलन का उल्लेख करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उनकी पार्टी के दबाव के बाद सरकार को कुछ फैसले लेने पड़े। उन्होंने एके-47 फायरिंग प्रकरण की न्यायिक जांच की मांग दोहराई। साथ ही कहा कि यदि भविष्य में उनकी सरकार बनती है तो आंदोलन के दौरान गिरफ्तार छात्रों के लिए, जेपी आंदोलन के प्रतिभागियों की तर्ज पर, पेंशन की व्यवस्था करने पर विचार किया जाएगा।

## प्रशांत किशोर ने अंतिम दिन धुआंधार प्रचार किया

प्रात : किरण

पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन जन सुराज पार्टी के संस्थापक और उम्मीदवार प्रशांत किशोर ने मतदाताओं को साधने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने पटना के विभिन्न वार्डों में धुआंधार प्रचार, रोड शो और मोहल्ला मीटिंग्स के जरिए जनता से वोट की अपील की। अंतिम दिन के भाषणों में प्रशांत किशोर ने वोट-रों से भावुक अपील करते हुए कहा कि 30 जुलाई को वोटिंग मशीन का बटन दबाने से पहले अपने बच्चों का चेहरा जरूर याद कर लें। उन्होंने जाति-धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर बेहतर शिक्षा, रोजगार और बिहार के विकास को अपना मुख्य चुनावी एजेंडा बताया। पीके ने जनता से कहा कि यह चुनाव सिर्फ एक विधायक चुनने का नहीं, बल्कि सत्ताधारी दल के राजनैतिक अहंकार को तोड़ने और बिहार में बदलाव की नींव रखने का है। प्रचार के आखिरी वक्त में प्रशांत किशोर ने बड़ा सियासी धमाका करते हुए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा जारी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक वीडियो संदेश को पूरी तरह से नकली करार दिया। उन्होंने चुनौती दी कि अगर यह वीडियो



असली साबित हो जाता है, तो वह दो दिन बाद होने वाले चुनाव से अपनी उम्मीदवारी वापस ले लेंगे। यह उपचुनाव प्रशांत किशोर के लिए एक लिटमस टेस्ट है क्योंकि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में शून्य पर सिमटने के बाद यह उनका पहला चुनावी डेब्यू है। पिछले 30 साल से बीजेपी का गढ़ रही इस सीट को बचाने के लिए पार्टी ने अपने प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के समर्थन में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद रविशंकर प्रसाद, पवन सिंह और मनोज तिवारी जैसे दिग्गजों को उतारकर पूरी ताकत लगा दी है। आरजेडी की ओर से रेखा गुप्ता मैदान में हैं, जिनके समर्थन में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी विशाल रोड शो कर मुकाबले को पूरी तरह त्रिकोणीय बना दिया है।

# अंगदान महादान का संदेश लेकर आगे आया एम्स पटना

## लोगों से किया जीवनदान का संकल्प लेने का आह्वान

### अंगदान मानवता का सबसे बड़ा उपहार है: प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। मृत्यु अंत नहीं, कई जिंदगियों की नई शुरुआत भी बन सकती है। इसी मानवीय संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित अंगदान महादानजीवन संजीवनी अभियान के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना में मंगलवार को अंगदान जागरूकता व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ, एम्स पटना ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत कुमार सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. अमरेश कृष्ण, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, नेफ्रोलॉजी, डॉ. उत्पल आनंद, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी तथा डॉ. विपिन चंद्र, एसोसिएट प्रोफेसर,





यूरोलॉजी उपस्थित रहे।एम्स पटना के यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी एवं सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ओपीडी में उपचार के लिए आए मरीजों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने अंगदान से जुड़े वैज्ञानिक, सामाजिक और कानूनी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी।विशेषज्ञों ने ब्रेन स्टेम डेथ, जीवित एवं मृतक अंगदान की प्रक्रिया, अंग प्रत्यारोपण की वैज्ञानिक एवं कानूनी व्यवस्था तथा अंगदान से जुड़े मिथकों और तथ्यों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि एक मृत अंगदाता हृदय, दोनों किडनी, लिवर, फेफड़े, अग्न्याशय सहित कई अंगों का दान कर आठ लोगों को नया जीवन दे सकता है जबकि कॉर्निया, त्वचा, हड्डियों सहित विभिन्न ऊतकों के दान से 50 से अधिक लोगों के जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाई जा सकती है।कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि भारत में हर वर्ष लगभग दो लाख लोगों को किडनी प्रत्यारोपण, 50 हजार से अधिक लोगों को लिवर प्रत्यारोपण तथा लगभग 10 हजार लोगों को हृदय प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है लेकिन उपलब्ध अंगों की संख्या आवश्यकता की तुलना में बेहद कम है। परिणामस्वरूप हजारों मरीज समय पर अंग उपलब्ध नहीं होने के कारण अपनी जान गंवा देते हैं। उन्होंने कहा कि यदि अधिक से अधिक नागरिक स्वैच्छिक अंगदान का संकल्प लें तो यह अंतर काफी हद तक कम किया जा सकता है।उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे स्वयं अंगदान का संकल्प लें और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज में भी इस संदेश को पहुंचाकर अंगदान महादान अभियान के जनदूत बनें।इस अवसर पर प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक एवं सी-ईओ, एम्स पटना ने कहा कि, अंगदान मानवता का सबसे बड़ा उपहार है। हमारे एक संकल्प से कई लोगों को नया जीवन मिल सकता है। आइए, हम सभी अंगदान के प्रति जागरूक बनें और समाज में आशा, संवेदना एवं जीवन का संदेश फैलाएं।व्याख्यान के उपरांत आयोजित अंगदान क्विज प्रतियोगिता में मरीजों एवं उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एम्स पटना में 27 जुलाई से 3 अगस्त 2026 तक अंगदान महादानजीवन संजीवनी अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, जागरूकता व्याख्यान, सामुदायिक जन-जागरूकता कार्यक्रम, परिचर्चा (सेमिनार) तथा 16वें भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।एम्स पटना का यह अभियान केवल एक जन-जागरूकता कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज में जीवन के बाद भी जीवनह्न की भावना को सशक्त बनाने का प्रयास है।

## बंद पड़ी गोदांबे फूड्स फैक्ट्री में 12 लाख की चोरी मशीनें और इलेक्ट्रॉनिक सामान ले उड़े चोर



प्रातः किरण संवाददाता

फतुहा। फतुहा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गोदांबे फूड्स एंड बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए करीब 12 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया।

पानी, मैंगो और लीची जूस का उत्पादन करने वाली यह फैक्ट्री पिछले कई दिनों से बंद थी, जिसका फायदा उठाकर बदमाशों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर फैक्ट्री में प्रवेश किया। कंपनी के मालिक चंद्र भूषण सिंह ने बताया कि लगभग 10 दिन पहले उन्होंने फैक्ट्री का निरीक्षण कर ताला लगाकर फैक्ट्री बंद की थी, लेकिन मंगलवार सुबह कर्मचारियों ने मुख्य द्वार का ताला टूटा देखा और इसकी सूचना दी।

मौके पर पहुंचने पर फैक्ट्री से जूस एवं बोतल निर्माण में उपयोग होने वाली 10 कीमती डाई, 5 मोटर, बिजली पैनल का चेंजओवर, कार्यालय का टीवी और फ्रिज गायब मिले, जबकि कंप्यूटर और एसी को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। सूचना मिलते ही फतुहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तेजस्वी यादव ने बांकीपुर में किया रोड शो, महागठबंधन प्रत्याशी रेखा कुमारी गुप्ता के लिए मांगा समर्थन

फतुहा। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने मंगलवार को बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन की राजद प्रत्याशी रेखा कुमारी गुप्ता के समर्थन में भव्य रोड शो किया। यह रोड शो पुराना हड़ताली मोड़ (पहलवान मार्केट) से शुरू होकर बारी पथ चौराहा, राजापुल, दुजरा मस्जिद, पुलिस चौक, लोधीपुर मेन रोड, चीना कोठी, उत्तरी मंदिरी, इनकम टैक्स गोलंबर, किदवईपुरी और चकराम देवी मंदिर तक निकाला गया। रोड शो के दौरान तेजस्वी यादव ने लोगों से महागठबंधन प्रत्याशी रेखा कुमारी गुप्ता को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की और बदलाव के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व खनन एवं भूतत्व मंत्री सह फतुहा विधायक डॉ. रामानंद यादव, विधायक रणविजय साहू, विधान परिषद सदस्य कार्तिक कुमार (मास्टर साहेब), पूर्व विधायक मुकेश रोशन, पूर्व विधायक रेखा देवी, फतुहा प्रखंड राजद अध्यक्ष अरविंद यादव, पटना जिला महासचिव भोला सिंह, शिवेंद्र तांती, पितम्बरपुर पंचायत अध्यक्ष सुजीत कुमार, कौशलेन्द्र कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में राजद कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर कलाकारों ने साझा की गुरुओं से मिली सीख

पटना। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 की जज करिश्मा कपूर, जावेद जाफरी और गीता कपूर, तथा ह्यतुम हो नाह्ल के होस्ट राजीव खंडेलवाल ने अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। करिश्मा कपूर ने कहा कि उनके गुरुओं ने उन्हें सिर्फ डांस नहीं, बल्कि दिल से मंच को अपनाना सिखाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि वही मार्गदर्शन इस सीजन के प्रतिभाशाली कंटेस्टेंट्स तक भी पहुँचेगा। जावेद जाफरी ने कहा कि असली गुरु व्यक्ति की झिझक दूर कर उसके असली रूप को सामने लाते हैं। उन्होंने शो के कोरियोग्राफर्स को भी सम्मान दिया, जो निस्वार्थ भाव से ह्यइंडिया वाला डांसह्ल का भविष्य गढ़ रहे हैं। गीता कपूर ने अपनी मेंटर फराह खान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने टैलेंट को सख्त प्यार और खुले दिल से संवारना सिखाया। उन्होंने ह्यइंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5ह्ल को एक ऐसा गुरुकुल बताया जहाँ सपने पसीने, आँसुओं और अटूट विश्वास से आकार लेते हैं। राजीव खंडेलवाल ने अपने माता-पिता को अपना पहला गुरु बताते हुए कहा कि जीवन में शिक्षक, मेंटर, निर्देशक, सहकर्मी, दोस्त और कभी-कभी अजनबी लोग भी बहुत कुछ सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि तुम हो ना घर की सुपरस्टार के कंटेस्टेंट्स की प्रेरणादायक कहानियों से भी उन्हें नए दृष्टिकोण और महत्वपूर्ण सीख मिली है।

### परिवीक्षा अवधि में कार्यरत टीआरई-3 के शिक्षकों का भी होगा स्थानांतरण

पटना। अब राज्य के विभिन्न विद्यालयों में परिवीक्षा अवधि (प्रोबेशन पीरियड) में कार्यरत शिक्षक, प्रधानाध्यापक एवं प्रधान शिक्षक भी स्थानांतरण के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। माननीय शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के महत्वपूर्ण निर्देश पर मंगलवार को शिक्षा विभाग ने बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली, 2026 के तहत यह बड़ा निर्णय लिया। इस फैसले से टीआरई-3 के शिक्षकों के भी तबादले की प्रक्रिया का रास्ता साफ हो गया।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर गूंजा जागरूकता का संदेश





समय पर जांच, टीकाकरण और जागरूकता ही हेपेटाइटिस से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय : डॉ. अमितेश कुमार

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मंगलवार को तारा मंडल ऑडिटोरियम, पटना में महावीर पैरामेडिकल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा भव्य पैरामेडिकल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समाज एवं भावी स्वास्थ्यकर्मियों को जागरूक करना तथा समय पर जांच एवं उपचार के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पैरामेडिकल छात्रों, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. अमितेश कुमार ने कहा कि हेपेटाइटिस आज भी विश्व की गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल है, लेकिन समय पर जांच, टीकाकरण और उचित उपचार के माध्यम से इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को लिवर संबंधी किसी भी समस्या या शुरूआती लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए तथा नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए।उन्होंने बताया कि विश्व हेपेटाइटिस दिवस का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि लोगों को समय रहते जांच कराने, टीकाकरण अपनाने तथा संक्रमण से बचाव के उपायों के प्रति प्रेरित करना भी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज में भी स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश पहुंचाएं।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की जानकारी और जागरूकता का आकलन करने के लिए विषय पर एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हेपेटाइटिस से संबंधित अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9 पैरामेडिकल छात्रों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी स्वास्थ्य संबंधी विषयों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा मिली।


कार्यक्रम में मुकेश हिसारिया, डॉ. शैलेश कुमार, डॉ. शुचिस्मिता, डॉ. रावी अग्रवाल, जे.पी. टोडी, डॉ. भावना झा एवं डॉ. निधि अल्फ्रेड विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विशेष अतिथि मुकेश हिसारिया, डीआईजी मनोज कुमार नट्ट तथा जय प्रकाश तोड़ी ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से समाज में जन-जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।सभी अतिथियों ने स्वास्थ्य शिक्षा एवं जन-जागरूकता अभियानों को समय की आवश्यकता बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की।इस अवसर पर महावीर पैरामेडिकल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, पटना के विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण, बचाव, टीकाकरण एवं उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में

## जितेन्द्र कुमार सिन्हा का प्रकाशित हुआ चौथा पुस्तक – गया जी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भारतीय सभ्यता की उन विरल नगरों में से एक है गया जी,जहाँ धर्म, संस्कृति, इतिहास और लोक-स्मृति एक-दूसरे में घुलकर नगर की आत्मा का निर्माण करते हैं। देश-दुनिया की महान विभूतियाँ सदियों से यहाँ आकर इस भूमि को नमन करती रही हैं। गया जी केवल एक तीर्थ नहीं है, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना है, जहाँ का चप्पा-चप्पा अपने भीतर प्राचीन गौरवशाली विरासत को संजोए हुए है। इन्हीं आयामों को एक सूत्र में पिरोने का सराहनीय प्रयास लेखक जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने अपनी नवीनतम पुस्तक गया जी के माध्यम से किया है। यह पुस्तक केवल दस्तावेज नहीं है, बल्कि भारतीय सभ्यता को सरल एवं बोधगम्य भाषा में प्रस्तुत करने का प्रयास है। पुस्तक का उद्देश्य पाठकों को गया जी से परिचित कराना और उन्नयन की दिशा में प्रेरित करना है। ऐसे प्रायः गया जी का नाम आते ही पितृ-तर्पण, मोक्ष और श्रद्धा की अनुभूति स्वाभाविक हो जाती है, जब कि विष्णुपद मंदिर और फल्गु नदी के





तट पर संपन्न होने वाले कर्मकांडों ने इसे वैश्विक पहचान दी है। मान्यता है कि यहाँ किए गए पिंडदान से पितरों को शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। धार्मिक अनुष्ठानों की यह परंपरा न केवल आस्था को पुष्ट करती है, बल्कि नगर के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को भी दिशा देती है।गया जी पुस्तक प्राप्त करने वालों में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के धर्मेश कुमार, वरिष्ठ पत्रकार सह कवि सुरेन्द्र कुमार रंजन, प्रो.अमित सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, पत्रकार अनिल कुमार, उमा शंकर प्रसाद वर्मा, पटना उच्च न्यायालये प्रशाखा पदाधिकारी पूजा सबनम, एजी कॉलोनी निवासी पंकज कुमार, अर्चना कुमारी, जय कुमार, फेस रीडर सह ज्योतिषाचार्य शम्भू नाथ झा, शालिनी सिन्हा प्रमुख थे। लोगों ने लेखक जितेन्द्र कुमार सिन्हा को उनकी चौथी पुस्तक के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक जिज्ञासुओं के लिए एक महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्ध होगी।पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें नगर की सामूहिक चेतना और परिपक्वता को रेखांकित करता है। इस पुस्तक में गया जी के प्राचीन मोहल्लों, आसपास बसे क्षेत्रों, फल्गु तट पर अवस्थित मानपुर और आधुनिक बसावटों का उल्लेख किया गया है। हर मोहल्ला अपनी अलग पहचान, पेशा, परंपरा और कथा लेकर खड़ा है। गलियाँ केवल रास्ते नहीं हैं, बल्कि समय की परतें हैं, जहाँ मंदिरों की घंटियाँ, मस्जिदों की अजान, बाजारों की चहल-पहल और घरों की आँगन संस्कृति एक साथ सांस लेती है।वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र कुमार रंजन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक समय में भारत के महत्त्वपूर्ण धार्मिक नगर गया जी के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पक्षों पर विस्तार से चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि पुस्तक

## डीडीयू-गया-गोमो-धनबाद-आसनसोल के रास्ते आगरा कैंट एवं कानपुर सेंट्रल से कोलकाता के लिए 01-01 जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन

प्रातः किरण संवाददाता

हाजीपुर। यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु डीडीयू-गया-गोमो- धनबाद-आसनसोल के रास्ते कानपुर सेंट्रल एवं आगरा कैंट से कोलकाता के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 04157/04158 कानपुर-कोलकाता-कानपुर स्पेशल - गाड़ी सं. 04157 कानपुर-कोलकाता एक्सप्रेस दिनांक 28.07.26 से 29.09.26 तक प्रत्येक मंगलवार को कानपुर सेंट्रल 08.00 बजे खुलकर 14.15 बजे डीडीयू, 15.35 बजे सासाराम, 17.30 बजे गया, 18.45 बजे कोडरमा, 19.45 बजे पारसनाथ, 20.05 बजे गोमो, 20.40 बजे धनबाद सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 04.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 04158 कोलकाता-कानपुर स्पेशल दिनांक 29.07.26 से 30.09.26 तक प्रत्येक बुधवार को कोलकाता से 07.25 बजे खुलकर 12.45 बजे धनबाद, 13.05 बजे गोमो, 13.25 बजे पारसनाथ, 14.15 बजे कोडरमा, 15.45 बजे गया, 17.15 बजे सासाराम, 18.30 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 01.25 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी । इस स्पेशल में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 09 तथा साधारण श्रेणी के 08 कोच होंगे ।

2.गाड़ी सं. 01911/01912 आगरा कैंट-कोलकाता-आगरा कैंट स्पेशल - गाड़ी सं. 01911 आगरा कैंट-कोलकाता एक्सप्रेस दिनांक 30.07.26 से 24.09.26 तक प्रत्येक गुरूवार को आगरा कैंट से 03.40 बजे खुलकर 14.15 बजे डीडीयू, 15.35 बजे सासाराम, 17.30 बजे गया, 18.45 बजे कोडरमा, 19.45 बजे पारसनाथ, 20.05 बजे गोमो, 20.40 बजे धनबाद सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 04.05 बजे कोलकाता पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 09112 कोलकाता-आगरा कैंट स्पेशल दिनांक 31.07.26 से 25.09.26 तक प्रत्येक शुक्रवार को कोलकाता से 07.25 बजे खुलकर 12.45 बजे धनबाद, 13.05 बजे गोमो, 13.25 बजे पारसनाथ, 14.15 बजे कोडरमा, 15.45 बजे गया, 17.15 बजे सासाराम, 18.30 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन 08.00 बजे आगरा कैंट पहुंचेगी ।

### श्रावणी मेला के दौरान गया–कामाख्या एक्सप्रेस का सुलतानगंज स्टेशन पर ठहराव

हाजीपुरःश्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा गया और कामाख्या के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 15619/15620 गया-कामाख्या-गया एक्सप्रेस का सुलतानगंज स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 15620 कामाख्या-गया साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 03.08.2026 से 24.08.2026 के मध्य नामित दिन को 00.11 बजे सुलतानगंज स्टेशन पहुंचेगी तथा यहां से 00.13 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 15619 गया-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 04.08.2026 से 25.08.2026 के मध्य नामित दिन को 17.45 बजे सुलतानगंज स्टेशन पहुंचेगी तथा 17.47 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी

इस स्पेशल में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 10 तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे । इसके साथ ही पटना और अहमदाबाद के मध्य चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन का भी एक और फेरा चलाने का निर्णय लिया गया है। दिनांक 29.07.2026 को अहमदाबाद से पटना के लिए गाड़ी सं. 09447 अहमदाबाद-पटना स्पेशल तथा दिनांक 31.07.2026 को पटना से अहमदाबाद के लिए गाड़ी सं. 09448 पटना-अहमदाबाद स्पेशल का भी परिचालन किया जाएगा ।

## आठ साल पहले हत्या का दर्ज था केस, फतुहा पुलिस ने कथित मृत युवक को जिंदा किया बरामद



फतुहा। वर्ष 2018 में दर्ज हत्या कर शव गायब करने के बहुचर्चित मामले का पुलिस ने हैरतअंगेज खुलासा करते हुए कथित मृत युवक कृष्णा उर्फ किस्मत मांझी को जिंदा और सकुशल बरामद कर लिया है। नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र निवासी कृष्णा उर्फ किस्मत मांझी (पिताझ्र शिवजी मांझी) की हत्या कर शव गायब कर देने का मामला उसके चाचा राकेश मांझी ने फतुहा थाना कांड संख्या 182/18 के तहत दर्ज कराया था। प्राथमिकी में नयका रोड स्थित एक ईंट भट्ठे के मालिक पर हत्या का आरोप लगाया गया था। उस समय कृष्णा की उम्र महज 10 वर्ष थी। जांच के दौरान फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन के नेतृत्व में पुलिस टीम को पता चला कि कृष्णा को उसके परिजनों ने उसकी बुआ के पास मेरठ भेज दिया था, जहां वह बाद में चंडीगढ़ और फिर नॉर्थ ईस्ट के सिलचर में भी रहा। हाल ही में उसके घर लौटने की सूचना मिलने पर पुलिस ने रहुई स्थित उसके घर से उसे जिंदा बरामद कर लिया। इस पूरे मामले की पुष्टि फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने मीडिया के समक्ष करते हुए कहा कि पुलिस ने वर्षों पुराने इस हत्या के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है।

### नई शिक्षा नीति में वॉलेंट्रीयरशिप विद्यार्थियों को समाज से जुड़ने का अवसरः प्रेम कुमार

दानापुर -सामाजिक उत्तरदायित्व एवं युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा महिला कॉलेज खगौल के विद्यार्थियों को निःशुल्क वॉलेंटियरशिप प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) उषा विद्यार्थी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी , एनईपी समन्वयक डॉ वीणा कुमारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके सेवा-भाव एवं समर्पण की सराहना की और भविष्य में भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

## विधायक से ग्रमीणों ने की जल्द सार्क निर्माण कराने की मांग, मिला आश्वासन

प्रातः किरण संवाददाता

वैशाली। जन स्वास्थ्य कल्याण समिति के सचिव डॉक्टर एलबी सिंह को वैशाली जिला के बेलसर प्रखंड के साइन पंचायत के साइन गांव के वार्ड नंबर 1 में लगभग 1.4 किलोमीटर के सार्क का निर्माण नहीं होने पर लोगों ने वैशाली विधायक सिद्धार्थ पटेल उर्फ चुन्नू पटेल एवं स्थानीय पदाधिकारी को आवेदन देने के 4 साल बाद भी शार्क नहीं बना तो स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय वरिष्ठ वरिष्ठ समाज एवं वैशाली जिला के जनता के चहेते डॉक्टर एलबी सिंह को 50 अस्थाई ग्रामीणों ने आकर आवेदन दिया करुणेश कुमार मुन्ना गुप्ता प्रभु शाह सिया लाल मनीष कुमार शत्रुघन कुमार इंदु देवी बबलू कुमार शंकर शाह विजय शाह त्रिपुरारी नाथ जगदेव शाह इत्यादि ग्रामीणों ने ने जाकर डॉक्टर एलबी सिंह को आवेदन दिया आवेदन देने के बाद डॉक्टर एलबी सिंह के द्वारा बातों को गंभीरता से लेते हुए माननीय मंत्री सरवन कुमार से मिलकर आदेश जारी कराया बहुत जल्द ही सार्क बनने का उम्मीद है सक न बनने के कारण ग्रामीणों ने काफिर आक्रोश थे स्थानीय लोगों के द्वारा कुछ दिन पहले सार्क पर धान रोपे कर विरोध भी किया गया था इसके बाद भी स्थानीय विधायक सिद्धार्थ पटेल के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई एक्शन नहीं लिया गया उसके बाद ग्रामीणों ने समाज से भी डॉक्टर एलबी सिंह पर भरोसा जताया। उन्होंने बोला कि दो से तीन माह के अंदर सड़क पर काम चालू हो जाएगा।



## एससीईआरटी के रिक्त पद जल्द भरे जाएंगे

### बीपीएससी को भेजी जाएगी अधियाचना : शिक्षा मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। राज्य के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि एससीईआरटी में खाली पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजी जाएगी।शिक्षा मंत्री ने मंगलवार को विकास भवन स्थित सभागार में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, शिक्षक प्रशिक्षण को मजबूत करने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के निदेशानुसार राज्य में पहली से पांचवीं कक्षा तक हिन्दी के साथ-साथ भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगिका जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में भी बच्चों को पढ़ाया जाएगा ताकि वे बेहतर ढंग से सीख सकें।श्री तिवारी ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डायट) की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अन्य राज्यों की एससीईआरटी की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने और शिक्षा में नवाचार आधारित सोच विकसित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को समय-समय पर विद्यालयों में जाकर जमीनी स्थिति का भी आकलन करना चाहिए।शिक्षा मंत्री ने विद्यालयों में स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि शनिवार को ह्यनो बैग डेह्ल के दौरान बच्चों को स्वच्छता और हेपेटाइटिस-बी से बचाव के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि लगभग 2 करोड़ बच्चों के माध्यम से यह संदेश हर परिवार तक पहुंचे। उन्होंने सभी विद्यालयों में वंदे मातरम और जन गण मन के नियमित गायन की अनिवार्यता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।मंत्री ने बताया कि अगस्त माह में पटना में शिक्षक प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों (ट्रेनर्स) का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिससे शिक्षकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता और बेहतर हो सके।

बैठक में शिक्षा मंत्री ने संस्कृत शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके सशक्तीकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रयास किया जाएगा कि बिहार के विद्यार्थियों को संस्कृत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही राज्य में उपलब्ध हो।इसके अलावा उन्होंने छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों के व्यावसायिक विकास, कला एवं खेल, पुस्तकालय, आईसीटी लैब, आईएसएम लैब सहित विभिन्न विषयों के लिए गाइड बुक तैयार है

पूर्व मध्य रेल
निविदा सूचना
सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी./सिग/2026/10 दानापुर, दि. 25.07.2026 भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेल, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं :– **1. कार्य का नाम एवं स्थान :** दानापुर डिवीजन के अलग–अलग सेक्शन में 20,000 से ज्यादा TVU वाले 5 LC गेट की इंटरलॉकिंग हेतु कार्य। **2. अनुमानित लागत :** रूपये 36392969.06, **3. बयाना राशिः** 727900.00, **4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 17.08.2026 को 15:00 बजे तक। **5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 17.08.2026 को 15:00 बजे। **6. वेबसाइट विवरणः** www.ireps.gov.in, **7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर। **नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।
मंडल सं० एवं दूर सं० अभि० /दानापुर
पीआर/0624/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/26–27/36

पूर्व मध्य रेल
ऑन लाईन ई–निविदा एवं ऑफ लाइन निविदा (खुली) निविदा
आमंत्रण सूचना संख्या
ईएल/50/दानापुर/सोलर/12MWp/2026–27
मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से उन संवेदकों से जिनके पास वैद्य विद्युत लाईसेंस जो राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तो को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा एवं ऑफ लाइन निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं।
**निविदा संख्या : ईएलजी/50/दानापुर/सोलर/12MWp/2026–27, कार्य का नाम :** पु.म. रेलवे के दानापुर डिवीज़न में झाझा रेलवे स्टेशन के परिसर में 12MWp क्षमता वाला ज़मीन पर आधारित सोलर ग्रिड। **अनुमानित लागत :** ₹ 46,89,60,000/– **अग्रधन राशि :** ₹ 1,28,16,000/– **ऑफ लाइन एवं ऑन लाइन निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** 17.08.2026 को 15.00 बजे तक निर्धारित है। **उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय :** वेबसाईट http://www.bharat-electronic.com वरीय मंडल बिजली इंजीनियर (सामान्य) का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर। **नोट –** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा.), दानापुर
पीआर/0621/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/26–27/40

### सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री ने किया माई इंडस्ट्री डेस्क डॉट कॉम का शुभारंभ

# बिहार में उद्यमिता को अधिक सरल, सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास: मंत्री



**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर बिहार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), नए उद्यमियों तथा स्वरोजगार से जुड़े लोगों को सरकारी औद्योगिक नीतियों, बैंकिंग सहायता एवं आवश्यक दस्तावेजीकरण संबंधी जानकारी सहज एवं किफायती रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित डिजिटल प्लेटफॉर्म माई इंडस्ट्री डेस्क डॉट कॉम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल बिहार में उद्यमिता को अधिक सरल, सुलभ और जानकारी-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विशेष रूप से छोटे शहरों और जिलों में कार्यरत उद्यमियों को अक्सर सरकारी योजनाओं की सही जानकारी, बैंक ऋण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी तथा बैंक की अपेक्षाओं के अनुरूप दस्तावेजों में सुधार हेतु उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता।

उन्होंने कहा कि माई इंडस्ट्री डेस्क डॉट कॉम के माध्यम से उद्यमियों को एक ही डिजिटल मंच पर केंद्र एवं राज्य सरकार की औद्योगिक एवं एमएसएमई नीतियों तथा योजनाओं की जानकारी, बैंक ऋण एवं वित्तीय सहायता से संबंधित मार्गदर्शन, और बैंकिंग दस्तावेजीकरण एवं आवश्यक सुधार संबंधी सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सही जानकारी और उपयुक्त दस्तावेजी सहायता के अभाव में किसी छोटे उद्यमी के व्यवसाय की स्थापना, विस्तार या बैंक वित्त प्राप्त करने की प्रक्रिया बाधित न हो। डिजिटल माध्यम और प्रोफेशनल विशेषज्ञता के समन्वय से यह प्लेटफॉर्म आवश्यक सेवाओं को कम लागत पर अधिक लोगों तक पहुँचाने की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है।

# राज्य में 38 कृषि यंत्र बैंक स्थापित होंगे : विजय

## बोलें- अनुदान की राशि सीधे किसानों के खाते में जाएगी

**प्रातः किरण संवाददाता**




पटना। चौथे कृषि रोड मैप के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में केंद्र प्रायोजित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के माध्यम से बिहार में कृषि यंत्रीकरण को व्यापक विस्तार दिया जाएगा। योजना के तहत किसानों को अनुदानित दर पर आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के साथ-साथ कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि यंत्र बैंक, फसल अवशेष प्रबंधन हेतु स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर तथा किसान ड्रोन कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। योजना के क्रियान्वयन एवं प्रशासनिक व्यय सहित कुल 236.58 करोड़ की स्वीकृति का प्रस्ताव है।

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार छोटे एवं सीमांत किसानों तक आधुनिक कृषि यंत्रों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महंगे कृषि यंत्रों की खरीद प्रत्येक किसान के लिए संभव नहीं होती। ऐसे में कस्टम हायरिंग सेंटरों के माध्यम से किसान आवश्यकता के अनुसार किराये पर आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग कर सकेंगे। इससे खेती की लागत में कमी आएगी, समय की बचत होगी तथा कृषि उत्पादकता एवं किसानों की आय में वृद्धि होगी।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत राज्य में 267 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक केंद्र की परियोजना लागत 10 लाख तक होगी, जिस पर लागत मूल्य का 40 प्रतिशत, अधिकतम 4 लाख तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

इसके अतिरिक्त 38 कृषि यंत्र बैंक स्थापित किए जाएंगे। प्रत्येक बैंक की लागत 10 लाख तक होगी तथा पात्र समूहों को लागत का 80 प्रतिशत, अधिकतम 8 लाख तक अनुदान प्रदान किया जाएगा।

फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 200 स्पेशल कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक केंद्र की परियोजना लागत 20 लाख तक होगी। इसमें 55 हॉर्स पावर अथवा उससे अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर एवं आवश्यक कृषि यंत्रों पर 40 से 80 प्रतिशत तक, अधिकतम 12 लाख तक अनुदान का प्रावधान किया गया है। इससे पराली सहित अन्य फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा।

कृषि में आधुनिक ड्रोन तकनीक के विस्तार के लिए राज्य में 480 किसान ड्रोन कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। कृषि स्नातक आवेदकों को परियोजना लागत का 50 प्रतिशत, अधिकतम 5 लाख तथा अन्य पात्र आवेदकों को 40 प्रतिशत, अधिकतम 4 लाख तक अनुदान दिया जाएगा। इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को ड्रोन आधारित छिड़काव सहित आधुनिक कृषि सेवाएं उपलब्ध होंगी।

योजना के तहत 86 प्रकार के कृषि यंत्रों पर व्यक्तिगत किसानों को 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

# कांग्रेस प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रखंड अध्यक्षों के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का दूसरा और अंतिम दिन रहा। प्रशिक्षण शिविर में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने भाग लिया और प्रखंड स्तर से संगठन को गांव, पंचायत तथा बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए आवश्यक सुझाव प्रदान किए।

इस अवसर पर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने तार्किक तथ्यों के साथ कई वीडियो के माध्यम से प्रेरक और जरूरी सुझाव आगत प्रतिभागी प्रखंड अध्यक्षों को दिए। साथ ही उन्होंने सांगठनिक मजबूती में प्रखंड अध्यक्षों की आगामी भूमिका का भी रेखांकन किया।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि हमारा प्रखंड अध्यक्ष ही कांग्रेस को मजबूत करने की मूल हैं और वे नींव की ईंट हैं। संगठन को धारदार बनाने के लिए प्रखंड अध्यक्षों की मजबूती और प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है। साथ ही उन्होंने समापन सत्र में सभी प्रखंड अध्यक्षों से प्रशिक्षण को लेकर फिडबैक भी प्राप्त किया और उनसे आगामी योजनाओं को लेकर व्यापक चर्चा भी की।

प्रशिक्षण प्रभारी पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अनुशासित दल है और हम प्रशिक्षण के माध्यम से न केवल आगामी कार्ययोजनाओं पर काम करेंगे साथ ही आम जनता के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ संघर्ष कर हल करने का प्रयास करेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन पूर्व डीजीपी एवं कांग्रेस नेता करुणा सागर ने किया। आज के प्रशिक्षण शिविर में पांच सत्र का संचालन हुआ जिसमें असित नाथ तिवारी, डॉ. स्नेहाशीष वर्धन, डॉ अनिता कुमारी, अनुवेद सिंह, अधिवक्ता पंकज श्वेताभ ने वक्ता के तौर पर शामिल रहें। इससे पहले सुबह प्रखंड अध्यक्षों ने श्रमदान, प्रभात फेरी के साथ अलग अलग क्षेत्रों में जनसंवाद किया।प्रशिक्षण शिविर के अंत में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, अध्यक्ष राजेश राम और प्रशिक्षण प्रभारी पूर्व डीजीपी करुणा सागर ने सभी प्रतिभागी प्रखंड अध्यक्षों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।

# नीतीश कुमार ने पीएमसीएच के आईजीआईसी पहुंचकर बसंत सिंह का कुशलक्षेम जाना



**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्थित आईजीआईसी पहुंचे, जहां उन्होंने उपचाररत बसंत सिंह, पूर्व सुरक्षा पदाधिकारी से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।

इस दौरान श्री नीतीश कुमार ने विभाग के डायरेक्टर डॉ सुनील कुमार से बसंत सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से बेहतर चिकित्सा एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया साथ ही वहां पर उपस्थित लोगों से भी उन्होंने संक्षिप्त बातचीत की।

### नीतीश कुमार ने स्व. केदार प्रसाद एवं स्व. सरस्वती देवी की प्रतिमाओं का किया अनावरण, दी श्रद्धांजलि

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदरणीय श्री नीतीश कुमार ने नालंदा जिले के रहुई प्रखंड अंतर्गत सोनसा गांव में वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता स्व. केदार प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी स्व. सरस्वती देवी की प्रतिमाओं का अनावरण कर उन्हें माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित बिहार के निर्माण का संदेश भी दिया।

इस दौरान उन्होंने मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद पार्टी के स्थानीय नेताओं एवं कार्यकताओं से आत्मीय मुलाकात की तथा सभी का कुशलक्षेम जाना।

श्री नीतीश कुमार ने स्व. केदार प्रसाद को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि समाज सेवा एवं जनहित के कार्यों के प्रति उनका गहरा समर्पण रहा। उन्होंने इस इलाके में लंबे समय तक सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन नई पीढ़ी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

# खिलाडियों की सफलता हमारा संकल्प, हर प्रतिभा को मिलेगा अवसर: मंत्री

### हॉकी एशिया कप अंडर-18 के स्टार गोलकीपर सावन कुमार को खेल मंत्री ने किया सम्मानित

**प्रातः किरण संवाददाता**




पटना। खेल मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने बिहार के उभरते हॉकी खिलाड़ी एवं भारतीय अंडर-18 टीम के गोलकीपर सावन कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया है। इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि बिहार की प्रतिभाएं आज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही हैं। इनकी प्रतिभा भरे प्रदर्शन से राज्य का गौरव बढ़ा है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मंत्री ने कहा कि हाल में ओमान की राजधानी मस्कट में आयोजित अंडर-18 यूथ हॉकी एशिया कप-2026 में सावन कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए "बेस्ट गोलकीपर" और "प्लेयर ऑफ द फाइनल मैच" का पुरस्कार अपने नाम किया। फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसमें सावन की भूमिका बेहद खास रही। सावन कुमार का चयन इस वर्ष दिसंबर में होने जा रहे अंडर-18 हॉकी विश्व कप में भी हो चुका है। वे बिहार से चयनित होने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। इससे पहले भी उन्होंने जापान में आयोजित अंडर-18 एशियाई हॉकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

खेल मंत्री ने कहा कि बिहार में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हमारी सरकार का लक्ष्य खिलाड़ियों को ऐसा माहौल देना है, जहां वे बिना किसी चिंता के अपने खेल पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकें। "मेडल लाओ, नौकरी पाओ" जैसी योजनाओं के साथ-साथ प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति और आधुनिक खेल सुविधाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता दी जा रही है। हमें विश्वास है कि बिहार के खिलाड़ी आने वाले समय में देश के लिए और अधिक पदक जीतेंगे। उन्होंने सावन कुमार को आगामी विश्व कप के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धियां बिहार के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी और राज्य की नई खेल संस्कृति को मजबूत बनाएगी।

### आंदोलनकारी छात्र-युवाओं को नौकरी और पेंशन देने का ऐलान ऐतिहासिक व स्वागतयोग्य : अरुण

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा छात्र आंदोलन में घायल, लाठीचार्ज के शिकार, झूठे मुकदमों में फँसाए गए तथा जेल भेजे गए छात्रों एवं युवाओं के लिए सरकार बनने पर सरकारी नौकरी और पेंशन देने की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक, साहसिक और लोकतांत्रिक एलान बताया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले जेपी आंदोलन के सेनानियों का सम्मान किया गया, उसी भावना के अनुरूप छात्र आंदोलन के योद्धाओं को सम्मान देने का तेजस्वी यादव का संकल्प युवाओं में नया विश्वास पैदा करेगा। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि महागठबंधन की सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वालों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। छात्र-युवा इस राज्य का भविष्य हैं, अपराधी नहीं। उनके संघर्ष को सम्मान देना सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### समाजवादी नेता हरे राम के निधन पर राजद नेताओं ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ,सांसद डॉ मीसा भारती, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगदानंद सिंह, उदय नारायण चौधरी,राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बिनु यादव,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, सुधाकर सिंह , संजय यादव राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय सचिव कार्तिकेय सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह,डॉ तनवीर हसन, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, विधान पार्षद कारी मो सोहैब, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद,डॉ उर्मिला ठाकुर, कार्यालय सचिव चंदेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य नेताओं ने 74 आंदोलन के समाजवादी नेता हरे राम के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।और कहा कि इनके निधन से समाजवादी आंदोलन को अपूरणीय क्षति हुई है, ये 74 आंदोलन के सक्रिय नेता और कार्यकर्ता के रूप में लालू जी के विचारों के साथ हमेशा खड़े रहे। नेताओं ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए और उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति के लिए प्रार्थना की है।

### अधिक से अधिक संख्या में मतदान-केन्द्र तक पहुँचें मतदाता : नीतीश कुमार

पटना। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 7, सर्कुलर रोड स्थित आवास पर वरिष्ठ मंत्री और जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार से बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का फीडबैक लिया। इस दौरान विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ मौजूद रहे। बांकीपुर उपचुनाव में प्रचार के अंतिम दिन बड़ी संख्या में पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं ने नीतीश कुमार से मुलाकात की। श्री नीतीश कुमार ने सभी को यथोचित निर्देश दिया और 30 जुलाई को मतदाता अधिक से अधिक संख्या में मतदान-केन्द्र तक पहुँचें, यह सुनिश्चित करने को कहा। नीतीश कुमार से मिलने वालों में विधायक श्री हेमनारायण साह, विधायक इन्द्रदेव पटेल, विधायक विनय कुमार चैधरी, सिवान जिला जदयू अध्यक्ष जिशु सिंह, वरीय नेता लोकप्रकाश सिंह आदि प्रमुख हैं।

### बांकीपुर उपचुनाव को लेकर पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने जारी किया वीडियो, एनडीए प्रत्याशी नीरज सिन्हा को जिताने की अपील

पटना। बांकीपुर उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों ने जोर लगा दिया है. इसी कड़ी में जहाँ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रोड शो किया. वहीँ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी रोड शो किया. वहीँ अब पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी वीडियो जारी कर भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा को जिताने की अपील की है. उन्होंने कहा की बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में जहां एक ओर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपनी पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में जोरदार रोड शो किया, वहीं दूसरी ओर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी विशाल रोड शो कर एनडीए का शक्ति प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में अब पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार ने भी एक विशेष वीडियो संदेश जारी कर बांकीपुर की जनता से भावुक अपील की है।जारी वीडियो संदेश में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं का अभिवादन किया ।

# किसानों के हित और गन्ना आधारित उद्योग विकास की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। राज्य के बंद पड़े चीनी मिलों के पुनरुद्धार, गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान तथा चीनी उद्योग के समग्र विकास को लेकर मंगलवार को विकास भवन स्थित गन्ना उद्योग विभाग के सभाकक्ष में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के माननीय गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने की। विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह एवं ईख आयुक्त अनिल कुमार झा ने राज्य में बंद चीनी मिलों के पुनरुद्धार, प्रस्तावित नई चीनी मिलों की स्थापना, गन्ना किसानों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, गन्ना क्षेत्र विस्तार कार्यक्रमों तथा निवेश प्रोत्साहन संबंधी विभागीय पहलों की विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी। उन्होंने बताया कि विभाग गन्ना उत्पादन बढ़ाने, आधुनिक तकनीकों के प्रसार तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहा है। बैठक के दौरान विधानसभा में उठाए गए सासामुसा चीनी मिल से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बरौली के विधायक मंजीत कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सासामुसा चीनी मिल की नीलामी प्रक्रिया से संबंधी प्रश्न, चीनी मिलों में होने वाले प्रदुषण/जल जमाव संबंधी समस्याओं का समाधान तथा गन्ना फसल सहायता संबंधी प्रश्न उठाए। साथ ही बैठक में विधायकगण ने राज्य की बंद सभी चीनी मिलों के पुनः परिचालन, गन्ना किसानों के बकाया भुगतान, किसानों के हितों की प्रभावी सुरक्षा, गन्ना किसान पहचान पत्र (कार्ड) उपलब्ध कराने, निःशुल्क बीज प्राप्त किसानों की सूची सार्वजनिक करने, चीनी मिलों की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने, बिहार से उत्तर प्रदेश जाने वाले गन्ने पर प्रभावी रोक लगाने, अन्य राज्यों की तर्ज पर गन्ने का उचित मूल्य निर्धारित करने, ईख अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा गन्ना मूल्य निर्धारण प्रक्रिया में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल करने जैसी महत्वपूर्ण मांगें रखीं। मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई प्रत्येक समस्या सरकार के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बैठक में प्राप्त सुझावों एवं मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# छात्र आंदोलन में घायल और जेल गए युवाओं को देंगे पेंशन : तेजस्वी

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने छात्र आंदोलन को लेकर बड़ा राजनीतिक ऐलान किया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि आंदोलन के दौरान जो छात्र घायल हुए हैं या जेल गए हैं, यदि भविष्य में बिहार में उनकी सरकार बनती है तो ऐसे सभी छात्रों को पेंशन देने की व्यवस्था की जाएगी।

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में राजद प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो पर निकलने से पहले पत्रकारों से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा कि छात्र आंदोलन के दौरान सरकार ने जिस तरह कार्रवाई की, वह दुर्भाग्यपूर्ण थी। उन्होंने दावा किया कि जनता के भारी दबाव के कारण राज्य सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा, लेकिन उनकी पार्टी की मांग अब भी वही है कि पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए।तेजस्वी यादव ने कहा कि केवल फैसला वापस लेना पर्याप्त नहीं है। आंदोलन के दौरान हुई घटनाओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि किसी स्तर पर गलत कार्रवाई हुई है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में है।

### तेजप्रताप यादव बेऊर जेल से हुए रिहा

पटना। छात्र आंदोलन के दौरान गिरफ्तार किए गए जनशक्ति जनता पार्टी के प्रमुख तेजप्रताप यादव तीन दिनों की न्यायिक हिरासत काटने के बाद मंगलवार को बेऊर जेल से रिहा हो गए हैं।

रिहाई के समय जेल परिसर के बाहर बड़ी संख्या में मौजूद समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं ने नारेबाजी व फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। हालांकि, रिहाई के बाद मीडिया के तीखे सवालों पर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और समर्थकों का हाथ जोड़कर अभिवादन करते हुए रवाना हो गए।तेजप्रताप यादव की रिहाई के पीछे बिहार की सम्राट सरकार द्वारा लिया गया एक बड़ा फैसला है। सरकार ने नीट-यूजीछात्र आंदोलन के दौरान दर्ज दर्जनों मुकदमों को वापस लेने का निर्णय लिया है।

# बांकीपुर में एनडीए के प्रति एकतरफा जनसमर्थन, झूठ की राजनीति करने वालों का होगा सूपडा साफ : उमेश

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवर को बयान जारी कर कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव एनडीए के लिए हार-जीत का नहीं, बल्कि पिछली बार की तुलना में जीत का अंतर और अधिक बढ़ाने का चुनाव है। वहीं, विपक्षी दलों के लिए यह चुनाव केवल दूसरे स्थान के लिए संघर्ष बनकर रह गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के पास बांकीपुर की जनता के लिए न कोई स्पष्ट विजन है और न ही विकास का कोई ठोस एजेंडा। वे केवल झूठ, भ्रम और दुष्प्रचार के सहारे मतदाताओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनका नकारात्मक मंसूबा पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। उन्होंने कहा कि पूरे बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए के पक्ष में एकतरफा जनसमर्थन दिखाई दे रहा है और पूरे चुनावी अभियान में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला है। यह साफ-साफ संकेत है कि एनडीए प्रत्याशी श्री नीरज कुमार सिन्हा अब तक के सभी जीत के रिकॉर्ड तोड़ते हुए ऐतिहासिक बहुमत से विजय प्राप्त करेंगे।

श्री कुशवाहा ने कहा कि एनडीए ने एक साधारण कार्यकर्ता को विधानसभा का उम्मीदवार बनाकर कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाया है, जिससे कार्यकर्ताओं में नए उत्साह का संचार हुआ और एनडीए का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ चुनावी जनसंपर्क अभियान में जुटा रहा। उन्होंने कहा कि एनडीए का वैचारिक और व्यवहारिक गठबंधन चट्टानी एकता की तरह मजबूत है। यही कारण है कि पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए ने 202 सीटों पर ऐतिहासिक जीत प्राप्त की थी और विपक्ष का पूरी तरह से सफाया हो गया था।नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों में बिहार में विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व कार्यों से बांकीपुर की जनता भली-भांति परिचित है। इसलिए विपक्ष जितना भी भ्रम फैलाने का प्रयास कर ले, उसे इसका कोई राजनीतिक लाभ मिलने वाला नहीं है। उनका सूपड़ा साफ होना तय है।

# इस बार भी विकास, सुशासन और जनसेवा को सर्वोपरि रखेगा बांकीपुर : निशांत

### निशांत ने वीडियो संदेश जारी कर बांकीपुर के मतदाताओं से की अपील

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। जदयू के नेता एवं बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने मंगलवार को वीडियो संदेश जारी कर बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने अपने संदेश बांकीपुर विधानसभा के सभी सम्मानित मतदाताओं से 30 जुलाई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया और कहा कि कमल के निशान पर अपना अमूल्य वोट देकर एनडीए समर्थित प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा जी को भारी मतों से विजयी बनाएं। निशांत कुमार ने कहा कि बांकीपुर ने हमेशा विकास, सुशासन और जनसेवा को सर्वोपरि रखा है। हर चुनाव में इसी सोच के साथ अपना जनादेश दिया है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार भी बांकीपुर विकास की इस यात्रा को और मजबूत करेगा। निशांत कुमार ने आगे कहा कि नीतीश कुमार ने भी बांकीपुर की जनता से एनडीए समर्थित प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा जी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आपके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, न्याय के साथ विकास की यात्रा को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने अंत में कहा कि मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और एनडीए परिवार के साथियों से भी आग्रह करता हूँ कि हर मतदाता तक पहुँचें और 30 जुलाई को रिकॉर्ड मतदान सुनिश्चित करें। आपकी मेहनत ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आइए, हम सब मिलकर विकास की इस यात्रा को आगे बढ़ाएँ और बांकीपुर में एनडीए की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करें।

# बिहार में 1 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों का रूपांतरण होगा नंद घर के तौर पर

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना।अब बिहार के आंगनबाड़ी केंद्र सिर्फ बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा तक ही सीमित नहीं रहेंगे। समाज कल्याण विभाग और अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (वेदांता समूह) की संयुक्त पहल से राज्य के चुनिंदा 1 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों की सूरत और शिरत दोनों बदलने जा रही हैं। इन केंद्रों को आधुनिक "नंद घर" का रूप दिया जा रहा है, जहां बच्चों को प्ले-स्कूल जैसी पढ़ाई, पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। दोपहर के बाद यही केंद्र महिलाओं के कौशल विकास और आत्मनिर्भरता के केंद्र के तौर पर उभरकर सामने आएंगे। यह पहल सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 तथा "पोषण भी, पढ़ाई भी" अभियान के अनुरूप होगी।

पहले चरण में पटना, गया, पूर्णिया, सीतामढ़ी, जमुई, शेखपुरा समेत प्रदेश के कई जिलों से पांच से दस आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है। फिलहाल उन्हीं केंद्रों को शामिल किया गया है, जिनके पास अपना भवन उपलब्ध है। बिहार नंद घर आंदोलन में शामिल होने वाला 18वां राज्य बन गया है। वर्तमान में भारत के 17 राज्यों में लगभग 15 हजार केंद्रों तक फैले हुए हैं।

**बच्चों को मिलेगी स्मार्ट पढ़ाई और बेहतर पोषण**

आधुनिक नंद घर में बच्चों को टीवी, ऑडियो-वीडियो सामग्री, डिजिटल लर्निंग टूल्स और आधुनिक खिलौनों के माध्यम से खेल-खेल में पढ़ाया जाएगा। तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को प्ले-स्कूल जैसा वातावरण मिलेगा। वहीं गर्भवती और धात्री महिलाओं को पौष्टिक पैक्ड न्यूट्रिशन उपलब्ध कराया जाएगा और मोबाइल हेल्थ वैन के माध्यम से नियमित स्वास्थ्य जांच भी होगी।महिलाओं के लिए बनेगा

दोपहर में बच्चों की पढ़ाई समाप्त होने के बाद शाम के समय इन्हीं केंद्रों पर स्थानीय महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, कंप्यूटर समेत विभिन्न रोजगारपरक कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे ग्रामीण महिलाओं के लिए आय के नए अवसर तैयार होंगे।

### सोलर बिजली और शुद्ध पेयजल की सुविधा

हर नंद घर को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। केंद्रों में 24 घंटे बिजली के लिए सोलर पैनल लगाए जाएंगे, जबकि बच्चों और महिलाओं के लिए वॉटर प्यूरीफायर के जरिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी। इससे आंगनबाड़ी केंद्र पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### हथियार के बल पर स्प्लेंडर बाइक की लूट

विभूतिपुर/समस्तीपुर । थाना क्षेत्र के दाहु चौक स्थित में काली चिमनी के पास सोमवार की रात तीन अज्ञात बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर एक स्प्लेंडर बाइक लूट ली। घटना उस समय हुई जब माधोपुर वार्ड 09 निवासी लालो चौधरी अपने दामाद राजू चौधरी के साथ सरायरंजन से अपने घर लौट रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने उन्हें ओवरटेक कर रोका और पिस्तौल तानकर बाइक छीनकर पश्चिम दिशा की ओर भाग निकले। पीड़ित ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर गाड़ी की गुहार लगाई है, जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सिवान स्टेशन पर बिना टिकट जांच अभियान, 32 मामलों से 31,750 जुर्माना वसूला

सीवान। रेलवे स्टेशन सिवान पर मंगलवार को माननीय न्यायिक दंडाधिकारी, रेलवे (सोनपुर) की उपस्थिति में वाणिज्यिक विभाग और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के संयुक्त तत्वावधान में विशेष बिना टिकट यात्री जांच (टीएलसी) अभियान चलाया गया। अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अभियान के दौरान वाणिज्यिक विभाग के 13 तथा आरपीएफ के 7 कर्मियों की संयुक्त टीम ने यात्रियों की सघन जांच की। जांच के क्रम में कुल 32 मामले पकड़े गए, जिनमें 31 ट्रायल और एक टीआरसी का मामला शामिल है। इन मामलों में कुल 31,750 का जुर्माना वसूल किया गया। रेल प्रशासन ने बताया कि इस प्रकार के विशेष जांच अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाना, रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा यात्रियों में नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान माननीय न्यायिक दंडाधिकारी, रेलवे (सोनपुर) के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### 70 साल बाद भी सड़क का इंतजार चारपाई पर अस्पताल पहुंचते हैं मरीज

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले का बाहर डोकरी गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से महरूम है. डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ते देश में इस गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है. सड़क के अभाव में ग्रामीणों को स्वास्थ्य, शिक्षा और दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. जिले के मदनपुर प्रखंड की उत्तरी उमगा पंचायत अंतर्गत बाहर डोकरी गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है. देश जहां डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं इस गांव तक पहुंचने के लिए अब तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है. सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बाहर डोकरी गांव प्रखंड मुख्यालय से केवल तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. इसके बावजूद सड़क नहीं होने से यह दूरी ग्रामीणों के लिए चुनौती बन गई है. खासकर बरसात के मौसम में कीचड़ और जलजमाव के कारण गांव का संपर्क लगभग कट जाता है, जिससे लोगों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित होता है. सड़क नहीं होने का सबसे अधिक असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि किसी व्यक्ति के बीमार होने पर वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते. ऐसे में मरीजों को चारपाई पर उठाकर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है. समय पर इलाज नहीं मिलने से कई बार मरीजों की हालत गंभीर हो जाती है. गांव में सड़क की सुविधा नहीं होने से स्कूली बच्चों को प्रतिदिन पैदल स्कूल जाना पड़ता है. बरसात के दिनों में रास्ता कीचड़ से भर जाने के कारण कई बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते. इससे उनकी पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पक्की गली और नाली का भी अभाव है. जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश के दौरान जगह-जगह पानी जमा हो जाता है. इससे गंदगी फैलती है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है. ग्रामीणों का आरोप है कि हर चुनाव के समय जनप्रतिनिधि सड़क निर्माण सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा करते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होते ही ये वादे भूल जाते हैं. वर्षों बाद भी गांव की स्थिति जस की तस बनी हुई है. गांव में करीब 40 से 50 महादलित परिवार रहते हैं, जिन्हें सड़क, गली और नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है. ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्य नहीं होने से उनका जीवन बेहद कठिन हो गया है. ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बाहर डोकरी गांव में शीघ्र पक्की सड़क, गली और नाली निर्माण कराने की मांग की है. उनका कहना है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# प्रमंडल आयुक्त ने नए राशन कार्ड निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में प्रमंडल स्तरीय खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें दरभंगा, मधुबनी एवं समस्तीपुर जिलों में संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान आयुक्त ने सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि नए राशन कार्ड के लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली का लाभ मिल सके। उन्होंने राशन कार्ड निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होने देने का निर्देश दिया।आयुक्त ने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानों के संचालन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का लंबित लाइसेंस शीघ्र निर्गत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाइसेंस निर्गत होने से वितरण व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं सुचारु होगी। बैठक में आयुक्त महोदय ने जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को गोदामों में संग्रहित चावल की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने का निर्देश दिया। साथ ही गोदामों का नियमित निरीक्षण कर भंडारण व्यवस्था, साफ-सफाई तथा खाद्यान्न की गुणवत्ता पर सतत निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया।जिला सहकारिता पदाधिकारी को धान की शत-प्रतिशत आपूर्ति समय पर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को राइस मिलों की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखने का निर्देश देते हुए कहा कि सीएमआर आपूर्ति, मिलिंग कार्य एवं खाद्यान्न प्रबंधन से संबंधित सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं समयसीमा के अनुरूप संपादित किए जाएं। बैठक में संयुक्त आयुक्त के सचिव सुशील कुमार मिश्रा, मधुबनी एवं समस्तीपुर के जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रबंधक, जिला सहकारिता पदाधिकारी तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं सहकारिता विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सऊदी अरब में दिवंगत जमशैद की पत्नी को भारतीय दूतावास से प्राप्त चेक डीएम ने किया सुपुर्द

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। सऊदी अरब में दिवंगत स्व. जमशैद के वैध उत्तराधिकारी के रूप में उनकी पत्नी हुस्न आरा खातून को भुगतान किए जाने हेतु भारतीय राजदूतावास, रियाद द्वारा प्रेषित 07 लाख 55 हजार 783 रुपये) का चेक आज जिलाधिकारी कौशल कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में उन्हें विधिवत सुपुर्द किया। हुस्न आरा खातून, ग्राम टेकटार,पोस्ट मधपुर,थाना कमतौल, अंचल-सिंहवाड़ा, जिला दरभंगा की निवासी हैं। भारतीय राजदूतावास, रियाद से प्राप्त उक्त चेक उन्हें उनके पति स्व० जमशैद के वैध उत्तराधिकारी के रूप में प्रदान किया गया।जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण प्रक्रिया नियमानुसार, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न की जाए, ताकि लाभार्थी को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## 92 लीटर विदेशी शराब बरामद, कारोबारी फरार

मनीगाछी(दरभंगा) ।बाजितपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के विधिपुर गाँव में छापेमारी कर 92.715 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि विधिपुर गाँव निवासी कपिल यादव एवं अनील यादव भारी मात्रा में शराब रखा हुआ है और बिक्री कर रहा है। सूचना उपरांत सत्यापन हेतु छापेमारी की गई ।तलाशी के क्रम में कपिल यादव के घर के पास सामुदायिक भवन एवं उनके घर के पीछे इनके जमीन में झाड़ी से कुल 92.715 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। लेकिन कपिल यादव एवं अनील यादव भागने में सफल हो गया। दोनों के विरूद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## गुरु रविदास जयंती पर समारोह पूर्वक जिला कार्यशाला आयोजित



बेनीपुर (दरभंगा)। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर दरभंगा पूर्वी जिला के बेनीपुर में जिला कार्यशाला का आयोजन श्रद्धा और सामाजिक समरसता के भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने की। जिला अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहा कि संत रविदास जी सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के महान प्रतीक थे। उन्होंने अपने विचारों से समाज को जाति-पांति और भेदभाव से ऊपर उठकर भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कार्यकताओं से गुरु रविदास जी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यशाला में गुरु रविदास जी के जीवन, उनके आदर्शों और समाज सुधार में दिए गए योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार आज भी समानता, सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं ने गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने तथा समरस और सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी प्रदीप प्रधान, रमन पासवान, सोशल मीडिया जिला संयोजक नीरज कर्ण, जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम झा, मंडल अध्यक्ष प्रवीण झा, रामसागर ठाकुर, संजीव सिंह, गोविंद ठाकुर, रामभरोस पासवान, कुंदन पाठक, उदन झा सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में गुरु रविदास जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# नागपंचमी व विषहरी मेले में सांपों के प्रदर्शन पर पूर्ण रोक, प्रशासन सख्त

**वन्य जीव संरक्षण सह वन विभाग पदाधिकारी कर रहे हैं लोगों को जागरूक**

प्रात: किरण संवाददाता




विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र में आगामी नागपंचमी एवं विषहरी मेले के अवसर पर होने वाले सांपों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर इस बार पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। वन्यजीवों की सुरक्षा और जन-सुरक्षा के मद्देनजर वन विभाग और स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी पूरी तरह सख्त नजर आ रहे हैं। वन विभाग के पदाधिकारी मोहम्मद काजमी, कर्मी कुंदन कुमार व चंदन कुमार क्षेत्र में जगह-जगह पहुंचकर लोगों को सांपों का प्रदर्शन बंद करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। वहीं, विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थाना अध्यक्ष द्वारा नागपंचमी व विषहरी मेला आयोजित होने वाले स्थलों और सांपों के साथ प्रदर्शन करने वाली पूजा समितियों व भगतों को चिन्हित कर सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि मेलों में सांपों का प्रदर्शन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई भी व्यक्ति वन्यजीव संरक्षण कानून का उल्लंघन करते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विधायक ने प्रखंड में किया जनसंवाद अस्पताल व नए भवन का औचक निरीक्षण



विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थानीय विधायक अजय कुमार ने जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता की समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निपटारे का निर्देश दिया। इसके बाद विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) का औचक निरीक्षण कर डॉक्टरों की उपस्थिति, दवाओं के स्टॉक और साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की हिदायत दी। अंत में, उन्होंने निमार्णाधीन नए प्रखंड भवन के कार्य की प्रगति और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। विधायक ने इंजीनियरों और ठेकेदारों को समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।मौके पर मिथिलेश सिंह, बबलू कुमार, रवींद्र यादव, मुखिया रंजीत कुमार, रंजीत कुमार सिंह, दिनेश कुमार रंजन, नटवर सिंह, दिलीप कुमार सिंह, चंद्रदेव प्रसाद सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर प्रखंड कांग्रेस कमिटी की ओर से सोमवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न एवं महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की 11वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू साह ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं श्रद्धांजलि देकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि डॉ. कलाम का सादगीपूर्ण जीवन, राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण और युवाओं को दिए गए प्रेरणादायी संदेश सदैव मार्गदर्शक रहेंगे। सभी ने उनके आदर्शों एवं बताए गए मार्ग पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया।इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे छात्र आंदोलन की जीत बताया। साथ ही राहुल गांधी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कार्यकताओं ने उन्हें साधुवाद दिया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू साह ने उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं के बीच मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। वक्ताओं ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत और जनभावनाओं का सम्मान बताया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र साह (चंदर जी), वरिष्ठ कांग्रेसी मोहम्मद चांद, अवधेश सिंह, अरुण सिंह, दुलिपट्टी पंचायत अध्यक्ष अमित सिंह, बौकु यादव, मो. अनवारूल हक, मो. असलम, दीपक कसेरा, रामबिलास साह, गणेश साह, कन्हैया साफी, मो. किताबुद्दीन, रामाशीष कामत, मो. खालिक, मो. अकबर, किशन साफी, मो. इबरान, राम खेलावन यादव, शंकर पूर्वे, आदित्य पासवान, गणेश कसेरा, मो. शमशाद, रघुराम, भोला राय, सुरेश यादव, विकास कुमार, बेचन साह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिहार सहित देशभर में 83 स्थानों गुरुपूर्णिमा महोत्सव

प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर । अमेरिका-ईरान युद्धह्ल की आंच भारतीयों को कम-अधिक मात्रा में लग रही है। भारत में आतंकवाद, नक्सलवाद, लव जिहाद, लैंड जिहाद, धर्मांतरण, गोहत्या आदि समस्याओं में कॉर्पोरेट जिहाद, जैविक जिहाद जैसे नए संकटों की वृद्धि हुई है। सामान्य व्यक्ति को उपरोक्त में से किसी भी संकट का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे संकट के समय क्या करें, इसका उत्तर भारत की अद्वितीयता रही गुरु-शिष्य परंपरा ने पहले ही दे रखा है। इसे समाज तक पहुँचाने के लिए, सनातन संस्था इस वर्ष का गुरुपूर्णिमा महोत्सव रामराज्य के निर्माण की दिशा स्पष्ट करने वाले उत्सव के रूप में मना रही है । यह उत्सव बुधवार, 29जुलाई को हो रहा है। इस वर्ष यह महोत्सव हिंदी, मराठी, गुजराती, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम आदि विविध भाषाओं में देशभर में 81स्थानों पर और बिहार में 2स्थानों पर होने वाले हैं। इस महोत्सव में श्री व्यासपूजन और प.पू. भक्तराज महाराज जी का प्रतिमापूजन (गुरुपूजन), सनातन संस्था और संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवलेजी के कार्य पर लघुचित्रपट (शॉर्ट फिल्म), धर्मरक्षक और हिन्दुत्वनिष्ठों का सत्कार, राष्ट्रभक्त एवं धर्मनिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन, स्वसंरक्षण की सरल पद्धतियों के प्रात्यक्षिक, रामराज्य की स्थापना के लिए संकल्प और नामजप, तथा रामराज्य अर्थात हिन्दू राष्ट्र की स्थापना के लिए संघर्ष और दिशाह्ल इन विषयों पर भी गणमान्य वक्ताओं का विशेष मार्गदर्शन होने वाला है । इस महोत्सव में ग्रंथ प्रदर्शनी, तथा राष्ट्र-धर्म विषयक फलक (पोस्टर) प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। अतः सभी इस अमूल्य अवसर का लाभ उठाएं, ऐसा आवाहन संस्था ने किया है। ऑनलाइन ह्लगुरुपूर्णिमा महोत्सवह्लः देश-विदेश के श्रद्धालुओं को गुरुपूर्णिमा का लाभ मिल सके, इसके लिए सनातन संस्था की ओर से मराठी, हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, कन्नड़, मलयालम इन भाषाओं में ऑनलाइन गुरुपूर्णिमा महोत्सव आयोजित किए गए हैं। 29जुलाई को हिन्दी भाषा के गुरुपूर्णिमा महोत्सव का लाभ निम्नलिखित मार्गिका (लिंक) से लिया जा सकता है ।

## ग्रामीण एसपी शिवम धाकड़ ने जयनगर थाना का किया औचक निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी। मधुबनी ग्रामीण एसपी शिवम धाकड़ मंगलवार को जयनगर थाना पहुच कर थाना का औचक निरीक्षण कर पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान थाना के विभिन्न अभिलेखों, लंबित मामलों, विधि-व्यवस्था की स्थिति एवं पुलिस कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए पुलिस पदाधिकारियो को लंबित मामलो का शीघ्र निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी, नियमित गश्ती, अपराध नियंत्रण तथा आम जनो की सुरक्षा फरियादियों पीड़ित लोगों के साथ बेहतर व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विधि व्यवस्था व्यवस्था बनाए रखने में पूरी सतर्कता बरती जाए।ग्रामीण एसपी ने बताया कि जयनगर के कमला रोड स्थित पुलिस पिकेट पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती को लेकर वरीय अधिकारियों से बातचीत चल रही है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होते ही वहां ट्रैफिक पुलिस की बहाली की जाएगी, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था और अधिक सुचारु हो सके।उन्होंने बताया कि जयनगर के अलावा लदनियां, देवधा एवं बासोपट्टी थाना का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही नेपाल सीमा से सटे बॉर्डर क्षेत्रों का भी जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई।निरीक्षण समीक्षा बैठक के दौरान जयनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदानंद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर बी के ब्रजेश,इंस्पेक्टर गीतेश रौशन , थाना अध्यक्ष रमन कुमार सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## चारू मजूमदार के 55वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा, जनसंघर्षों को मजबूत करने का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। कामरेड चारू मजूमदार का 55वाँ शहादत दिवस आज भाकपा(माले)भोला कार्यालय में महानगर सचिव कामेश्वर पासवान की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित साथियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उनके जीवन, संघर्ष और भारतीय जनआंदोलनों में उनके योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने शोषण, अन्याय और असमानता के खिलाफ संघर्ष की जो विरासत छोड़ी, वह आज भी लाखों संघर्षशील लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सभा को संबोधित करते भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने कहा कि कामरेड चारू मजूमदार ने अपने पूरे जीवन को मेहनतकश जनता, किसानों, मजदूरों, छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि आज जब शिक्षा का निजीकरण, बेरोजगारी, महँगाई, किसानों की बदहाल स्थिति और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले लगातार बढ़ रहे हैं, तब उनके संघर्षों और विचारों को याद करना और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है।वही वरिष्ठ नेता आर के सहनी ने कहा कि देश में छात्र-युवा आंदोलनों, जनसंगठनों और लोकतांत्रिक आवाजों पर दमन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। असहमति की आवाजों को दबाने की कोशिशें लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती हैं। ऐसे समय में जनता के संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए व्यापक एकजुटता और संघर्ष की आवश्यकता है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय, समान अवसर और लोकतांत्रिक अधिकारों के सवालों पर चल रहे जनसंघर्षों को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ती आर्थिक और सामाजिक विषमता के खिलाफ संगठित जनआंदोलन ही न्यायपूर्ण एवं समानतापूर्ण व्यवस्था की दिशा में सार्थक कदम साबित होंगे। अंत में उपस्थित साथियों ने कामरेड चारू मजूमदार के अधूरे सपनों को आगे बढ़ाने, शोषण और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष तेज करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और जनअधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रो कल्याण भारती, गंगा मंडल, अबधेश सिंह, रानी शर्मा, उपेंद्र राम, गीता देवी, शनिचर पासवान, मोहम्मद शौकत, विजय कुमार महतो, बसंती देवी सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## शीशो स्टेशन पर फूट ओवर ब्रिज का निर्माण समय से होगा पूरा : गोपाल जी ठाकुर

दरभंगा। रेलवे कनेक्टिविटी के क्षेत्र में दरभंगा में लगातार उपलब्धि हासिल कर रही है। दरभंगा शहर में एक साथ आठ आरोबी का निर्माण, लहेरियासराय स्टेशन तथा म्यूजियम गुमटी पर लाइट आरोबी के बाद शीशो स्टेशन पर फूट ओवर ब्रिज का निर्माण तथा एनएच -27 पर छह फुट ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति इसका ज्वलंत उदाहरण है। स्थानीय सांसद सह रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य डा गोपाल जी ठाकुर जी ने शीशो स्टेशन पर निमार्णाधीन फुट ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य की प्रगति पर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि जनभावनाओं एवं यात्रियों की वर्षों पुरानी मांग को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने शीशो रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए पहल की थी जिसका निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। सांसद डा ठाकुर ने इस परियोजना को यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आधुनिक रेलवे अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि शीशो के फूट ओवर ब्रिज की तरह उन्होंने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को ककरघटी रेलवे स्टेशन पर भी अगले चरण में इसी प्रकार का फुट ओवर ब्रिज की स्वीकृति की औपचारिकताओं को पूरा कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया है, ताकि क्षेत्र के हजारों यात्रियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके। सांसद डा ठाकुर ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल के तीव्र आधुनिकीकरण के लिए किए जा पहल और प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा है कि दरभंगा संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य को निरंतर मिल रही है तथा जनता की हर आवश्यक सुविधाओ को उपलब्ध कराने के लिए केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है।

## कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में दो दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। कार्यरत व सेवानिवृत कर्मियों के बकाये व लम्बित वेतन-पेंशन की राशि भुगतान के लिए संस्कृत विश्वविद्यालय के दरबार हॉल में आयोजित दो दिवसीय विशेष शिविर का आज समापन हो गया। दो दिनों में भुगतान सम्बन्धी करीब दो सौ से अधिक आवेदन दिए गए हैं। सभी आवेदनों की अब समीक्षा की जाएगी। पूरे प्रदेश से आवेदक स्वयं या फिर अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से आवेदनों को मुख्यालय तक पहुंचाए। आगन्तुकों का इस बार शिविर में विशेष ख्याल रखा गया था। ठंडे जल के साथ चाय नाश्ते की भी व्यवस्था की गई थी। दूसरे दिन कुलसचिव डॉ दिनेश झा एवं वित्त पदाधिकारी डॉ पवन कुमार झा के नेतृत्व में लेखा विभाग के कर्मी आवेदनों को रिसीव कर रहे थे। उक्त दोनों पदाधिकारी आवेदकों की जिज्ञासाएं भी शांत कर रहे थे। एसओ सह अंकेक्षक अभिषेक कुमार झा ने बताया कि दूसरे दिन करीब 90 आवेदन रिसीव किये गए हैं। इस तरह कुल दो सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि पेंशन से सम्बंधित जो भी आवेदन मील हैं उनसे जुड़ी प्रक्रियाएं पहले की जाएगी। फिर नियमानुकूल भुगतान का कार्य किया जाएगा। लेखा सहायक रणजीत ठाकुर व शम्भूनाथ झा के साथ साथ लेखा कर्मी राजन कुमार झा पूरे दिन शिविर कार्यों में व्यस्त रहे।

## जयनगर में भाकपा-माले ने मनाया चारू मजूमदार का शहादत दिवस, नक्सलबाड़ी आंदोलन की विरासत पर हुई चर्चा

मधुबनी। जयनगर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन (भाकपा-माले) की जयनगर प्रखंड कमिटी के तत्वावधान में मंगलवार को जयनगर बस्ती के राजपूताना टोला में पार्टी के संस्थापक एवं नक्सलबाड़ी किसान विद्रोह के प्रमुख नेता चारू मजूमदार का शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चारू मजूमदार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान कार्यकताओं ने ह्लनक्सलबाड़ी को लाल सलामह्व, ह्लनक्सलबाड़ी नहीं मरा और नहीं मरेगाह्व तथा ह्लनक्सलबाड़ी की चिंगारी गांव-गांव में फैला दोह्व जैसे नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले के जयनगर प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि वर्ष 1967 का नक्सलबाड़ी किसान विद्रोह भारतीय राजनीति और किसान आंदोलनों के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना रहा है। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन ने भूमि सुधार, सामाजिक न्याय और ग्रामीण गरीबों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि चारू मजूमदार ने अपना जीवन शोषण, अन्याय और असमानता के विरुद्ध संघर्ष के लिए समर्पित किया। भूषण सिंह ने कहा कि आज भी किसानों, खेत मजदूरों, दलितों, आदिवासियों, छात्रों, युवाओं और मेहनतकश लोगों से जुड़े अनेक सामाजिक एवं आर्थिक प्रश्न प्रासंगिक हैं। उन्होंने लोकतांत्रिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और समान अवसरों के लिए जनता को संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने हाल के छात्र-युवा आंदोलनों का उल्लेख करते हुए कहा कि पेपर लीक के विरोध में हुए आंदोलन के दौरान दर्ज मामलों को वापस लेना लोकतांत्रिक जनदबाव का परिणाम है। उन्होंने इसे छात्र-युवा एकता और जनसंघर्ष की सफलता बताते हुए कहा कि शिक्षा, रोजगार और लोकतांत्रिक अधिकारों के मुद्दों पर आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि शहादत दिवस केवल श्रद्धांजलि का अवसर नहीं, बल्कि जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर विचार करने और समाज के कमजोर वर्गों के अधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का भी अवसर है। कार्यक्रम में नक्सलबाड़ी आंदोलन की विरासत और समकालीन सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई।अंत में उपस्थित लोगों ने चारू मजूमदार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक अधिकारों और जनहित के मुद्दों पर जनसंपर्क एवं जनसंघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में तस्लीम, भोला पासवान, तेजी लाल कामत, रमजानी, लक्ष्मण साह, ब्रजमोहन पासवान, देबू पासवान, अमृत सिंह, अभिराज सिंह, मोहन पासवान, फूलो देवी, जानकी देवी, रीता देवी, कुशमा देवी, जहाना खातून, शविला खातून सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# महंथ दर्शन दास महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के निदेश पर आज महंथ दर्शन दास महिला महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर में निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वाधान में निर्वाचक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में महाविद्यालय की छात्राओं, प्राध्यापकों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार के नेतृत्व में मुजफ्फरपुर जिला निर्वाचन विभाग की टीम द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। निर्वाचन के विभिन्न पहलुओं पर छात्राओं के बीच क्विज, प्रश्नोत्तर तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। एनसीसी छात्राओं की टीम द्वारा वोट के महत्व पर आधारित एक अत्यंत मनमोहक एवं ज्ञान-वर्द्धक नुक्कड़-नाटक का मंचन किया गया।विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के नाम अपने संदेश में जिलाधिकारी ने अर्हता-प्राप्त सभी विद्यार्थियों से मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने सहित सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हमारे महान संविधान निमार्ताओं द्वारा संविधान में सार्वभौम वयस्क मताधिकार का जो प्रावधान किया गया है वह अतुलनीय एवं बहुमूल्य है। त्रुटिरहित मतदाता सूची पूरे निर्वाचन प्रक्रिया का आधार है। निर्वाचक सूची में नाम रहना वोट देने की पहली शर्त है। इसके बिना आप मत नहीं दे सकते। अतः सभी पात्र विद्यार्थियों को फोटो निर्वाचक सूची में नाम शामिल कराने के लिए पंजीकरण अवश्य करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पंजीकरण की प्रक्रिया को भी काफी आसान कर दिया गया है। टेक्नोलॉजी-फ्रेंडली छात्रा ऑनलाईन माध्यम से ईसीआइनेट ऐप से आसानी से पंजीकरण कर सकते है।जिलाधिकारी ने कहा कि ईएलसी के तहत मुजफ्फरपुर जिला के सभी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में कैम्पस एम्बेसडर की भी मुख्य भूमिका है। हर एक कॉलेज एवं शैक्षणिक संस्थान में इन्हें भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेश के तहत नियुक्त किया जाता है। कैम्पस एम्बेसडर छात्र-छात्राओं तथा निर्वाचन तंत्र के मध्य एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करते हैं तथा मतदाता पंजीकरण में आवश्यक सहयोग प्रदान करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने में यह काफी सहायक साबित होता है। अपने संदेश में विद्यार्थियों को लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकी समझाते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र सर्वोत्तम शासन प्रणाली है। हमारे संसदीय प्रणाली तथा अप्रत्यक्ष लोकतंत्र की समृद्धि में भारत निर्वाचन आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। पूरी दुनिया में यह काफी प्रतिष्ठित संस्था है। इतने बड़े देश में समय-समय पर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा काफी अप्रतिम कार्य किया जाता है। मुजफ्फरपुर जिले के छात्र-छात्राओं की प्रशंसा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें।

# बीडीओ ने पहली समीक्षा बैठक में विकास और पारदर्शिता पर दिया जोर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। गायघाट प्रखंड में नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली समीक्षात्मक बैठक आयोजित कर विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बैठक के दौरान उन्होंने प्रखंड कर्मियों के साथ परिचय सत्र भी किया और सभी को सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद लोगों तक हर हाल में पहुंचना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर संचालित सात निश्चय योजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना समेत अन्य ग्रामीण विकास योजनाओं की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने पर जोर दिया। इससे पूर्व प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में प्रशासनिक फेरबदल के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन वर्षों का कार्यकाल पूरा करने वाले निवर्तमान बीडीओ डॉ. संजय कुमार राय को जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड कर्मियों ने भावभीनी विदाई दी और उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख श्रवण कुमार सिंह, अंचलाधिकारी पुष्प राज, पंचायती राज पदाधिकारी राजीव रंजन सहित प्रखंड के कई अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राशनकार्ड से नाम काटे जाने के विरोध में भूख हड़ताल

मुजफ्फरपुर। सरैया प्रखंड मुख्यालय परिसर में परिवर्तन संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दिया है।यह भूख हड़ताल उन्होंने गरीबों के अधिकारों और राशन कार्ड से नाम काटे जाने के विरोध में शुरू किया है। विजय सिंह ने स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग पर पात्र गरीब परिवारों को सरकारी योजनाओं से वंचित करने का गंभीर आरोप लगाया है। भूख हड़ताल पर बैठे विजय सिंह ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के कई अत्यंत गरीब और पात्र परिवारों के नाम राशन कार्ड से गलत तरीके से हटा दिए गए हैं। इस कारण इन परिवारों को राशन की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को इस योजना का लाभमिलना उनका अधिकार है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण वे दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बिना किसी देरी के मामले की जांच की जाए।

# श्रावणी मेला में 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना, मंदिर प्रशासन तैयारियों में जुटा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अगले 30 जुलाई से शुरू हो रहे सावन महीने में बाबा गरीबनाथ नाम में जलाभिषेक के लिए 15 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। प्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ धाम में लगने वाले श्रावणी मेले की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।मंदिर परिसर से लेकर पहलेजा घाट तक श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम जलाभिषेक के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है।अगले दो दिनों के बाद बाबा गरीबनाथ धाम में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ने लगेगी।मंदिर प्रशासन जलाभिषेक के लिए अरघा लगाने सहित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा है, ताकि कांवरियों का गंगाजल सीधे बाबा गरीबनाथ पर अर्पित हो सके।कांवरियों संभावित भीड़ को देखते हुए इस बार भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष फोकस किया गया है। पहलेजा घाट से गंगाजल लेकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कांवरिया पथ पर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।मार्ग में अलग-अलग स्थानों पर कांवरिया सेवा शिविर बनाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पेयजल और चिकित्सा की व्यवस्था की जा रही है, श्रद्धालुओं के लिए दो आधुनिक टेंट सिटी तैयार की जा रही हैं। मुजफ्फरपुर शहर के आरडीएस कॉलेज परिसर में विशाल टेंट सिटी लगभग तैयार हो चुकी है।वैशाली जिला सीमा के रजला के पास भी पहली बार आधुनिक टेंट सिटी बनाई जा रही है। दोनों टेंट सिटी में मिलाकर करीब 10 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। श्रद्धालुओं के मनोरंजन और आध्यात्मिक माहौल के लिए कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की ओर से भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मंदिर परिसर और पूरे कांवरिया मार्ग पर मजबूत लोहे की बैरिकेडिंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। भीड़ नियंत्रण के लिए मल्टी-लेयर बैरिकेडिंग, ड्रॉप गेट और वॉच टावर बनाए गए हैं।बाबा गरीबनाथ मंदिर से लेकर शहर के प्रवेश मार्गों तक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिनकी निगरानी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से होगी। मेले के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल, दंडाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती रहेगी।

# विकलांग कृषकों के लिए कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फाउंडेशन व एक्शन एड एसोशिएशन के संयुक्त तत्वाधान में विकलांग कृषकों के सहयोग के लिए कृषि उत्पादकता के विभिन्न आयामों पर प्रशिक्षण का कार्यक्रम एक्शन एड केन्द्र,कोरियाही, औराई में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुजफ्फरपुर जिले के औराई प्रखंड के 40 दिव्यांग किसानों ने जैविक खेती, मधुमक्खी पालन, पशुपालन , पॉल्ट्री, तथा मशरुम उत्पादन के विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय प्रवेश राकेश कुमार, कम्युनिटी मोबलाइजर ,एक्शन एड ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डा0 अरविन्द कुमार, जिला समन्वयक,एक्शन एड ने जैविक खेती पर विस्तृत रुप से प्रकाश डाला साथ हीं मधुमक्खी पालन व फसलों में कीट प्रबंधन पर प्रतिभागियों को जानकारी दी। रामसुंदर राम, विषय वस्तु विशेषज्ञ ने पोषण सहित मशरुम उत्पादन सहित वैल्यू एडिशन पर विस्तृत प्रकाश डाला।

मौके पर , एक्शन एड, सामुदाय उत्प्रेरक राजगीर कुमार ने सब्जी उत्पादन पर विस्तृत प्रकाश डाला। विकलांग नेतृत्वकर्ता राजा बाबू, शंभू सहनी, संगीता कुमारी, रामसागर राय, मो० इम्तियाज, श्याम कुमार महतो आदि ने विकलांग जनों हेतु सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की चर्चा की।

# चेन स्नैचिंग गिरोह पर पुलिस का बड़ा एक्शन कटिहार से कोढ़ा गैंग का बदमाश गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर में महिलाओं को निशाना बनाकर सोने की चेन और जेवरात लूटने वाले शातिर अपराधियों के खिलाफ मुजफ्फरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुख्यात कोढ़ा गिरोह के एक सदस्य को कटिहार जिले से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से महिला से छीनी गई सोने की चेन और वारदात के समय पहने गए कपड़े भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, यह मामला नगर थाना क्षेत्र के साहू पोखर इलाके का है। बीते 20 जुलाई की सुबह करीब सात बजे मुन्नी खातून मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली और मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई थी। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीएसपी टाउन सुरेश कुमार के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मानवीय सूचना तंत्र के आधार पर अपराधियों की तलाश शुरू की। लगातार छापेमारी और निगरानी के बाद पुलिस ने कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र स्थित जुराबगंज से शिवम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी के कोढ़ा गिरोह से जुड़े होने की पुष्टि हुई है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं को निशाना बनाकर चेन स्नैचिंग जैसी वारदातों को अंजाम देता है। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने छीनी गई सोने की चेन और घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद कर लिए हैं। वहीं, उसके फरार साथी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शहर में सक्रिय अपराधी गिरोहों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तर बिहार में अगले पांच दिन सामान्य रहेगा मौसम

मुजफ्फरपुर। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र ने 29 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक के लिए मौसम पूवार्नुमान जारी किया है। पूवार्नुमान के अनुसार उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में इस अवधि के दौरान सामान्यतः मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। 30 और 31 जुलाई के आसपास गोपालगंज, सिवान और पश्चिम चंपारण के कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में अधिकतम तापमान 32 से 36 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सुबह के समय सापेक्षिक आर्द्रता 80 से 85 प्रतिशत और दोपहर में 40 से 45 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पूर्वी दिशा से 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि कम वर्षा के कारण धान के खेतों में खरपतवार तेजी से बढ़ सकते हैं। ऐसे में समय पर खरपतवार की निकासी करें, ताकि फसल को पर्याप्त नमी, पोषक तत्व और वायु संचार मिल सके। जिन खेतों में धान की रोपाई हुए 5 से 7 दिन हो चुके हैं, वहां अनुशंसित खरपतवारनाशी का प्रयोग करने की सलाह दी गई है। कृषि वैज्ञानिकों ने अच्छी जल निकासी वाली भूमि में खरीफ अरहर की बुवाई करने की भी सलाह दी है। जलभराव वाले क्षेत्रों में मेड़ या उठी हुई क्यारियों पर बुवाई करने से बेहतर उत्पादन मिलेगा। इसके साथ ही उड़द, मिश्रिकंद और प्याज की खेती के लिए भी उपयुक्त समय बताते हुए वैज्ञानिकों ने बीज उपचार, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और खेत की उचित तैयारी पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। प्याज की खरीफ फसल के लिए किसानों को खेत तैयार करने, गोबर की सड़ी हुई खाद का उपयोग करने तथा नर्सरी को खरपतवार मुक्त रखने की सलाह दी गई है। तेज धूप से पौधों की सुरक्षा के लिए नर्सरी के ऊपर शेड नेट लगाने की भी अनुशंसा की गई है। कृषि मौसम वैज्ञानिकों ने किसानों से मौसम की स्थिति को देखते हुए कृषि कार्यों की योजना बनाने और विश्वविद्यालय एवं कृषि विभाग द्वारा जारी तकनीकी सलाह का पालन करने की अपील की है।

# कृषि विश्वविद्यालय में लीची स्टिंक बग के प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं कीट विज्ञान विभाग द्वारा मंगलवार को लीची स्टिंक बग_ के प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन विद्यापति सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केन्द्र, मुजफ्फरपुर के निदेशक डॉ विकास दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लीची स्टिंक बग पर आधारित प्रसार पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने कहा कि लीची बिहार की पहचान और किसानों की आमदनी का प्रमुख स्रोत है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से स्टिंक बग के प्रकोप से किसान भारी नुकसान झेल रहे हैं। प्रयोगशाला में विकसित तकनीक तभी



सार्थक है जब वह खेत तक पहुंचे। आज का यह प्रशिक्षण लैब टू लैंड की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके नियंत्रण के लिए हमारे वैज्ञानिकों, कृषि विग्यान केंद्रों और किसानों को मिलकर समन्वित प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि इस कीट के केवल रासायनिक नियंत्रण से काम नहीं चलेगा बल्कि जैविक और समेकित प्रबंधन को भी अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय लीची किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है और उन्हें हर संभव तकनीकी सहयोग देने का प्रयास कर रहा है मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए निदेशक, राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केन्द्र, मुजफ्फरपुर डॉ विकास दास ने ने कहा कि लीची स्टिंक बग अब राष्ट्रीय समस्या बन चुका है। विश्वविद्यालय और लीची अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने द इसकी निगरानी, समय पर छिड़काव और जैव-नियंत्रण एजेंटों के उपयोग की स्पष्ट अनुशंसाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को फरवरी-मार्च में ही कीट की निगरानी शुरू करनी चाहिए। अंड समूहों को नष्ट करना और परजीवी कीटों का संरक्षण सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने कहा कि लीची अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर विश्वविद्यालय के साथ मिलकर जिला-स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएंगा ताकि हर लीची उत्पादक किसान तक यह जानकारी पहुंच सके । भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक डॉ बी बी पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय लीची अनुसंधान संस्थान के साथ मिलकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि इस कीट के नियंत्रण की तकनीक विश्वविद्यालय ने विकसित कर ली है और किसानों को जागरूक बनाने का प्रयास भी कर रहा है लेकिन इसके व्यापक नियंत्रण के लिए राज्य सरकार के सहयोग की भी आवश्यकता है। स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ मयंक राय ने कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण दिया कार्यक्रम के दौरान तकनीकी सत्र मे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने स्टिंक बग के जीवन-चक्र और पहचान पर, तथा राष्ट्रीय लीची अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिकों ने जैविक नियंत्रण पर तथा विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में सभी जिलों के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के साथ जिला-वार कार्ययोजना बनाई गई। इसमें निगरानी दल गठन, किसान पाठशाला और फील्ड प्रदर्शन शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में डा सुधा नंद ने धन्यवाद ज्ञापन किया और जिसके बाद किसानों ने भरोसा दिलाया कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को गांव-गांव तक पहुंचाकर लीची किसानों को स्टिंक बग से बचाया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कृषि वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र से एलईडी टीवी इन्वर्टर और बैटरी ले उड़े चोर

मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत हत्था थाना क्षेत्र में स्थित घोसरामा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-51 में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने केंद्र का ताला तोड़कर एलईडी टीवी, इन्वर्टर और बैटरी सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार,मंगलवार सुबह जब आंगनबाड़ी सेविका केंद्र पहुंचीं तो कमरे का सामान बिखरा हुआ था और केंद्र से एलईडी टीवी, इन्वर्टर तथा बैटरी गायब मिले। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तत्काल स्थानीय मुखिया, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा हत्था थाना पुलिस को दी गई। स्थानीय लोगों ने आंगनबाड़ी केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग करते हुए कहा कि सरकारी संस्थानों में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं चिंता का विषय हैं। लोगों का बताना है कि हाल के दिनों में प्रखण्ड एवं नजदीकी क्षेत्रों में कई आंगनबाड़ी केंद्रों में चोरी की घटनाएं घटित हुई है,जिससे लोगों में नाराजगी और असुरक्षा के भाव हैं।लोगों ने चोर गिरोह के उद्भेदन करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

# आतिशबाजी रोकने पहुंची पुलिस से धक्का–मुक्की, एक हिरासत में

मुजफ्फरपुर। जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के फुलवरिया चौक पर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति बन गई, जब सड़क पर हो रही आतिशबाजी को रोकने पहुंची पुलिस टीम का कुछ लोगों ने विरोध कर दिया। देखते ही देखते कहासुनी धक्का-मुक्की में बदल गई, जिससे मौके पर हंगामे का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, साहेबगंज विधायक को मिली रिहाई के बाद उनके समर्थक सड़क पर आतिशबाजी कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ से सार्वजनिक सड़क पर आतिशबाजी बंद करने को कहा। इसी दौरान कुछ लोगों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने तत्काल हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के कई थानों की पुलिस फुलवरिया चौक पहुंच गई। अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के बाद स्थिति पर काबू पा लिया गया। कुछ समय तक इलाके में तनाव का माहौल बना रहा, लेकिन बाद में हालात सामान्य हो गए। सरैया के एसडीपीओ अभिजीत कौर ने बताया कि पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की घटना हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस के अनुसार, वायरल वीडियो, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच में जिन लोगों की संलिप्तता सामने आएगी, उनके विरुद्ध भी विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# बिहार पुलिस द्वारा छात्रों पर दमनात्मक कार्रवाई मानवाधिकार और लोकतंत्र विरोधी : सीपीडीआरएस

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।नीट पेपर लिक को लेकर राजधानी पटना समेत बिहार के विभिन्न जिलों में हुए छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद पूरे राज्य में पुलिस द्वारा छात्रों के खिलाफ की जा रही दमनात्मक कार्रवाई की निंदा करते हुए मानवाधिकार संगठन सेंटर फॉर प्रोटेक्शन ऑफ डेमोक्रेटिक राइट्स एंड सेक्युलरिज्म (सीपीडीआरएस) की बिहार इकाई ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि बार-बार पेपर लीक की वजह से छात्रों का भविष्य चौपट होने की स्थिति में छात्रों द्वारा अपनी समस्याओं के प्रति सरकार का ध्यान आकर्षण करने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना उनका जनवादी हक है। लेकिन हैरत की बात यह है कि सरकार छात्रों की मांगों को पूरा कर उनका करियर बर्बाद होने से बचाने की बजाय अमानवीय चेतना के वशीभूत होकर उनके खिलाफ कड़ी दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने रामलीला मैदान घटना दिनांक 4/5.06.2011 बनाम गृह सचिव, भारत संघ (2012) मामले में अपने फैसले के पैरा 245 में कहा है किः ह्लहमारे जैसे लोकतांत्रिक देश के लोगों को सरकार के निर्णयों और कार्यों के खिलाफ आवाज उठाने या सामाजिक या राष्ट्रीय महत्व के किसी भी विषय पर सरकार के कार्यों पर अपनी नाराजगी व्यक्त करने का अधिकार है। सरकार को ऐसे अधिकारों का सम्मान करना होगा और वास्तव में, उनके प्रयोग को प्रोत्साहित करना होगा...ह्व सरकार अदालत के इस आदेश का उल्लंघन कर रही हैं। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट के अनीता ठाकुर बनाम जम्मू और कश्मीर राज्य (2016) मामले का जिक्र किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने अनीता ठाकुर बनाम जम्मू और कश्मीर राज्य (2016) मामले में अपने फैसले के पैरा 14 में कहा है किः यह माना गया कि राज्य उत्तरदायी है जब वह पुलिस को क्रूरता और यातना जैसे कदाचार का दोषी पाता है, तो ह्लमुआवजा राज्य द्वारा वहन किया जाता है, न कि कदाचार के दोषी पाए गए व्यक्तिगत पुलिस अधिकारियों द्वाराह्व। सरकार द्वारा सर्वोच्च अदालत के आदेश का अक्षरशः पालन करने की संवैधानिक बाध्यता हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में हाई कोर्ट को निहत्थे छात्रों और युवाओं के खिलाफ हिंसा, क्रूरता,और यातना का स्वतः संज्ञान लेकर हस्तक्षेप करना चाहिए। बयान में कहा गया है कि पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार राज्यभर से 355 छात्रों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार लोगों के परिजनों का आरोप है की पुलिस ने ऐसे लोगों को भी गिरफ्तार किया है, जिनका प्रदर्शन से कोई वास्ता नहीं था। आंदोलनकारी छात्रों के साथ पुलिस द्वारा अपराधियों जैसा बर्ताव किया जा रहा है। पुलिस द्वारा पटना सहित कई शहरों से बड़ी संख्या में छात्रों को छात्रावासों और अन्य जगहों से उठाया गया है। राज्य में बड़ी संख्या में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किये गये हैं। माना जा रहा है कि अज्ञात मुकदमे के बाद किसी भी टारगेटेड इंसान को गिरफ्तार किया जा सकता है।

# सात साल से फरार लूटकांड का वांटेड आरोपी एसटीएफ के हत्थे चढ़ा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बिहार एसटीएफ की विशेष टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट के तीन मामलों में वांछित अपराधी विशाल कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले सात वर्षों से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल कुमार के रूप में हुई है, जो मुजफ्फरपुर जिले के पानापुर करियात थाना क्षेत्र के भेड़ियाही सलोना गांव का रहने वाला है। वह वर्ष 2019 में पानापुर करियात थाना में दर्ज एक मामले में वांछित था और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी मुजफ्फरपुर नगर थाना क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर विशेष टीम ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, विशाल कुमार के खिलाफ मुजफ्फरपुर जिले के कांटी और पानापुर करियात थानों में लूट के तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपी ने कई अन्य अपराधियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं। एसटीएफ की विशेष टीम आरोपी की निशानदेही पर संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से जिले में सक्रिय अपराधियों के नेटवर्क का भी खुलासा हो सकता है।

# केंद्रीय कारा में मारपीट मामले में नया मोड़, जांच में होमगार्ड जवान पर लगे आरोप सही पाए गए

मुजफ्फरपुर। शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा में कक्षपाल के साथ मारपीट के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। प्रारंभिक तौर पर खुद को पीड़ित बताने वाले होमगार्ड जवान रंजीत कुमार के खिलाफ ही जेल प्रशासन की जांच में आरोप सही पाए गए हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए कारा अधीक्षक ने जवान को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। जेल प्रशासन की जांच रिपोर्ट के अनुसार, 26 जुलाई को गृहरक्षक रंजीत कुमार अपनी ड्यूटी पर करीब 15 मिनट की देरी से पहुंचे थे। कारा गेट पर तैनात उच्च कक्षपाल ऋषिकेश कुमार यादव ने जब उनसे देरी का कारण पूछा, तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान रंजीत कुमार ने गाली-गलौज की, कक्षपाल के साथ मारपीट की और थप्पड़ मारते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। जांच में यह भी सामने आया है कि रंजीत कुमार अक्सर जानबूझकर ड्यूटी पर देर से पहुंचते थे, ताकि नियमित तलाशी प्रक्रिया से बचकर जेल परिसर में प्रवेश कर सकें। प्रशासन ने यह भी उल्लेख किया है कि पूर्व में बंदियों तक आपत्तिजनक सामग्री पहुंचाने की शिकायतें भी उनके संबंध में मिली थीं, जिसकी जांच की जा रही थी। कारा अधीक्षक ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए होमगार्ड जवान से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही मामले की जानकारी देते हुए गृह रक्षा वाहिनी के समादेष्टा, जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर आवश्यक विभागीय कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। जेल प्रशासन का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कड़े कदम उठाए जाएंगे।

# बागमती का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर, निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले में बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। जिला आपातकालीन संचालन केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, कटौझा में आज सुबह 6:00 बजे बागमती का जलस्तर 55.75 मीटर दर्ज किया गया। यह खतरे के निशान 55.00 मीटर से 0.75 मीटर अधिक है।नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से औराई, कटरा और गायघाट प्रखंडों के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इन क्षेत्रों में पानी तेजी से प्रवेश कर सकता है, जिससे फसलों, सड़कों और घरों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। स्थानीय प्रशासन ने इन इलाकों के ग्रामीणों को सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। वहीं,जिले से गुजरने वाली बूढ़ी गंडक और गंडक नदी से राहत की खबर है। सिकंदरपुर में बूढ़ी गंडक का जलस्तर 48.46 मीटर है, जो खतरे के निशान 52.53 मीटर से नीचे है। रेवाघाट में गंडक नदी का जलस्तर 52.89 मीटर दर्ज किया गया है, जो इसके खतरे के निशान 54.41 मीटर से कम है। इन दोनों ही स्थानों पर जलस्तर गिरने की ओर है। जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष और जल निस्सरण प्रमंडल के अभियंता स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों को तटबंधों की निगरानी बढ़ाने और संवेदनशील इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पूर्व राष्ट्रपति की पुण्यतिथि मनाई गई

मुजफ्फरपुर । स्थानीय श्री नवयुवक समिति ट्रस्ट व नागरिक नागरिक मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान मे सोमवार को भूतपूर्व राष्टपति ए.पी.जे.अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता डा.रमेश कुमार केजरीवाल ने की। मंच का संचालन मोहन प्रसाद सिंहा ने किया। कलाम साहब का निधन 27 जुलाई 2015को शिलांग (मेघालय) मे हुआ था । उनका जन्म 15अक्टुबर 1931को रामेश्वरम मे हुआ था। अध्यक्ष ने उनके बारे में विस्तृत जानकारी एव क्रिया कलापो की चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल 25 जुलाई 2002 से लेकर 25 जुलाई 2007तक रहा । राष्ट्र सेवा के क्षेत्र इन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान 1997 भारत रत्न से सुशोभित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगो ने भी अपने विचार प्रकट किए। साथ ही उनके तस्वीर पर फूल चढाकर नमन किए और अमर रहे के नारो से सभागार गुंजायमान रहा।समिति के उपाध्यक्ष रणवीर अभिमन्यु,डा.एच.एल गुप्ता, डा.प्रदीप अग्रवाल, डा.जगदीश शर्मा, डा.हरिकिशोर सिंह, परमेश्वरी देवी, अरुण कुमार, डा.दिनेश प्रसाद सिंहा,सुरेंद्र पासवान, सुरेश कुमार भी शामिल थे।

# योजनाओं की पहुँच से बदल सकती है गांव की तस्वीर

प्रियंका कुमारी

किसी भी गांव का विकास केवल सड़क, बिजली या भवनों के निर्माण से नहीं मापा जा सकता। असली विकास तब दिखाई देता है जब गांव का हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी जाति, वर्ग, धर्म, आयु या आर्थिक स्थिति से जुड़ा हो, सम्मान के साथ अपना जीवन जी सके। जब किसी महिला को प्रसव के समय इलाज के लिए दर-दर न भटकना पड़े, जब किसी किशोरी को केवल पानी भरने के लिए स्कूल छोड़ने के लिए मजबूर न होना पड़े। जब किसी बुजुर्ग को पेंशन पाने के लिए बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और जब किसी गरीब परिवार को राशन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष न करना पड़े, तभी यह कहा जा सकता है कि सरकारी योजनाएं अपने वास्तविक उद्देश्य तक पहुंची हैं। दुर्भाग्य से आज भी बिहार के अनेक ग्रामीण इलाकों में योजनाओं और जरूरतमंद लोगों के बीच एक बड़ी दूरी बनी हुई है। सरकार हर वर्ष ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, रोजगार, आवास, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए अनेक योजनाएं लागू करती है। कागजों पर ये योजनाएं गांव के हर व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने का वादा करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर अक्सर ऐसा नहीं हो पाता। कई परिवार ऐसे हैं जिन्हें ये तक मालूम नहीं होता कि वे किन योजनाओं के पात्र हैं। कई लोग जानकारी के अभाव में आवेदन नहीं कर पाते, तो कई लोग दस्तावेजों की कमी, तकनीकी परेशानियों या प्रशासनिक लापरवाही के कारण लाभ से वंचित रह जाते हैं। सबसे अधिक नुकसान उन लोगों को होता है जिनकी आवाज पहले से ही कमजोर है, जैसे गरीब महिलाएं, किशोरियां, विधवाएं, दिव्यांग व्यक्ति, भूमिहीन मजदूर और समाज के हाशिए पर रहने वाले परिवार। यदि गांव में सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ सही समय पर और सही व्यक्ति तक पहुंचने लगे, तो गांव की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। इसका सबसे बड़ा असर महिलाओं और किशोरियों के जीवन में दिखाई देगा। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश महिलाएं परिवार की जिम्मेदारियों का सबसे बड़ा हिस्सा निभाती हैं, लेकिन निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सीमित रहती है। वे पानी लाने से लेकर खाना बनाने, बच्चों की देखभाल, पशुपालन और खेतों में काम तक हर जिम्मेदारी निभाती हैं, फिर भी उन्हें अपने अधिकारों और सरकारी सुविधाओं की पूरी जानकारी नहीं मिल पाती। यदि उन्हें योजनाओं की जानकारी, उन तक पहुंच और उनका लाभ मिलने लगे, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने परिवार तथा समुदाय में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी। किशोरियों के जीवन में भी इसका गहरा प्रभाव पड़ सकता है। यदि शिक्षा, छात्रवृत्ति, साइकिल, पोषण, स्वास्थ्य, डिजिटल शिक्षा और कौशल विकास जैसी योजनाएं पूरी ईमानदारी से लागू हों, तो बहुत-सी लड़कियां बीच में पढ़ाई छोड़ने के बजाय उच्च शिक्षा तक पहुंच सकेंगी। उन्हें कम उम्र में विवाह के दबाव से भी राहत मिलेगी, क्योंकि शिक्षा और आर्थिक अवसर उन्हें अपने भविष्य के बारे में निर्णय लेने का साहस देंगे। ग्रामीण विकास की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि सभी परिवारों की परिस्थितियां एक जैसी नहीं होतीं। एक गरीब महिला की समस्याएं केवल गरीबी तक सीमित नहीं होतीं। यदि वह भूमिहीन भी है, अशिक्षित भी है, बच्चों की देखभाल भी करती है और सामाजिक रूप से वंचित समुदाय से भी आती है, तो उसके सामने कई स्तरों की कठिनाइयां होती हैं। ऐसे परिवारों तक योजनाएं पहुंचाने के लिए केवल समान व्यवस्था पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी वास्तविक परिस्थितियों को समझते हुए विशेष प्रयास करने होंगे। जिन लोगों को सबसे अधिक जरूरत है, उन्हें सबसे पहले और सबसे सरल तरीके से योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। यही किसी भी कल्याणकारी व्यवस्था की सबसे बड़ी कसौटी है। यदि हर पात्र परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुरक्षित घर मिले, हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे, हर महिला को उज्ज्वला योजना का लाभ मिले, हर गर्भवती महिला को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करे और हर जरूरतमंद परिवार को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिले, तो गांव में गरीबी, कुपोषण, बीमारी और असमानता स्वतः कम होने लगेगी। इससे महिलाओं का समय और श्रम भी बचेगा।


# चिंतनीय : एआई की अनियंत्रित छलांग और मानवता के सामने नई चुनौती

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

तकनीक मानव जीवन को सरल, सुरक्षित और अधिक सक्षम बनाने के उद्देश्य से विकसित की जाती है। लेकिन जब यही तकनीक अपने निर्धारित दायरे से बाहर जाकर अप्रत्याशित व्यवहार करने लगे, तब वह सुविधा के साथ-साथ गंभीर चिंता का विषय भी बन जाती है। हाल ही में सामने आई घटना, जिसमें एक उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल ने परीक्षण के दौरान स्वयं को बंद होने से बचाने के लिए कथित रूप से चोरी किए गए लॉगिन-पासवर्ड का उपयोग कर कंपनी के सर्वर तक पहुंच बना ली, पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चेतावनी है यह घटना केवल किसी एक कंपनी की तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती क्षमताओं और उसके नियंत्रण से जुड़े बड़े प्रश्नों को सामने लाती है। आज तक माना जाता रहा कि एआई मानव द्वारा निर्धारित सीमाओं में ही कार्य करेगा, लेकिन यदि वह अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए अप्रत्याशित तरीके अपनाने लगे, तो भविष्य में इसके परिणाम कहीं अधिक गंभीर हो सकते हैं। साइबर विशेषज्ञों के अनुसार, संबंधित एआई मॉडल को केवल साइबर सुरक्षा की क्षमता परखने के लिए विकसित किया गया था। उसका उद्देश्य डिजिटल कमजोरियों की पहचान करना था, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके। किंतु परीक्षण के दौरान उसने स्वयं कार्य पूरा करने के लिए उपलब्ध सूचनाओं का ऐसा उपयोग किया, जिसकी अपेक्षा शोधकताओं ने नहीं की थी। यही कारण है कि इस घटना ने एआई की निर्णय क्षमता, स्वायत्तता और जवाबदेही पर नई बहस छेड़ दी है। हालांकि तकनीकी विशेषज्ञ यह भी स्पष्ट कर रहे हैं कि इस प्रकार की घटनाएं अनुसंधान प्रक्रिया का हिस्सा होती हैं। किसी नई तकनीक को व्यापक उपयोग में लाने से पहले उसकी कमजोरियों और संभावित जोखिमों की पहचान करना आवश्यक होता है। इंटरनेट, क्लाउड कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भी प्रारंभिक दौर में ऐसी अनेक चुनौतियां सामने आई थीं, जिनसे सीख लेकर आज अधिक सुरक्षित प्रणालियां विकसित की जा सकी हैं। फिर भी यह तर्क चिंता को पूरी तरह समाप्त नहीं करता। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब केवल एक सॉफ्टवेयर नहीं रह गई है, बल्कि वह चिकित्सा, शिक्षा, रक्षा, बैंकिंग, प्रशासन, उद्योग और संचार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में तेजी से प्रवेश कर रही है। ऐसे में यदि किसी एआई प्रणाली में अनपेक्षित निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो जाए, तो उसके प्रभाव केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा तक पहुंच सकते हैं। इसीलिए दुनिया भर के वैज्ञानिक लगातार यह मांग कर रहे हैं कि एआई के विकास के साथ-साथ उसके लिए कठोर नैतिक मानक, कानूनी ढांचा और अंतरराष्ट्रीय निगरानी तंत्र भी विकसित किया जाए। केवल तकनीकी प्रगति पर्याप्त नहीं है; उसके सुरक्षित, पारदर्शी और उत्तरदायी उपयोग की व्यवस्था भी उतनी ही आवश्यक है। एआई को ऐसा बनाया जाना चाहिए कि वह मानव के आदेशों, मूल्यों और सुरक्षा मानकों का हर परिस्थिति में पालन करे। भारत जैसे तेजी से डिजिटल होते देश के लिए भी यह घटना महत्वपूर्ण संदेश देती है। साइबर सुरक्षा को मजबूत करना, संवेदनशील डेटा की रक्षा करना, एआई आधारित प्रणालियों का नियमित ऑडिट करना तथा इस क्षेत्र में विशेषज्ञ मानव संसाधन तैयार करना समय की आवश्यकता बन चुका है। साथ ही आम नागरिकों में भी डिजिटल जागरूकता बढ़ाना जरूरी है, ताकि वे तकनीकी जोखिमों को समझ सकें। निस्संदेह, कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव सभ्यता की सबसे क्रांतिकारी उपलब्धियों में से एक है। यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण और वैज्ञानिक अनुसंधान में अभूतपूर्व परिवर्तन ला सकती है। किंतु यदि इसका विकास केवल गति पर केंद्रित रहेगा और सुरक्षा, नैतिकता तथा जवाबदेही की उपेक्षा होगी, तो यही तकनीक भविष्य में नई समस्याओं को जन्म दे सकती है। तकनीक का उद्देश्य मानव पर शासन करना नहीं, बल्कि मानव जीवन को बेहतर बनाना है।

# पेपर लीक पर गैर-भाजपा सरकारों से जवाबदेही कब ?

**इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि पेपर लीक किसी एक राज्य, किसी एक दल या किसी एक परीक्षा संस्था की समस्या नहीं है। यह पूरे परीक्षा तंत्र की चुनौती है। फिर भी राजनीतिक दल इस मुद्दे को अपने-अपने हितों के अनुसार प्रस्तुत करते हैं। जब राष्ट्रीय स्तर की किसी परीक्षा में गड़बड़ी होती है, तब विपक्ष केंद्र सरकार और संबंधित मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग करता है। यह लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है। सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का दायित्व है। लेकिन यही प्रश्न तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब गैर-भाजपा शासित राज्यों में बार-बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आती हैं। वहां वही राजनीतिक दल, जो केंद्र में नैतिकता और जवाबदेही की बात करते हैं, अक्सर इसे केवल प्रशासनिक चूक बताकर आगे बढ़ जाते हैं। यहीं से दोहरे मानदंडों की बहस शुरू होती है। लोकतंत्र में नैतिकता का अर्थ यह नहीं कि वह केवल विरोधी दल पर लागू हो। यदि किसी सरकार से इस्तीफे की मांग उचित है तो वही कसौटी हर सरकार पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। जवाबदेही दल देखकर तय नहीं हो सकती। यदि भाजपा शासित राज्य में पेपर लीक सरकार की विफलता है तो गैर-भाजपा सरकारों में वही घटना केवल अधिकारियों की गलती कैसे बन जाती है?**







**डॉ. सत्यवान सौरभ**
(लेखक)

भारत में प्रतियोगी परीक्षाएं केवल रोजगार का माध्यम नहीं हैं, बल्कि करोड़ों युवाओं के सपनों, परिवारों की उम्मीदों और सामाजिक न्याय की आधारशिला भी हैं। कोई भी परीक्षा तभी सार्थक मानी जाती है जब उसमें प्रतिभा, मेहनत और निष्पक्षता का सम्मान हो। लेकिन जब प्रश्नपत्र लीक हो जाता है, तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। दुर्भाग्य यह है कि ऐसी घटनाओं पर देश में सबसे पहले समाधान की नहीं, बल्कि राजनीति की शुरूआत होती है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल पड़ता है और छात्रों का भविष्य राजनीतिक बहस का विषय बनकर रह जाता है। पिछले कुछ वर्षों में देश के अनेक राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं। कहीं शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रभावित हुई, कहीं पुलिस भर्ती, कहीं लोक सेवा आयोग की परीक्षा तो कहीं अन्य प्रतियोगी परीक्षाएं। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि पेपर लीक किसी एक राज्य, किसी एक दल या किसी एक परीक्षा संस्था की समस्या नहीं है। यह पूरे परीक्षा तंत्र की चुनौती है। फिर भी राजनीतिक दल इस मुद्दे को अपने-अपने हितों के अनुसार प्रस्तुत करते हैं। जब राष्ट्रीय स्तर की किसी परीक्षा में गड़बड़ी होती है, तब विपक्ष केंद्र सरकार और संबंधित मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग करता है। यह लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है। सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का दायित्व है। लेकिन यही प्रश्न तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब गैर-भाजपा शासित राज्यों में बार-बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आती हैं। वहां वही राजनीतिक दल, जो केंद्र में नैतिकता और जवाबदेही की बात करते हैं, अक्सर इसे केवल प्रशासनिक चूक बताकर आगे बढ़ जाते हैं। यहीं से दोहरे मानदंडों की बहस शुरू होती है। लोकतंत्र में नैतिकता का अर्थ यह नहीं कि वह केवल विरोधी दल पर लागू हो। यदि किसी सरकार से इस्तीफे की मांग उचित है तो वही कसौटी हर सरकार पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। जवाबदेही दल देखकर तय नहीं हो सकती। यदि भाजपा शासित राज्य में पेपर लीक सरकार की विफलता है तो गैर-भाजपा सरकारों में वही घटना केवल अधिकारियों की गलती कैसे बन जाती है? यदि एक जगह मंत्री से इस्तीफे की मांग होती है तो दूसरी जगह वही मांग अनुचित क्यों मानी जाती है? दरअसल, भारतीय राजनीति में नैतिकता का पैमाना अक्सर सत्ता और विपक्ष के साथ बदल जाता है। विपक्ष में रहते हुए हर दल जवाबदेही की सबसे ऊंची बातें करता है, लेकिन सत्ता में आते ही वही दल जांच, प्रक्रिया और प्रशासनिक कारणों का हवाला देने लगता है। यह प्रवृत्ति किसी एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है। लगभग सभी दल समय-समय पर इसी राजनीतिक सुविधा के शिकार हुए हैं। इसलिए समस्या किसी दल विशेष की नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति की है। हालांकि यह भी उतना ही सच है कि विपक्ष का दायित्व केवल सवाल उठाना नहीं, बल्कि अपने शासनकाल में बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करना भी है। यदि कोई दल भाजपा सरकारों से इस्तीफे की मांग करता है, तो उसे अपने राज्यों में भी वही नैतिक मानदंड अपनाने चाहिए। लोकतंत्र में विश्वसनीयता तभी बनती है जब सिद्धांत सत्ता बदलने के साथ न बदलें। पेपर लीक का सबसे बड़ा नुकसान उस छात्र को होता है जिसने वर्षों तक कठिन परिश्रम किया होता है। हजारों-लाखों रुपये कोचिंग, पुस्तकों, आवेदन शुल्क और रहने-खाने पर खर्च होते हैं। परिवार अपनी आवश्यकताओं में कटौती कर बच्चों की पढ़ाई पर निवेश करता है। परीक्षा रद्द होने का अर्थ केवल एक नई तारीख नहीं होता, बल्कि मानसिक तनाव, आर्थिक नुकसान और भविष्य को लेकर गहरी अनिश्चितता भी होता है। कई बार उम्र सीमा पार होने का खतरा भी छात्रों के सामने खड़ा हो जाता है। ऐसे में राजनीतिक दलों के बयान छात्रों के घावों पर मरहम नहीं लगा सकते। पेपर लीक की घटनाएं यह भी बताती हैं कि केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं है। यदि प्रश्नपत्र सुरक्षित रखने, मुद्रण, परिवहन, डिजिटल सुरक्षा और परीक्षा केंद्रों की निगरानी में कमियां बनी रहेंगी तो अपराधी नए रास्ते खोज लेंगे। इसलिए आवश्यकता मजबूत तकनीकी व्यवस्था, पारदर्शी प्रक्रियाओं और समयबद्ध जांच की है। दोषियों को शीघ्र और कठोर दंड मिलना चाहिए ताकि भविष्य में कोई ऐसा अपराध करने का साहस न कर सके। इसके साथ ही शीर्ष स्तर की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। इसका अर्थ यह नहीं कि हर घटना पर तुरंत इस्तीफा ही एकमात्र समाधान है। लेकिन यदि किसी विभाग में लगातार पेपर लीक हो रहे हों, यदि सुरक्षा व्यवस्था बार-बार विफल हो रही हो और यदि निगरानी में गंभीर लापरवाही सामने आए, तो मंत्री और शीर्ष अधिकारियों की नैतिक जिम्मेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता। उच्च पद केवल अधिकार नहीं देता, बल्कि उससे कहीं अधिक उत्तरदायित्व भी देता है। गैर-भाजपा सरकारों के संदर्भ में यह प्रश्न इसलिए उठता है क्योंकि राजनीतिक विमर्श में अक्सर भाजपा शासित राज्यों की घटनाओं को प्रमुखता से उठाया जाता है, जबकि अन्य राज्यों में हुई समान घटनाओं पर अपेक्षाकृत कम चर्चा होती है। यदि लोकतंत्र में समानता का सिद्धांत स्वीकार है तो चर्चा भी समान होनी चाहिए और जवाबदेही भी। जनता यह नहीं देखती कि सरकार किस दल की है; वह यह देखती है कि उसके बच्चों का भविष्य सुरक्षित है या नहीं।

# धार्मिक अनुष्ठानों से आगे आत्मिक साधना का पर्व है - गुरु पूर्णिमा

**इस दिन शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। अपने जीवन की दिशा का पुनर्मूल्यांकन करता है और आत्मविकास का संकल्प लेता है। यही कारण है कि गुरु पूर्णिमा को आध्यात्मिक नववर्ष की तरह भी देखा जाता है। भारत की आत्मा उसकी गुरु-शिष्य परंपरा में बसती है। आश्रम व्यवस्था, गुरुकुल शिक्षा और वनवास में ज्ञान साधना, यह परंपरा बताती है कि शिक्षा केवल नौकरी के लिए नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला है। शास्त्रों में कहा गया है कि गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः गुरुः साक्षात परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः अर्थात गुरु सृजन है, गुरु पालन है, गुरु संहार है, गुरु ही ब्रह्म है। संस्कृत में कहा गया है कि गु का अर्थ अंधकार और ह्लरुह्व का अर्थ है उसे नष्ट करने वाला। यानि जो अज्ञान के अंधकार को नष्ट करे, वही गुरु है। गुरु केवल शिक्षक नहीं होते हैं। गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं होते हैं। गुरु वह होता है जो शिष्य के भीतर झाँक सके। उसकी कमजोरियों को पहचान सके और उसे स्वयं से श्रेष्ठ बना सके। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। महर्षि वेदव्यास को भारतीय संस्कृति का आदिगुरु माना जाता है। वेदों का संकलन, महाभारत की रचना और 18 पुराणों की संरचना, इन सबके माध्यम से उन्होंने न केवल ज्ञान को संरक्षित किया है, बल्कि उसे जनमानस तक पहुँचाया है।**





**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
(लेखक)

भारतीय सनातन परंपरा में यदि किसी एक संबंध को सबसे अधिक पवित्र, निःस्वार्थ और दिव्य माना गया है, वह है ह्लगुरु और शिष्य का संबंधह्व। माता-पिता जन्म देते हैं, समाज पहचान देता है, लेकिन गुरु जीवन की दिशा देते हैं। जिस क्षण मनुष्य को अपने अज्ञान का बोध होता है, उसी क्षण गुरु की आवश्यकता जन्म लेती है। गुरु पूर्णिमा केवल एक तिथि नहीं है, यह आत्मबोध का पर्व है। यह वह दिन है जब शिष्य अपने जीवन में प्रकाश लाने वाले उस दीप को नमन करता है, जिसने उसे भ्रम, अहंकार और अज्ञान के अंधकार से बाहर निकाला है। गुरु पूर्णिमा को अक्सर केवल पूजा, चरण-स्पर्श और पुष्पांजलि तक सीमित कर दिया जाता है, जबकि इसका वास्तविक स्वरूप आंतरिक साधना और आत्मिक अनुशासन से जुड़ा है। यह पर्व बाहरी आडंबर से हटाकर भीतर झाँकने की प्रेरणा देता है। इस दिन शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। अपने जीवन की दिशा का पुनर्मूल्यांकन करता है और आत्मविकास का संकल्प लेता है। यही कारण है कि गुरु पूर्णिमा को आध्यात्मिक नववर्ष की तरह भी देखा जाता है। भारत की आत्मा उसकी गुरु-शिष्य परंपरा में बसती है। आश्रम व्यवस्था, गुरुकुल शिक्षा और वनवास में ज्ञान साधना, यह परंपरा बताती है कि शिक्षा केवल नौकरी के लिए नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला है। शास्त्रों में कहा गया है कि गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः गुरुः साक्षात परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः अर्थात गुरु सृजन है, गुरु पालन है, गुरु संहार है, गुरु ही ब्रह्म है। संस्कृत में कहा गया है कि गु का अर्थ अंधकार और ह्लरुह्व का अर्थ है उसे नष्ट करने वाला। यानि जो अज्ञान के अंधकार को नष्ट करे, वही गुरु है। गुरु केवल शिक्षक नहीं होते हैं। गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं होते हैं। गुरु वह होता है जो शिष्य के भीतर झाँक सके। उसकी कमजोरियों को पहचान सके और उसे स्वयं से श्रेष्ठ बना सके। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। महर्षि वेदव्यास को भारतीय संस्कृति का आदिगुरु माना जाता है। वेदों का संकलन, महाभारत की रचना और 18 पुराणों की संरचना, इन सबके माध्यम से उन्होंने न केवल ज्ञान को संरक्षित किया है, बल्कि उसे जनमानस तक पहुँचाया है। वेदव्यास ने यह सिद्ध किया है कि ज्ञान तभी जीवित रहता है, जब वह गुरु-शिष्य परंपरा से प्रवाहित हो। योग परंपरा में भगवान शिव को आदियोगी और आदिगुरु कहा गया है। कहा जाता है कि उन्होंने सप्तऋषियों को योग का ज्ञान प्रदान किया था। इसलिए गुरु पूर्णिमा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक क्रांति का प्रतीक है। पूर्णिमा का चंद्रमा पूर्णता का प्रतीक है। इस दिन मन और बुद्धि संतुलित माने जाते हैं। इसीलिए ध्यान, आत्मचिंतन, गुरु स्मरण सबसे प्रभावशाली माने जाते हैं। गुरु-शिष्य संबंध अनुबंध नहीं होता है बल्कि समर्पण होता है। यहाँ तर्क से अधिक श्रद्धा काम करती है। शिष्य जब अहंकार त्याग देता है, तभी गुरु ज्ञान का बीज बोते हैं। आज गुरु केवल स्कूल का शिक्षक नहीं, कॉलेज का प्रोफेसर नहीं है बल्कि माता-पिता, जीवन अनुभव, सही मार्ग दिखाने वाला कोई भी व्यक्ति गुरु है। गुरु पूर्णिमा केवल पूजा का दिन नहीं है और न ही दिखावे का, बल्कि आत्ममंथन, कृतज्ञता और विनम्रता का दिन है। गुरु पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि जीवन में सबसे बड़ा सौभाग्य सही गुरु का मिलना है। जहाँ गुरु है, वहाँ भय नहीं होता है। जहाँ गुरु है, वहाँ अज्ञान नहीं होता है। भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है, वह एक चेतन सभ्यता है। इस सभ्यता की सबसे मजबूत नींव यदि किसी एक परंपरा पर टिकी है, तो वह है ह्लगुरु-शिष्य परंपराह्व। युग बदले, शासन बदले, समाज बदला, लेकिन गुरु और शिष्य का यह संबंध समय की कसौटी पर खरा उतरा है। यह परंपरा केवल ज्ञान का हस्तांतरण नहीं करती है, बल्कि संस्कार, चरित्र और दृष्टि का निर्माण करती है। प्राचीन भारत की शिक्षा प्रणाली आज भी विश्व के लिए आदर्श है। गुरुकुल केवल पढ़ाई का स्थान नहीं था, वह जीवन का प्रयोगशाला था। गुरुकुल शिक्षा प्रकृति के सान्निध्य में, गुरु के साथ निवास, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास, सेवा, संयम और साधना, सभी बातें शिष्य गुरु की सेवा करते हुए सीखता था। विनम्रता, धैर्य और अनुशासन इसी का देन था इसलिए शिक्षा जीवन शैली बन जाती थी। महाभारत का एकलव्य गुरु-शिष्य परंपरा का सबसे करुण और प्रेरणादायक उदाहरण है। एकलव्य को द्रोणाचार्य ने औपचारिक रूप से शिष्य नहीं बनाया, फिर भी उसने द्रोणाचार्य की मूर्ति स्थापित की, उन्हें ही अपना गुरु माना और अद्भुत धनुर्विद्या में निपुण हो गया। जब गुरु दक्षिणा में अंगूठा माँगा गया, तो एकलव्य ने बिना प्रश्न किए समर्पण कर दिया। यह कथा बताती है कि गुरु के प्रति श्रद्धा, औपचारिक स्वीकृति से कहीं बड़ी होती है। अर्जुन को महान धनुर्धर बनाने में द्रोणाचार्य की भूमिका निर्णायक रही है। अर्जुन एकाग्रता का प्रतीक, अनुशासन का उदाहरण और गुरु आज्ञा का पालन करने वाला शिष्य रहा था। ह्लमछली की आँखह्व वाली कथा केवल लक्ष्य साधना नहीं था, बल्कि गुरु पर पूर्ण विश्वास की परीक्षा थी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन स्वयं गुरु-शिष्य आदर्श का उदाहरण है। गुरु वशिष्ठ से संस्कार, गुरु विश्वामित्र से शस्त्र और धर्म, और वनवास में जीवन गुरु से आत्मबोध मिला था। श्री राम का चरित्र बताता है कि गुरु केवल ज्ञान नहीं बल्कि मयार्दा और संतुलन भी सिखाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने भी संदीपनि ऋषि के आश्रम में शिक्षा ग्रहण की। यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है ह्लजो स्वयं भगवान है, वह भी गुरु के बिना अधूरा है ह्व गुरु के सामने सब समान हैं राजा, सामान्य और ईश्वर भी। चाणक्य केवल गुरु ही नहीं, राष्ट्र शिल्पी भी थे। उन्होंने एक साधारण बालक चंद्रगुप्त को मौर्य साम्राज्य का संस्थापक बना दिया था। यह सिद्ध करता है कि गुरु व्यक्ति नहीं, इतिहास गढ़ता है। भारत की संत परंपरा में गुरु को ईश्वर से भी ऊपर माना गया है।

# नीट सुसाइड मामले : और नहीं बस और नहीं !

मनोज कुमार अग्रवाल

फिर दुखद समाचार सामने आया है एक और नीट अभ्यर्थी ने असफल रहने पर सुसाइड का रास्ता अख्तियार किया है। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर में 19 साल की मेडिकल छात्रा अंकिता सांगले ने रविवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें अंकिता ने लिखा कि परीक्षा में उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिलने से वह मानसिक तनाव में थी और डॉक्टर बनने का उसका सपना अधूरा रह गया। परिवार के मुताबिक घटना से पहले छात्रा अपने कमरे में पढ़ाई कर रही थी। काफी देर तक कमरे से कोई आवाज नहीं आने पर उसकी मां ने दरवाजा खोला, जहां वह मृत मिली। यह कोई इकलौता मामला नहीं है पिछले ढाई माह में करीब दो दर्जन छात्र छात्राओं ने नीट परीक्षा के मनोकल्पित दबाव और इस से पैदा हुए अवसाद के चलते मौत को गले लगा लिया। जबकि मीडिया रिपोर्ट्स की एक हालिया एनालिसिस (मई 2026) के अनुसार, पिछले 5 वर्षों (2021 से 2026 के बीच) में देश में नीट से जुड़े कम से कम 93 छात्रों की आत्महत्या के मामले दर्ज हुए हैं, जिसमें सबसे बड़ा केंद्र कोटा (कम से कम 40 मामले) रहा है। अपुष्ट आंकड़ों के अनुसार यह तादाद बहुत अधिक हो सकती है। सुसाइड के पीछे के मुख्य कारणविशेषज्ञों और पुलिस प्रशासन के अनुसार छात्रों द्वारा ऐसे कदम उठाने के पीछे ये मुख्य वजहें सामने आई हैं अत्यधिक शैक्षणिक तनाव :कोचिंग सेंटरों में होने वाले वीकली टेस्ट और नीट परीक्षा को पास करने का मानसिक बोझ। परिजनों की उम्मीदें :मध्यवर्गीय या गरीब परिवारों से आने वाले छात्रों पर माता-पिता की उम्मीदों और पढ़ाई पर होने वाले भारी खर्च का दबाव होता है। आपको बता दें छात्र नीट परीक्षा को लेकर भारी प्रतिस्पर्धा, पेपर लीक व परीक्षा रद्द होने की अनिश्चितता, और कम सीटें होने के कारण अत्यधिक मानसिक तनाव में आ जाते हैं। इस का एक बड़ा कारण अत्यधिक प्रतिस्पर्धा कम सीट और परीक्षा की तैयारी से पैदा दबाव है। लाखों छात्रों के बीच सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सीमित सीटें होना। परिवार और खुद की उम्मीदों पर खरा उतरने का भारी मानसिक दबाव। लंबे समय तक पढ़ाई के कारण नींद पूरी न होना और सेहत बिगड़ना। इन सबके पार्श्व में माता पिता परिवार की महत्वाकांक्षा और बच्चे को डाक्टर बनाने का ही एक मात्र जीवन लक्ष्य थोपना सबसे घातक और बच्चे की मनस्थिति को प्रभावित करता है। परीक्षा का बार-बार रद्द होना और दोबारा परीक्षा होना छात्रों की मानसिक शांति को तोड़ देता है। एनटीए के परिणामों में गड़बड़ी के आरोप और अंकों में भारी अंतर आने की खबरें छात्रों को तोड़ रहीं हैं। नीट एग्जाम में हुई गड़बड़ियों को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था। 25 जुलाई को धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद प्रदर्शन खत्म हो गया था। प्रदर्शन खत्म होने के बाद भी सुसाइड का यह प मामला सामने आया है। नीट मुद्दे पर अब तक 23 स्टूडेंट आत्महत्या कर चुके हैं। अंकिता ने सुसाइड नोट में लिखा कि री-एग्जाम में उसे 166 मार्क्स मिले, जबकि कटऑफ 177 था। मेरे इस कदम के लिए उसके माता-पिता और भाई को जिम्मेदार न ठहराया जाए। अंकिता ने भाई को लिखा कि मम्मी-पापा को संभालना। उन्होंने काफी त्याग किया, लेकिन मैं सपना पूरा नहीं कर सकी। गुजरात के सूरत में 18 जून को 17 साल के कहान पटेल ने अपनी जान ले ली थी। इनके परिवार का कहना है कि वे नीट परीक्षा से जुड़े तनाव और पेपर लीक से परेशान थे। कहान पटेल के पिता प्रशांत पटेल ने बताया कि 12 मई को कोचिंग क्लास के दौरान बेटे को नीट पेपर लीक की खबर मिली। इसके बाद वह तुरंत सूरत से अहमदाबाद पहुंचा। प्रशांत पटेल के मुताबिक, पेपर लीक की खबर के बाद उनका बेटा मानसिक तनाव में रहने लगा था। उसके व्यवहार में भी बदलाव आने लगा था, जिसके बाद यह दुखद घटना हुई। पिछले करीब ढाई माह में दो दर्जन नीट अभ्यर्थियों ने आत्महत्या कर ली है। इन में से हरियाणा-1दिल्ली-2 राजस्थान-2 उत्तराखंड-1 उत्तर प्रदेश- 4 गुजरात- 1- महाराष्ट्र- 3-मध्य प्रदेश-3 गोवा-1 तेलंगाना -1 तमिलनाडु-4 ने जान दी है। आपको बता दें कि 14 मई-गोवा 17 साल के नीट स्टूडेंट ने आत्महत्या की। यह परीक्षा रद्द होने के बाद सुसाइड का पहला केस था। 14 मई को ही उत्तर प्रदेश नयीमपुर खीरी में 21 साल के नीट छात्र ऋतिक मिश्रा ने अपने घर पर आत्महत्या कर ली। 14 मई- दिल्ली 20 साल की छाजा ने नीट परीक्षा अचानक रद्द होने से तनाव में आकर आत्महत्या कर ली।

## संक्षिप्त खबरें

### दारौंदा में 32 लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजे गए

सीवान/दरौंदा । थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 32 लीटर देसी शराब बरामदगी मामले में दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।गिरफ्तार आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के हरदियारा गांव निवासी हीरा महतो के पुत्र उपेंद्र महतो तथा रगड़गंज गांव निवासी विकास महतो के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से कुल 32 लीटर देसी शराब बरामद की।

इस मामले में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत दरौंदा थाना कांड संख्या 313/26 दर्ज किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शराब तस्करी एवं अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### छपरा जंक्शन पर भटके 10 वर्षीय बालक को आरपीएफ ने परिजनों से मिलाया

छपरा रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) छपरा की सतर्कता से 10 वर्षीय नाबालिग बालक को सकुशल उसके परिजनों से मिला दिया गया। यह कार्रवाई बचपन बचाओ अभियान के तहत की गई।

आरपीएफ के अनुसार, 27 जुलाई को छपरा जंक्शन पर गश्त के दौरान उप निरीक्षक विशाल पाली और सीआईबी आरपीएफ के आरक्षी दिलीप कुमार ने यात्री प्रतीक्षालय में एक बालक को अकेला और सहमा हुआ पाया। पूछताछ में उसने अपना नाम निखिल कुमार पटेल (10), निवासी वैशाली, बताया। बालक ने बताया कि वह भूलवश ट्रेन में चढ़ गया था और नींद खुलने पर खुद को छपरा जंक्शन पर पाया।आरपीएफ ने बालक द्वारा बताए गए मोबाइल नंबर पर उसके परिजनों से संपर्क किया। सत्यापन के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन की उपस्थिति में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बालक को उसकी माता किरण कुमारी के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई से परिजनों ने आरपीएफ का आभार जताया।

### तेरहवीं पुण्यतिथि पर याद किये गये रसूलपुर के शिक्षाविद् कथावाचक बच्चा बाबा

रसूलपुर। स्थानीय चट्टी निवासी शिक्षाविद कथावाचक पं. सूर्य नारायण मिश्र उर्फ बच्चा बाबा को उनकी 13 वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धा पूर्वक याद किया गया।उनके तैल चित्र पर फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना की गई।उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते समाजसेवी श्री नारायण मिश्र ने कहा कि बच्चा मिश्र ने रसूलपुर सहित पुरे क्षेत्र के लिए रामायण व नारदी गायन का सांस्कृतिक आंदोलन चलाया था।उमा- महेश्वर पूजन व बैजनाथ कुटीर की स्थापना कर हर वर्ष दूर दूर और चोटी के कलाकारों को आमंत्रित कर मिशाल कायम किया।पेशे से शिक्षक और प्रधानाध्यापक रह चुके बच्चा मिश्र के उत्तराधिकारी पुत्र और पौत्रों ने उनके द्वारा स्थापित संस्कृति और संस्कार को बरकरार रखा जो नयी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। पुत्र अरूण मिश्र ने कहा कि उनके इस धार्मिक और सामाजिक कार्य में पुरे गांव के साथ आसपास के क्षेत्र से भी सहयोग मिलता था और यह सहयोग अभी भी मिल रहा जो गर्व की बात है।धन्यवाद ज्ञापन आदित्य कुमार मिश्र ने किया।मौके पर राजकुमार मिश्र,,अक्षय कुमार,पिंटू मिश्रा,गोविंद जी, उज्वल कुमार, अतुल कुमार आदि थे।

### एफएलएन प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

दरियापुर।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के संकुल संसाधन केंद्र विश्वंभरपुर में एफएलएन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन सीआरसी संचालक सुशील कुमार तथा समन्वयक सह प्रधानाध्यापक पवन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।शिविर में संकुल संसाधन केंद्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक प्राथमिक विद्यालयों से दो तथा मध्य विद्यालयों से चार शिक्षक शामिल हुए।जिन्हें प्रशिक्षक राघवेंद्र कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।संचालक ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण से हमें बच्चों के बुनियाद को मजबूत करने के लिए नई नई शिक्षण विधियों को विद्यालय में शिक्षण के दौरान इस्तेमाल करनी होगी।जिससे खेल खेल में बच्चे भाषा तथा गणित को सीखने तथा समझने में सफल रहेंगे।वही समन्वयक पवन कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण से हमें गतिविधि आधारित शिक्षण, टीएलएम तथा खेल खेल के माध्यम से भाषा तथा गणित के कौशल विकाश में काफी मदद मिलेगी।

# डीएम ने श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों का लिया जायजा 29 जुलाई तक सभी व्यवस्थाएं पूरी करने का अल्टीमेटम

■ पहलेजा घाट से हरिहरनाथ मंदिर तक सघन निरीक्षण, कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाएं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा । श्रावणी मेला-2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर सारण के किला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने सोमवार को सोनपुर स्थित ऐतिहासिक पहलेजा घाट से बाबा हरिहरनाथ मंदिर तक संपूर्ण कांवड़िया मार्ग एवं मेला क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी विभागों को 29 जुलाई तक शेष तैयारियां हर हाल में पूरी करने का निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पहलेजा घाट पर पूरे सावन माह के लिए चौबीसों घंटे साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, चेंजिंग रूम और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। महिला श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित स्थानों पर पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया गया। पीएचईडी को घाट परिसर में 100 अस्थायी शौचालय तथा मार्ग में 50 अतिरिक्त शौचालय स्थापित कर उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने घाटों की सुरक्षित ढलान, मजबूत बैरिकेडिंग, संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, वॉच टॉवर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और प्रभावी निगरानी व्यवस्था स्थापित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जलस्तर में संभावित बदलाव और आपात स्थिति से निपटने के लिए पहलेजा घाट पर एसडीआरएफ टीम की पूर्ण तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा।श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए आने और जाने वाले कांवड़ियों हेतु अलग-अलग मार्ग विकसित करने, कांवड़िया पथ के गड्ढों की तत्काल मरम्मत, पूरे मार्ग पर निर्बाध प्रकाश व्यवस्था, पर्याप्त पार्किंग, साइनेज, ड्रॉप गेट और आधुनिक कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए। पर्यटन विभाग को श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए समय रहते विशाल हैंगर (टेंट) तैयार कराने को भी कहा गया।स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत मेला क्षेत्र में आठ मेडिकल कैंप स्थापित किए जाएंगे, जिनमें पहलेजा घाट पर चार मेडिकल कैंप चौबीसों घंटे संचालित रहेंगे। वहीं निरंतर यात्रा करने वाले ह्यडाक बमह्न श्रद्धालुओं के लिए अलग विशेष काउंटर की व्यवस्था भी की जाएगी।

जिलाधिकारी ने मेला परिसर एवं आसपास के झाड़-झंखाड़ को तत्काल हटाने, पर्याप्त पुलिस बल और मैनपावर की तैनाती तथा वैशाली जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर श्रद्धालुओं की निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि श्रावणी मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा और सेवा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# सुरक्षा व मुआवजा नीति की मांग पर बीडीओ ने काली पट्टी बांधकर किया सांकेतिक विरोध

प्रातः किरण संवाददाता




सीवान/दरौंदा सुरक्षा एवं मुआवजा नीति लागू करने की मांग को लेकर बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ के आह्वान पर दरौंदा की प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) शिम्पी कुमारी ने मंगलवार को काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। हालांकि विरोध प्रदर्शन के बावजूद उन्होंने अपने सभी शासकीय दायित्वों का नियमित रूप से निर्वहन किया और आमजन के कार्यों को प्रभावित नहीं होने दिया।

बीडीओ शिम्पी कुमारी ने कार्यालय में आने वाले लोगों की समस्याएं सुनीं तथा नियमित प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन किया। उन्होंने बताया कि यह विरोध पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सांकेतिक है, जिसका उद्देश्य सरकार का ध्यान बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ की मांगों की ओर आकर्षित करना है।

उन्होंने कहा कि संघ की प्रमुख मांगों में सेवा के दौरान अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी अप्रिय घटना की स्थिति में उचित मुआवजा नीति लागू करना शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी अधिकारी काली पट्टी बांधकर नियमित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

इस दौरान प्रखंड मुख्यालय के अन्य कर्मियों एवं संघ के सदस्यों ने भी आंदोलन का समर्थन करते हुए सरकार से सुरक्षा एवं मुआवजा संबंधी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

## आरके ग्लोबल स्कूल, सलखुआ में भारत स्काउट एवं गाइड सारण का पांच दिवसीय प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

अमनौर/छपरा । भारत स्काउट एवं गाइड, सारण के तत्वावधान में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), सारण के पत्र के आलोक में मंगलवार से आर.के. ग्लोबल स्कूल, सलखुआ (अमनौर) में प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवा-भाव, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, टीम भावना तथा राष्ट्रभक्ति जैसे जीवनोपयोगी गुणों का विकास करना है।शिविर का विधिवत उद्घाटन जिला आयुक्त (स्काउट) अरुण पराशर,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमनौर विमला कुमारी, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज, विद्यालय की निदेशक संगीता सिंह एवं प्रबंधक रजनीश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड केवल एक संगठन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की सशक्त पाठशाला है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, समयपालन, नेतृत्व, सेवा, सहयोग, आत्मविश्वास, साहस और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ ऐसे व्यावहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता और भी बढ़ गई है, जिससे विद्यार्थी एक जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बन सकें।शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को स्काउट प्रतिज्ञा एवं नियम, ध्वज शिष्टाचार, स्काउट संकेत एवं सलामी, गांठें एवं बंधन,प्राथमिक उपचार,आपदा प्रबंधन,तंबू निर्माण एवं शिविर कौशल,टोली पद्धति,खेल एवं सामूहिक गतिविधियां,स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण,सामुदायिक सेवा,राष्ट्रभक्ति एवं व्यक्तित्व विकास जैसे विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, लक्ष्य पर फोकस करें छात्र : डीएम

● डीएम ने छात्रों से किया खुला संवाद: बेहतर करियर के दिए टिप्स, सफलता के प्रति छात्र रहे सजग

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा। युवाओं को सही दिशा, बेहतर मार्गदर्शन और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मंगलवार को भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में शिक्षा विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव सहित जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद कर उनके शैक्षणिक, करियर और मानसिक चुनौतियों से जुड़े सवालों का जवाब दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत क्विज प्रतियोगिता से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद अधिकारियों ने बदलते दौर की चुनौतियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, साइबर सुरक्षा तथा सामाजिक जिम्मेदारियों पर विस्तार से अपने विचार रखे।

डीएसपी साइबर ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध के बढ़ते मामलों से आगाह करते हुए बताया कि फर्जी कॉल, लिंक और आकर्षक ऑफर के माध्यम से साइबर अपराधी लोगों को निशाना बनाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से केवल आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर भरोसा करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की।

कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा जिलाधिकारी और विद्यार्थियों के बीच हुआ खुला संवाद रहा। इस दौरान छात्रों ने पढ़ाई में एकाग्रता, करियर चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और भविष्य को लेकर अपनी जिज्ञासाएं खुलकर साझा कीं।

विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण और निरंतर अभ्यास आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे सोशल मीडिया के अनावश्यक उपयोग से दूरी बनाएं, आधिकारिक एवं विश्वसनीय स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें तथा पढ़ाई को छोटे-छोटे समय खंडों में विभाजित कर पूरी एकाग्रता के साथ अध्ययन करें।

सिविल सेवा की तैयारी से जुड़े एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा के दौरान सबसे पहले वर्तमान पढ़ाई को मजबूत बनाना जरूरी है। अच्छे संस्थान में प्रवेश और मजबूत शैक्षणिक आधार के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अधिक प्रभावी ढंग से की जा सकती है।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को अच्छी पुस्तकों के अध्ययन, विषयों को समझकर पढ़ने, नियमित रिवीजन और शॉर्ट नोट्स तैयार करने की आदत विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बेहतर समझ और निरंतर अभ्यास से ही व्यक्तित्व और संप्रेषण क्षमता का विकास होता है।

उन्होंने युवाओं से अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने, नई चुनौतियों को स्वीकार करने और समय का सदुपयोग करने का आह्वान किया। साथ ही हाल के घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार की हिंसा या उपद्रव से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत अभिभावकों या प्रशासन को देना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

अपने प्रेरक संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन में केवल बड़ा पद हासिल करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अधिकारियों से प्राप्त मार्गदर्शन को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि यह संवाद उनके करियर और जीवन दोनों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

# सारण जिला क्षत्रिय महासभा परिसर में आयोजित क्षत्रिय समाज की आपात बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण जिला क्षत्रिय महासभा परिसर (क्षत्रिय छात्रावास), छपरा में क्षत्रिय समाज की एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के अध्यक्ष श्री कमेश्वर सिंह पर हुए जानलेवा हमले की घटना की सर्वसम्मति से घोर निंदा की गई। उपस्थित सदस्यों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 28 जुलाई को जिला पदाधिकारी (डीएम) एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की जाएगी कि इस हमले में शामिल सभी अपराधियों एवं उपद्रवियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करते हुए उनके विरुद्ध कठोर एवं निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई की जाए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस घटना में घायल हुए सभी निर्दोष व्यक्तियों के प्रति क्षत्रिय समाज अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है। साथ ही, अपने कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान घायल हुए सभी पुलिस पदाधिकारियों, पुलिसकर्मियों, महिला पुलिसकर्मियों तथा प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति भी समाज ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की। बैठक में उनके साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण की भी सराहना की गई।

बैठक में प्रशासन से आग्रह किया गया कि समाज में अशांति फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त एवं निष्पक्ष कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो तथा समाज में शांति, कानून-व्यवस्था और आपसी सौहार्द का वातावरण बना रहे।

# छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और बंद युवाओं की रिहाई की मांग को ले कांग्रेस ने सरकार को घेरा

■ समझौते का पालन करे सरकार, सारण में दर्ज सभी एफआईआर रद्द हों: डॉ. शंकर चौधरी

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मंगलवार को सारण जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस भवन, में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ. शंकर चौधरी ने छात्र-युवाओं से जुड़े मामलों को लेकर सरकार से आंदोलन के दौरान दर्ज सभी मुकदमे वापस लेने तथा गिरफ्तार छात्रों और युवाओं को शीघ्र रिहा करने की मांग की।मीडिया को संबोधित करते हुए डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और परीक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्र-युवा शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सारण में आंदोलन के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया, लेकिन इसके बावजूद शहर में हुई पत्थरबाजी, तोड़फोड़, आगजनी तथा पुलिसकर्मियों, अधिकारियों और छात्रों के घायल होने की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई। यदि सरकार समय रहते छात्रों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेती, तो न छात्रों को आंदोलन करना पड़ता और न ही प्रशासन एवं आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता।कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि छात्र आंदोलन समाप्त कराने के दौरान सरकार की ओर से आंदोलनकारियों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और गिरफ्तार लोगों को रिहा करने पर सहमति बनी थी। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद सारण सहित कई जिलों में अब तक इस पर अमल नहीं किया गया है, जिससे सरकार की कथनी और करनी में अंतर स्पष्ट होता है।डॉ. चौधरी ने कहा कि बिहार गृह विभाग के विशेष सचिव द्वारा जारी हालिया पत्र के आलोक में सारण जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि आंदोलन के दौरान दर्ज सभी एफआईआर वापस ली जाएं तथा थानों और जेलों में बंद सभी छात्र-युवाओं को बिना विलंब रिहा किया जाए।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लेती है, तो कांग्रेस पार्टी छात्र-युवाओं के हित में आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

प्रेस वार्ता में केदारनाथ सिंह, अब्दुल कादिर खान, ललन कुमार सिंह (अधिवक्ता), मालिक प्रसाद यादव, कुमार विशाल सिंह, राहुल कुमार यादव, फैसल अनवर आदि थे

## बनियापुर में बीडीसी की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा,विकास के मुद्दे रहे हावी

बनियापुर। प्रखंड के श्री कृष्ण मेमोरियल सभा कक्ष में प्रखंड प्रमुख मंजूषा ओझा की अध्यक्षता में पंचायत समिति की सामान्य बैठक सम्पन्न हुई,जिसके प्रारंभ में बीडीओ रमेंद्र कुमार द्वारा पूर्व की बैठक समीक्षा के बाद सदन को आज की इस बैठक के बिंदुओं पर अपनी बात रखी।जहां बारी बारी सरकार प्रायोजित जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा सदन में की गई।बैठक में शामिल सभी विभाग के कर्मी ,पदाधिकारियों से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई,जहां आम जन मानस से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा हुई,वही सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना पी एच ई डी की नल जल योजना पर प्रतिनिधि प्रभुनाथ माझी द्वारा जमकर आवाज उठाया,जहां पदाधिकारी सिन्टू कुमार जमकर बरसे निंदा की गई,वही काराह पंचायत के मुखिया अरुण दास द्वारा वर्षो से वंचित वार्ड संख्या दो,तीन दलित बस्ती में विद्यालय नहीं होने से वंचितों को शिक्षा से महरूम होने की आवाज उठाई गई,मौके पर मुखिया अनिल शर्मा ,कौशल किशोर सिंह उपेंद्र यादव बीडीसी शैलेश सिंह मणिभूषण द्विवेदी, नीतीश कुमार सहित कई प्रतिनिधियों ने अपनी बाते रखी,जहां मौके पर उप प्रमुख दिवाकर तिवारी अशोक गुप्ता जुलेखा प्रवीण स्थानीय मुखिया मेराज शाह सहित सभी बीडसी ,कई मुखिया आदि थे।

## नागरिक अवज्ञा आन्दोलन:10 अगस्त को किसान मजदूरों का जेल भरो आंदोलन

प्रातः किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय।सी पी आई (एम) की दो दिवसीय बैठक ( 27-28 जुलाई) मंगलवार को राज्य सचिव ललन चौधरी के समापन भाषण के साथ समाप्त हो गया।बैठक की अध्यक्षता राज्य सचिवमंड सदस्य अहमद अली ने किया।

ललन चौधरी ने शिक्षा व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए कहा कि शिक्षा का भगवाकरण और बाजारीकरण द्वारा युवा पीढी.को पूरी तरह बरबाद किया जा रहा है।बिहार का शिक्षा मंत्री झार फूंक कराते हूए देखे गये हैं।ऐसे शिक्षा मंत्री से बिहार का शैक्षणिक वातावरण में कितना सुधार होगा , सोंचा जा सकता है।सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल है।मुख्यमंत्री पुलिस का मन इतना बढा.है कि वो आंदोलनकारियों पर अङ47 चला रहे हैं।बुलडोजर से गरीबों के घर उजाड़ना और आन्दोलन का दमन करने को ही ये सुशासन मान बैठे है।राज्य सचिव ने 10 अगस्त को हजारों की सख्या में जेल भरो अभियान मे भाग लेने का आह्वान किया।

जिला सचिव बटेश्वर महतो ने बिगत दो महीने के राजनैतिक - संगठनिक गतिविधियों पर विस्तारपूर्वक समीक्षात्मक रिपोर्ट पेश करते हुए।पूरे देश में चल रहे छात्रों के आन्दोलन की सफलता पर अन्दोलनकारियों को बधाई दी, पार्टी ने भी समर्थन किया था।आज भी सैकड़ों की संख्या में आंदोलनकारियों पर मुकदमा लादा गया है।इसे तुरत वापस लेने तथा 1000 कार्यकताओं को जेल भरो आन्दोलन में हिस्सा लेने का प्रस्ताव रखा जो सर्वसम्मत पारित किया गया। बैठक को मुख्य रुप से राज्य सचिवमांडल सदस्य अजय कुमार (विधायक ),सत्येंद्र यादव (पूर्व विधायक ),अरुण तिवारी, सुनील राय, शिवशांकर राय, राजेन्द्र प्रसाद,अमरेन्द्र सिंह,विनोद राय,दलन यादव,विरेन्द्र सिंह,सुभाष माँझी,गंगा सागर,राजू मुखिया ने सम्बोधित किया।

## दिघवारा थानान्तर्गत हत्या कांड के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

छपरा सदर। सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर सारण जिलान्तर्गत अपराध के मुख्य शीर्षों में वांछित तथा फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर दिघवारा थाना पुलिस टीम के द्वारा छापामारी कर दिघवारा थाना कांड संख्या-269/23, के हत्या कांड के अभियुक्त राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्त दिघवारा थाना क्षेत्र के अहिमन पट्टी निवासी महेंद्र राय का पुत्र बताया जाता है।जिसका इस कांड के पहले भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

## विगत 24 घंटे में 77 अभियुक्त किये गये गिरफ्तार, अवैध शराब भी किये गये जब्त

छपरा सदर। सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन,बिक्री,भंडारण,बिक्री, निर्माण और परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए 27 जुलाई को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-77 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें सार्वजनिक संपत्ति की क्षति में 47,वारंट में 7, शराब सेवन में 8, शराब कारोबार में 8,हत्या के प्रयास में 4,चोरी में , अपहरण में और हत्या के आरोपित 1 अभियुक्त शामिल है।वही अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-60 वाहनों से 77,500 रूपए जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत कुल शराब-791.94 लीटर मोटरसाईकिल-02 एवं अपहत-02 बरामद किए गए।

## शिरोमणि गुरू रविदास जयंती को ले भाजपा की बैठक सम्पन्न

छपरा कार्यालय।भारतीय जनता पार्टी सारन द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650 जयंती समारोह की तैयारी हेतु भाजपा जिला कार्यालय के अटल सभागार में कार्यकताओं का जिला कार्यशाला जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन संत शिरोमणि गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प पुंछ अर्पित कर किया गया कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्षा आश्रिती शर्मा ने संबोधित करते हुए कही कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता सामाजिक न्याय और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचना है।

अभियान के माध्यम से सामाजिक समरसता को मजबूत करने और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्तरों पर जनसंपर्क जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस अभियान की शुरूआत देशभर के मंदिरों में समरसता दीप महोत्सव आयोजित कर की जाएगी छपरा में यह कार्यक्रम पार्वती आश्रम से प्रारंभ होगा जिसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होंगे यह जयंती 7 महीने तक समरसता संकल्प अभियान के तहत चलेगा।

# सावन को लेकर शिवालयों एवं मार्गो की विशेष सफाई व्यवस्था के लिए महापौर ने की समीक्षा बैठक

प्रातः किरण संवाददाता



छपरा : सावन माह में भगवान शिव के श्रद्धालुओं की सुविधा एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छपरा नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने सफाई एजेंसी के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक में महापौर ने शहर के सभी प्रमुख शिवालयों तथा शिवालयों तक जाने वाले मार्गों की नियमित एवं विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सावन के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि को देखते हुए स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

महापौर ने पूरे सावन माह तक विशेष स्वच्छता अभियान लगातार चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि मंदिर परिसरों, मुख्य मार्गों, नालियों एवं आसपास के क्षेत्रों की नियमित सफाई की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने सफाई एजेंसी को निर्देशित किया कि सभी वार्डों में अतिरिक्त निगरानी रखी जाए तथा जहां भी आवश्यकता हो, तत्काल सफाई कार्य कराया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए।

महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने कहा कि छपरा नगर निगम सावन माह में श्रद्धालुओं को स्वच्छ, सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा इस विशेष अभियान की निरंतर समीक्षा की जाएगी।

# छात्र आंदोलन से सरकार के यू-टर्न तक: क्या अब लौटेगा छात्रों का भरोसा?

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। नीट पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर शुरू हुआ छात्र आंदोलन अब केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही और लोकतांत्रिक अधिकारों पर व्यापक बहस का विषय बन चुका है। जंतर-मंतर से लेकर बिहार के विभिन्न जिलों तक छात्रों की आवाज गूंजती रही और अंततः केंद्र सरकार को आंदोलनकारी संगठनों के साथ बातचीत कर कई बिंदुओं पर सहमति बनानी पड़ी। इन्हीं सहमतियों में आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की प्रक्रिया भी शामिल रही, जिसको लेकर अब बिहार में भी प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

सारण जिले में 25 जुलाई को हुए प्रदर्शन ने पूरे राज्य का ध्यान अपनी ओर खींचा। शुरूआत शांतिपूर्ण प्रदर्शन से हुई, लेकिन बाद में हालात बिगड़ गए और पत्थरबाजी, आगजनी तथा पुलिस कार्रवाई की घटनाएं सामने आईं। इस दौरान कई पुलिसकर्मी, प्रशासनिक अधिकारी और कुछ प्रदर्शनकारी घायल हुए। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी स्वीकार किया कि हिंसक घटनाओं में असामाजिक तत्वों की भूमिका की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि वास्तविक छात्र और हिंसा फैलाने वाले तत्वों के बीच स्पष्ट अंतर कैसे किया जाए।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 29 जुलाई, 2026

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# लंबित आवासों का निर्माण एक सप्ताह में कराएं : बीडीओ

प्रात: किरण संवाददाता



कोइलवर। प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) बीर बहादुर पाठक की अध्यक्षता में सभी आवास सहायकों के साथ समीक्षा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवासों का सर्वेक्षण कर लाभुकों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों के आवास निर्माण का कार्य अधूरा है और जो नियमानुसार भुगतान के पात्र हैं, उन्हें लंबित किस्त का भुगतान सुनिश्चित कराते हुए एक सप्ताह में आवास निर्माण पूरा कराया जाए। बीडीओ बीर बहादुर पाठक ने कहा, सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर पक्का आवास उपलब्ध हो। सभी आवास सहायक अपने-अपने पंचायत क्षेत्र में लंबित आवासों का सर्वेक्षण गंभीरता से करें। पात्र लाभुकों को नियमानुसार लंबित किस्त का भुगतान कराते हुए आवास निर्माण समयबद्ध तरीके से पूरा कराएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने आवास सहायकों एवं आवास पर्यवेक्षकों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की सतत निगरानी करने तथा निर्माण कार्य की प्रगति की रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड के सभी आवास सहायक एवं आवास पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ससुराल जाने के लिए निकले युवक का शव दूसरे दिन बरामद

आरा। जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव से ससुराल जाने के लिए निकले युवक का शव दूसरे दिन बरामद हुआ। उसका शव चौरी थाना क्षेत्र के महावीर गंज स्थित सड़क किनारे से बरामद हुआ। मृतक के सिर के पिछले हिस्से में कटे जैसा, चेहरा पर कटा एवं गले के नीचे कटा हुआ का निशान पाया गया। शव मिलते ही से गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। सूचना पाकर चौरी थानाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी स्व. ददन राम का 29 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र राम है। वह पेशे से मजदूर था।इधर, मृतक के बड़े भाई संजय राम ने बताया कि जहां उसके भाई का ससुराल है। उसी गांव में उसके पट्टीदार का भी ससुराल है। कुछ दिन पूर्व उसने अपने पट्टीदार का भैंस खोल दिया था, जिसको लेकर उसके द्वारा चोरी का आरोप लगा स्थानीय थाना में उसके भाई के खिलाफ आवेदन भी दिया था। हालांकि बात खत्म हो गई थी। सोमवार की सुबह वह चौरी थाना क्षेत्र के धनछुहां गांव अपने ससुराल जाने के लिए निकला था। इसी बीच यह घटना घट गई। उसकी मौत कैसे हुई? यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाइयों में छोटा था। उसके परिवार में मां राजकुमारी देवी, पत्नी धनवती देवी, पुत्र मौसम एवं एक पुत्री ममता है। घटना के बाद मृतक के घर मे कोहराम मच गया। उसकी मां राजकुमारी देवी, पत्नी धनवती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मानव तस्करी एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आरा। मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित डॉ. पी.सी. निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र में मानव तस्करी, महिला सुरक्षा एवं सामाजिक अपराधों की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, मानव तस्करी एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी नीतु कुमारी ने महिलाओं को सुरक्षित रहने, किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने तथा आत्मरक्षा एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही महिलाओं की सबसे बड़ी सुरक्षा है। एसटी-एससी बिगाऊ राम ने बच्चों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें मानव तस्करी, बाल अपराध, ऑनलाइन ठगी तथा अन्य सामाजिक अपराधों से बचने के उपाय बताए। सचिव सत्य प्रकाश ने सभी प्रतिभागियों से समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया और कहा कि सुरक्षित समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। संस्थान के निर्देशक डॉ. विकास कुमार ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें, महिलाओं का सम्मान करें तथा कानून का पालन करते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा एवं मानव तस्करी से संबंधित जागरूकता सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश सिंह जैतेश, वैभव, अर्पिता, दुर्गा, आशा, प्रमोद, अरिहंत उपस्थित थे।

### देशी एवं विदेशी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

आरा। टाउन थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से देशी-विदेशी शराब के साथ दो धन्यवाद को गिरफ्तार किया गया। इसमें एक की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा एवं दूसरे की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के मोती टोला मोहल्ले से सोमवार की गयी। गिरफ्तार धंधेबाजो में टाउन थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा मोहल्ला निवासी स्व. निर्मल यादव का पुत्र राहुल कुमार एवं उसी थाना क्षेत्र के मोती टोला निवासी कृष्णा यादव का पुत्र दिनेश यादव शामिल है। इनमें राहुल कुमार के पास से 6 लीटर देशी शराब बरामद हुआ। जबकि दिनेश यादव के पास से 2 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। बताया जाता है कि टाउन थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी की मोती टोला एवं अहिरपुरवा में शराब की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन उपरांत थाना की अलग-अलग पुलिस टीम दोनों जगह पर पहुंची और दोनों धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात टाउन थाने में पुलिस ने दोनों के खिलाफ बिहार मधनिषेध अधिनियम एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# छपरा हमले के विरोध में दूसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर काम करते रहे बीडीओ

● बीआरडीएसए ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और एसओपी लागू करने की उठाई मांग



पीरो (आरा)। सारण जिले के छपरा में विधि-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान बीडीओ पर हुए हमले के विरोध में बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ (बीआरडीएसए) का विरोध-प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। राज्यव्यापी आह्वान के तहत दूसरे दिन भी प्रखंड विकास पदाधिकारी काली पट्टी बांधकर अपने नियमित कार्यों का निर्वहन करते रहे। पीरो प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अशोक कुमार ने काली पट्टी बांधकर कार्यालय पहुंचे और पूरे दिन सरकारी कार्यों का निष्पादन किया। उन्होंने कहा कि यह विरोध अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर प्रतीकात्मक रूप से किया जा रहा है। गौरतलब है कि 25 जुलाई को सारण जिले के छपरा में विधि-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान छात्र प्रदर्शन के बीच छपरा सदर की बीडीओ दृष्टि पाठक तथा रिविलगंज के बीडीओ रितेश कुमार घायल हो गए थे। इस घटना के बाद बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ ने पूरे राज्य में काली पट्टी बांधकर कार्य करने का निर्णय लिया है। संघ ने सरकार से प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, बीडीओ के साथ प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, घायल अधिकारियों के निःशुल्क उपचार, बीमा योजना लागू करने तथा विधि-व्यवस्था ड्यूटी के लिए स्पष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करने की मांग की है। संघ का कहना है कि अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित होने पर ही वे निर्भीक होकर जनहित के कार्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे।

# तीसरे चरण की काउंसिलिंग में बढ़ा नामांकन वीकेएसयू के बीएड कॉलेजों में सीटें अब भी खाली

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय से संबद्ध बीएड कॉलेजों में दो वर्षीय बीएड सत्र 2026-28 के लिए तीसरे चरण की काउंसिलिंग के बाद नामांकन की रफ्तार तेज हुई है। राज्य स्तर पर आयोजित तीसरे चरण की काउंसिलिंग में लगभग तीन हजार अभ्यर्थियों ने विभिन्न बीएड कॉलेजों में दाखिला लिया है। इसके बावजूद राज्यभर में अभी भी करीब 9,500 सीटें रिक्त हैं, जिसका असर वीकेएसयू के कई बीएड कॉलेजों पर भी देखा जा रहा है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईटी-बीएड) के राज्य नोडल पदाधिकारी प्रो. संजय कुमार ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रिक्त सीटों का विवरण 29 जुलाई को ऑनलाइन पोर्टल पर जारी किया जाएगा। इसके बाद 28 जुलाई से 30 जुलाई तक ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने अब तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे ऑनलाइन पंजीकरण कर कॉलेजों का विकल्प भर सकेंगे। वहीं जिन अभ्यर्थियों का अब तक नामांकन नहीं हो पाया है, उन्हें भी इस अवधि में अपने कॉलेज विकल्पों में संशोधन करने का अवसर मिलेगा। वीकेएसयू से संबद्ध बीएड कॉलेजों के प्राचार्यों का कहना है कि तीसरे चरण में नामांकन बढ़ने से सीटें भरने की उम्मीद जगी है, लेकिन अभी भी कई कॉलेजों में पर्याप्त सीटें खाली हैं। यदि आगामी चरणों में अधिक संख्या में अभ्यर्थी नामांकन नहीं लेते हैं तो कई निजी एवं स्ववित्तपोषित बीएड कॉलेजों को आर्थिक और शैक्षणिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। राज्य नोडल कार्यालय के अनुसार संशोधित विकल्प भरने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले चरण का सीट आवंटन जारी किया जाएगा। सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थियों को निर्धारित समय के भीतर सीट पुष्टि शुल्क जमा करना होगा तथा संबंधित कॉलेज में मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन के बाद नामांकन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे काउंसिलिंग एवं नामांकन से जुड़ी सभी तिथियों का पालन करें और नियमित रूप से सीईटी-बीएड पोर्टल पर जारी सूचनाओं पर नजर रखें।

# स्वाभिमान भारत मंच ने अंचलाधिकारी अंशू प्रशून को किया सम्मानित, जनसेवा के कार्यों की सराहना

प्रात: किरण संवाददाता



बड़हरा। बड़हरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को स्वाभिमान भारत मंच, बड़हरा (भोजपुर) के एक शिष्टमंडल ने संस्था के संरक्षक रामकांत सिंह के नेतृत्व में अंचलाधिकारी अंशू प्रशून को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया.इस दौरान शिष्टमंडल के सदस्यों ने अंचलाधिकारी के जनहित एवं प्रशासनिक कार्यों की सराहना करते हुए उनके बेहतर कार्यों की प्रशंसा किया.कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजेश दंत तिवारी ने कहा कि अंचलाधिकारी अंशू प्रशून ने अपने कार्यकाल के दौरान आम लोगो की समस्याओ के समाधान में संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय दिया है.उन्होने कहा कि प्रशासन और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में उनका योगदान सराहनीय है. ऐसे कर्मठ एवं जनहितैषी अधिकारियो का सम्मान समाज के लिए प्रेरणादायी होता है. इस अवसर पर संस्था के सदस्य अशोक कुशवाहा व संतोष सिंह संटू ने भी अंचलाधिकारी के कार्यो की सराहना करते हुए कहा, कि जनसेवा के प्रति उनकी सकारात्मक कार्यशैली से आम लोगो का विश्वास प्रशासन के प्रति मजबूत हुआ है. उन्होने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार विकास एवं जनकल्याण के कार्यो को प्राथमिकता मिलती रहेगी.सम्मान प्राप्त करने के बाद अंचलाधिकारी अंशू प्रशून ने स्वाभिमान भारत मंच के पदाधिकारियो के प्रति आभार व्यक्त किया.उन्होने कहा कि यह सम्मान उन्हे और अधिक निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ जनसेवा करने की प्रेरणा देगा. उन्होने भरोसा दिलाया कि प्रशासन आम लोगो की समस्याओ के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेगे. मौके पर संस्था के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने अंचलाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# इश्तिहार के वारंटी समेत दो शराबी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता




बड़हरा। कृष्णागढ़ थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में तीन अलग -अलग जगहो पर छापेमारी कर इश्तिहार के एक वारंटी समेत शराब के नशे में धुत दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने यह करवाई गुप्त सूचना के अधार पर की है.पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, कि थाना क्षेत्र के गुण्डी गांव निवासी लोरिक पासवान का पुत्र एवं इश्तिहार का वारंटी कृष्णा पासवान अपने घर पर मौजूद है. सूचना मिलते ही कृष्णागढ़ थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित करवाई करते हुये चिन्हित स्थान पर छापेमारी कर वारंटी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया.इसी दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानो पर कार्रवाई करते हुए सरैयां गांव निवासी गोलू कुमार तथा पिपरपांपीती गांव निवासी अमरजीत कुमार को शराब के नशे की हालत में पकड़ लिया. दोनो शराबी को मेडिकल कराया गया. जिसमे शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की. इसके बाद तीनो आरोपियो को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# नए स्वरूप में तैयार आरा का ऐतिहासिक वीर कुंवर सिंह पार्क

● विरासत का सम्मान, आधुनिकता का संगम

● जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। शहर स्थित ऐतिहासिक एवं गौरवशाली वीर कुंवर सिंह पार्क का व्यापक जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। आम नागरिकों को आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित एवं विश्वस्तरीय सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पार्क का समग्र पुनर्विकास किया गया है। इस जीर्णोद्धार के उपरांत पार्क अब आधुनिक सुविधाओं, आकर्षक प्राकृतिक वातावरण एवं उत्कृष्ट नागरिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर जिलेवासियों एवं पर्यटकों के लिए एक नए आकर्षण के रूप में तैयार है। उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक पत्थरों का किया गया उपयोग आरा। जीर्णोद्धार कार्य के अंतर्गत पार्क में अत्याधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, योगशाला, सेल्फी प्वाइंट, कैफेटेरिया, शीतल पेयजल की व्यवस्था, ओपन जिम, फ्लोटिंग गार्डन, चिल्ड्रेन प्ले जोन, आधुनिक एक्वेरियम, आकर्षक फाउंटेन, बोटिंग सुविधा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा बैठने की समुचित व्यवस्था विकसित की गई है। पार्क परिसर के प्रवेश द्वार, पाथवे एवं अन्य संरचनाओं के निर्माण में जयपुर से मंगाए गए उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक पत्थरों का उपयोग किया गया है, जिससे इसकी भव्यता एवं सौंदर्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय व्यतीत करने का एक आदर्श सार्वजनिक स्थल बना पार्क आरा। वीर कुंवर सिंह पार्क परिसर में व्यापक स्तर पर हरित क्षेत्र का विकास, आकर्षक लैंडस्केपिंग, साफ-सफाई, पथों का सुदृढ़ीकरण तथा अन्य आधारभूत नागरिक सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। इसके परिणामस्वरूप यह पार्क अब बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजन, स्वास्थ्य, योग, मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक तथा परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय व्यतीत करने का एक आदर्श सार्वजनिक स्थल बन गया है। प्रशासन की अपील: पार्क की स्वच्छता व सार्वजनिक संपत्तियों की संरक्षण में करें सहयोग आरा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे पार्क की स्वच्छता, हरित वातावरण एवं सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा इस ऐतिहासिक धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।नवाचार, प्रकृति और विरासत का अद्भुत संगम वीर कुंवर सिंह पार्क अब भोजपुर की नई पहचान बनने को तैयार है।

# कोइलवर में स्मैक जैसा पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

## दो मोबाइल और बाइक जब्त, एनडीपीएस एक्ट के तहत भेजे गए न्यायिक हिरासत में

प्रात: किरण संवाददाता



कोइलवर । भोजपुर जिले के कोईलवर थाने की पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल्हड़ियां टोल प्लाजा के समीप 35.15 ग्राम स्मैक जैसा पदार्थ के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कुल्हड़ियां टोल प्लाजा के पास वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 35.15 ग्राम स्मैक जैसा पदार्थ बरामद हुई, जिसके बाद दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के महिनवा वार्ड संख्या-17 निवासी कौशल कुमार के पुत्र धीरज कुमार (20) तथा वार्ड संख्या-20 निवासी अजय कुमार सिंह के पुत्र विकास कुमार (26) के रूप में हुई है। इस मामले में कोईलवर थाना कांड संख्या 159/26 दर्ज करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(सी), 21(बी) एवं 29 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बरामद स्मैक, दो मोबाइल फोन एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए आरा व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस बरामद मोबाइल फोन के आधार पर मादक पदार्थ की आपूर्ति श्रृंखला और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान में जुटी है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आरा सदर अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन पर उठे सवाल, विशेषज्ञों ने जताई चिंता

प्रात: किरण संवाददाता

आरा भोजपुर। स्नातकोत्तर भूगोल विभाग, महाराजा कॉलेज, आरा एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को प्रो. एस.के. सिन्हा स्मृति ऑनलाइन व्याख्यानमाला के 27वें एपिसोड का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन पर्यावरणीय न्याय एवं सतत शहरी सुशासन पर एक भौगोलिक परिप्रेक्ष्य रहा, जिसमें 90 से अधिक शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थियों ने भाग लिया।मुख्य वक्ता डॉ. स्नेहा स्वरूप ने बायोमेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन, उसके पृथक्करण, सुरक्षित परिवहन एवं निस्तारण की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बायोमेडिकल अपशिष्ट के गलत प्रबंधन से हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, एचआईवी और टिटनेस जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. संजय कुमार ने कहा कि आरा सदर अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था का अभाव चिंताजनक है। यदि जिला स्तर के प्रमुख अस्पताल में ही वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन नहीं होगा तो यह सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की।आयोजन सचिव डॉ. द्वीपिका एस. सिंह ने कहा कि बरसात में संक्रमित अपशिष्ट के फैलने का खतरा अधिक रहता है, इसलिए निगरानी और वैज्ञानिक प्रबंधन आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. द्वीपिका एस. सिंह ने, तकनीकी समन्वय डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. किसलय कलश ने किया।

# राज्य के 10 विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति की प्रक्रिया तेज, वीकेएसयू के कई प्रोफेसर भी दौड़ में

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों में कुलपति एवं प्रति कुलपति (प्रो-वीसी) की नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। राजभवन द्वारा राज्य के 10 विश्वविद्यालयों में कुलपति तथा 14 विश्वविद्यालयों में प्रति कुलपति की नियुक्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मंगलवार, 28 जुलाई को ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इसके बाद योग्य अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग, शॉर्टलिस्टिंग, साक्षात्कार और प्रेजेंटेशन की प्रक्रिया शुरू होगी। इस बार कुलपति बनने की दौड़ में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू), आरा के कई वरिष्ठ प्रोफेसरों के नाम भी चर्चा में हैं। विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षाविदों के अनुसार कई प्रोफेसरों ने कुलपति और प्रति कुलपति दोनों पदों के लिए आवेदन किया है। हालांकि अंतिम निर्णय चयन समिति और कुलाधिपति के स्तर पर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, राज्य के कई विश्वविद्यालयों में कुलपति का कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है, जबकि कुछ विश्वविद्यालयों में आगामी सात से आठ महीनों के भीतर कार्यकाल पूरा होने वाला है। इसे देखते हुए राजभवन ने एक साथ विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की है। आवेदन केवल समर्थ पोर्टल के माध्यम से लिए जा रहे हैं। इस बार पात्रता संबंधी नियमों में भी महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। पहले प्रोफेसर पद पर 10 वर्ष का अनुभव अधिसूचना जारी होने की तिथि तक मान्य था, लेकिन अब प्रोफेसर पद पर योगदान की तिथि से अनुभव की गणना की जाएगी। यह बदलाव उन शिक्षकों के लिए राहत माना जा रहा है जिनका प्रोफेसर पद पर प्रमोशन पहले हो चुका था, लेकिन अधिसूचना बाद में जारी हुई थी।शिक्षा जगत में इस नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर काफी उत्सुकता है। माना जा रहा है कि नए कुलपति और प्रति कुलपति की नियुक्ति अगले महीने तक पूरी कर ली जाएगी। चयनित अधिकारियों के सामने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने, डिजिटल प्रशासन और विश्वविद्यालयों में लंबित प्रशासनिक मामलों के समाधान जैसी बड़ी चुनौतियां होंगी। जिन विश्वविद्यालयों में कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, उनमें बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, एलएन मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, मौलाना मजहरुल हक अरबी-फारसी विश्वविद्यालय, तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय तथा मगध विश्वविद्यालय शामिल हैं। वीकेएसयू के शिक्षकों और शिक्षा जगत की नजर अब इस बात पर टिकी है कि विश्वविद्यालय से किसे इस प्रतिष्ठित पद की जिम्मेदारी मिलती है।

# हसनबाजार पुलिस ने 08 लीटर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

पीरो ( आरा )। पीरो अनुमंडल के हसनबाजार थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्टेशन रोड, कातर से कातर गांव निवासी भगवान दास के पुत्र सुभाष कुमार को 08 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया इस संबंध में हसनबाजार थानाध्यक्ष जयराम शुक्ला ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# गिधा में शराब के नशे में दो गिरफ्तार, जेल

कोइलवर। भोजपुर जिले के गिधा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शराब के नशे में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम, 2022 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि पहली गिरफ्तारी गिधा गांव निवासी दिलीप राम की हुई, जो स्वर्गीय नरेश राम के पुत्र है। वहीं दूसरी कार्रवाई मटियार गांव में की गई, जहां पुलिस ने शराब के नशे में धुत कमल नारायण सिंह को गिरफ्तार किया। कमल नारायण सिंह स्वर्गीय कपिलदेव सिंह के पुत्र बताया जाता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में लिया। जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने पर दोनों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधन अधिनियम, 2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# शादी का झांसा देकर लड़कियों को बेचने वाले अंतराज्यीय गिरोह का पदार्फाश, दो गिरफ्तार

सासाराम। रोहतास पुलिस ने शादी का झांसा देकर लड़कियों को बेचने के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने राजस्थान के झालावाड़ जिले से पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में शामिल अंतरराज्यीय गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इसकी जानकारी देते हुए सासाराम एसडीपीओ 1 विप्लव कुमार ने बताया कि सासाराम नगर थाना कांड संख्या 256/26, दिनांक 7 अप्रैल 2026 में दर्ज गुमशुदगी के मामले की जांच के दौरान पता चला कि पीड़िता को खरीद-फरोख्त करने वाले गिरोह ने राजस्थान में 2.50 लाख रुपये में बेच दिया था। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्थान के झालावाड़ जिले के नागौर गांव से पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान तूफान सिंह (28 वर्ष), पिता- मदन सिंह तथा पिंटू राठौर (25 वर्ष), पिता- बालचंद राठौर, दोनों निवासी नागौर, थाना बकानी, जिला झालावाड़ (राजस्थान) के रूप में हुई है।

# बांकीपुर की जनता विकास एवं सुशासन के साथ : जगन्नाथ गुप्ता



प्रात: किरण संवाददाता

पटना। बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के अंतिम चुनाव प्रचार दिवस पर भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के द्वारा प्रदेश संयोजक प्रो. (डॉ.) जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र के अनेक घरों में संपर्क कर भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा के पक्ष में मतदान की अपील की गई। प्रदेश संयोजक प्रो. गुप्ता ने कहा कि बांकीपुर की जनता विकास, सुशासन एवं राष्ट्रहित की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है तथा भाजपा प्रत्याशी नीरज सिन्हा को भरपूर जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। वहीं प्रदेश सह-संयोजक अमृतेष कुमार गुप्ता ने कहा कि जनसंपर्क अभियान में सभी वर्गों के लोगों का उत्साह और विश्वास भाजपा की नीतियों के प्रति जनता के समर्थन को दर्शाता है। जनसंपर्क अभियान में सह-संयोजक राजीव कुमार सिंह, दिलीप कुमार गुप्ता, अंजनी गुप्ता, कोषाध्यक्षप्रिंस कुमार गुप्ता, देवेंद्र कुमार गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, मधु प्रिया, जयश्री भौमिक, डॉ. चंदना कुमारी, नागेंद्र साह एवं अजय गुप्ता बिट्टू सहित प्रकोष्ठ के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गोट-सीमेन स्टेशन बकरी प्रजनन केन्द्र के चाहर दिवारी में हो रहे कठिनाई के समाधान हेतु टेकूना फॉर्म, गया का स्थल भ्रमण किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर द्वारा पशुपालन विभाग के अति महात्वकांक्षी योजना गोट-सीमेन स्टेशन (बकरी प्रजनन केन्द्र) के चाहर दिवारी में हो रहे कठिनाई के समाधान हेतु टेकूना फॉर्म, गया का स्थल भ्रमण किया गया है। इस निरीक्षण में अपर समाहर्ता (राजस्व) पारितोष कुमार, सहायक समाहर्ता, जिला पशुपालन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, अंचलाधिकारी, बोधगया एवं गया समेत निर्माण एजेन्सी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे हैं। इस निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी को सरकारी भूमि से अतिक्रमण जल्द से जल्द हटाने का निर्देश दिया। साथ ही भविष्य में अतिक्रमण नहीं हो, इसे सुनिश्चित करेंगे। विदित हो कि डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के गोट सिमन स्टेशन जो कि राष्ट्र का दुसरा गोट है। इससे पूरे दक्षिण बिहार में किसानो के आय में इजाफा होगा। इस गोट सीमेन स्टेशन बनने से गोट में भी ए आई/ कृत्रिम गभार्धान करने की प्रक्रिया आरम्भ होगी।

# आयुष्मान भारत योजना के तहत गया जिले में छ: नए निजी अस्पताल सूचीबद्ध

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी।आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने को लेकर आज जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में जिला मनोनयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के निजी अस्पतालों के प्राप्त आवेदनो की समीक्षा की गई है। आयुष्मान भारत कार्यालय को योजना के तहत सूचीबद्ध होने के लिए सात नए निजी अस्पतालों के आवेदन प्राप्त हुए थे। जिला मनोनयन समिति के सदस्यों द्वारा सभी अस्पतालों का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के बाद बैठक में जिलाधिकारी ने छः निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध करने की मंजूरी प्रदान की गई है। वहीं, एनएचए गाइडलाइन के निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करने के कारण एक निजी अस्पतालों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। इस बैठक में सिविल सर्जन सहित आयुष्मान भारत के पदाधिकारी, सम्बंधित अस्पताल के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मगध विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष ने सागर दिवान को दी क्षद्धाजली

गया जी। टेकारी के उप सभापति के अंतिम यात्रा में मगध विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष उतम कुशवाहा टेकारी जाकर उप सभापति सागर दीवान के अंतिम संस्कार में शामिल होकर उन्हें भाव भरी श्रद्धांजलि अर्पित किए।अपने शोक व्यक्त करते हुए मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उतम कुशवाहा ने कहा कि आपकी कमी हमेशा खलेगी और इस दुख भरी घडी पर आपके परिवार वालों को भगवान हिम्मत दे।

### बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के निर्विरोध अध्यक्ष बने डॉ अनिल सुलभ

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के सदस्यों ने बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के एक बार पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर डॉ अनिल सुलभ को बधाई दी है।अपने बधाई संदेश में औरंगाबाद जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी,उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी,संयुक्त मंत्री नागेंद्र केसरी हास्य व्यंग्य के साहित्यकार विनय मामूली बुद्धि,अनुज बेचैन ने कहा कि सुलभ जी के अध्यक्ष बनने से एक बार पुनः पूरे बिहार में हिंदी साहित्य को विशेष मजबूती मिलेगी।साथ ही साथ हिंदी को राष्ट्र भाषा का दर्जा दिलाने में चलाए जा रहे अभियान को गति भी मिलेगी। पिछले माह 28 जून को औरंगाबाद जिले से अधिकारियों का एक दल पटना पहुंचा और वहां डॉ अनिल सुलभ से मिलकर उन्हें अपनी समर्थन की सहमति दी थी।विदित हो कि वर्तमान परिदृश्य में बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन को एक नई ऊर्जा देने का काम अध्यक्ष महोदय द्वारा किया गया है,उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय अधिवेशन से लेकर अन्य साहित्यिक गतिविधियों को मूर्त रूप प्रदान करने में इन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### एक शाम रफी के नाम कार्यक्रम 31 जुलाई को पृथ्वीराज ट्रस्ट के प्रांगण में

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में 31 जुलाई को ब्लॉक मोड़ स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में संध्या में एक शाम मोहम्मद रफी के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था के प्रवक्ता सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि भारत के महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी जी की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इस कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें रफी साहब के चाहने वाले दर्जनों गायकों की सहभागिता होगी।उनके गाए गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धांजलि दी जाएगी।दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार ने बताया कि जो भी सदाबहार गायक,संगीतसेवी हैं उनके जयंती,जन्मदिन या फिर पुण्यतिथि के अवसर पर उनके नाम पर दानिका परिवार लगभग 1 दशकों से कार्यक्रम करते आ रही है। कार्यक्रम में सहभागिता निभाने वाले कलाकारों को दानिका का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

### पेड़ पौधे को संरक्षित करना हमारी नैतिक है जिम्मेदारी : प्रधानाध्यापक

औरंगाबाद। जिले के बारुण प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमोली मे ईको क्लब के द्वारा पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कौशल किशोर सिंह ने किया। प्रधानाध्यापक कौशल किशोर सिंह के साथ वरीय शिक्षक रबिंद्र कुमार ने कहा कि पेड़ हमारे लिए प्राकृतिक उपहार है। वे जीवन को गति देने और सुनिश्चित करने के लिए बहुत उपयोगी है। ताकि पर्यावरण संतुलित बना रहे। हमारे लिए यह जानना वास्तव मे महत्वपूर्ण है। की पेड़ कितने मायने रखते है। पेड़ो की घटती संख्या से होने वाली समस्या के साथ साथ आने वाली चुनौतियां को ठीक करने के लिए हम क्या कर सकते है। पेड़ तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के मौसम को बिल्कुल उपयुक्त बनाने मे मदद करते है। जहरीली हवा को स्वच्छ बनाकर प्राण वायु के रूप मे हमे ऑक्सीजन प्रदान करते है। उन्होंने शिक्षक एवम छात्रों को पौधा रोपण को लेकर प्रेरित किया और सदैव इसके प्रति सजग रहने की अपील की और एक दूसरे को प्रेरित करने को भी आहवान किया।

# पंचायत विकास संवाद कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया



गया जी। जिला पदाधिकारी, गया शशांक शुभंकर द्वारा गया जिला के सभी मुखिया के साथ पंचायत विकास संवाद कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें प्रखण्ड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित हुए हैं। जिला पदाधिकारी, गया द्वारा जिले के सभी मुखिया को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर एक-एक जनकल्याणकारी योजना का चयन कर समेकित प्रतिवेदन सूचीबद्ध करते हुए उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया है जिससे क्षेत्र में भ्रमण के दौरान उक्त चयनित योजना का अनुश्रवण किया जा सके। इसके साथ ही यह भी निदेशित किया गया है कि पंचायत में जो भी प्रमुख समस्याएं हैं, उसे सूचीबद्ध करते हुए संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी योजनाओ,प्रस्ताव को समेकित कर तीन दिनों के अन्दर जिला पंचायत राज कार्यालय, गया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

# सादगी, त्याग और आध्यात्मिक सेवा की प्रतिमूर्ति थीं दीदी मनमोहिनी : राजयोगिनी बीके शीला दीदी

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी। ब्रह्माकुमारीज राजयोग ज्ञान केंद्र, सिविल लाइन, गया में दीदी मनमोहिनी का स्मृति दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया है।इस कार्यक्रम में आयकर विभाग के रंजय कुमार, कार्यालय अधीक्षक एवं प्रभात रंजन, प्रधानाध्यापक, राजकीय मध्य विद्यालय सहित अनेक गणमान्य अतिथियों एवं ब्रह्माकुमार-ब्रह्माकुमारियों ने उपस्थित होकर दीदी मनमोहिनी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस कार्यक्रम के दौरान सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी बीके शीला दीदी ने दीदी मनमोहिनी जी के जीवन एवं उनकी आध्यात्मिक सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीदी मनमोहिनी जी त्याग, तपस्या, दृढ़ संकल्प, पवित्रता और ईश्वरीय ज्ञान की साकार प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन परमात्मा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा मानव जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए समर्पित किया है । इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने दीदी मनमोहिनी के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर राजयोग ध्यान एवं आध्यात्मिक चिंतन भी कराया गया है। इस कार्यक्रम का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, श्रद्धा और आत्मिक शांति से परिपूर्ण रहा। उपस्थित सभी लोगों ने दीदी मनमोहिनी जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में शांति, प्रेम, सद्भाव और सकारात्मकता का प्रसार करने का संदेश दिया है।

# एसडीपीओ ने जनता दरबार में आमजनों की समस्या सुनी

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय के द्वारा आयोजित जनता दरबार में आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गई। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं जनसरोकार से जुड़े मामलों से अवगत कराया।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा सभी आवेदनों एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक, संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता के साथ सुना गया। प्राप्त मामलों के त्वरित, पारदर्शी एवं विधिसम्मत निष्पादन हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सभी शिकायतों के समयबद्ध निष्पादन, प्रभावी अनुश्रवण एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि आमजन को शीघ्र न्याय, बेहतर पुलिस सेवा एवं पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास की भावना को और सुदृढ़ किया जा सके। जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान, पुलिस-जन संवाद को सशक्त बनाना तथा पुलिस व्यवस्था को अधिक जनोन्मुखी एवं उत्तरदायी बनाना है।

# राज्य स्तरीय स्टेट रेड रन में गया जिला टीम का दबदबा बालक एवं बालिका वर्ग में हासिल किया शीर्ष स्थान

## प्रदेश के 38 जिलों में से चयनित सर्वश्रेष्ठ 5 नोडल अधिकारियों में शामिल हुए डॉ. धर्मेंद्र कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग एवं बिहार स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी (BSACS) द्वारा संचालित ह्यरेड रिबन क्लब के तत्वावधान में पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राज्य स्तरीय स्टेट रेड रनह्व मैराथन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन संपन्न हुआ है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के सभी 38 जिलों के नोडल अधिकारियों और टीमों ने अपनी-अपनी भागीदारी दर्ज कराई है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव कुमार रवि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रेड रिबन परियोजना के निदेशक सुमित कुमार उपस्थित रहे हैं।पूरे प्रदेश के 38 जिलों के सफल संयोजन और उत्कृष्ट नेतृत्व के आधार पर कुल 5 उत्कृष्ट नोडल अधिकारियों का चयन किया गया है। इन 5 नोडल अधिकारियों में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कंप्यूटर साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं गया जिला के नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार भी शामिल हैं। गया जिला टीम के धावकों ने बालक व बालिका दोनों श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। गया कॉलेज के श्रवण कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 10,000 की नकद राशि, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र अपने नाम किया। भागलपुर के ऋतु राज ने द्वितीय स्थान हासिल कर 7,500 का नकद पुरस्कार जीता। गया जिला के कुणाल आर्य ने तीसरा स्थान हासिल करते हुए 5,000 का नकद पुरस्कार व मेडल प्राप्त किया। बालिका वर्ग में गया की कमली कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया और 10,000 की पुरस्कार राशि तथा स्वर्ण पदक जीता है। राज्य स्तरीय मैराथन के आधार पर आगामी राष्ट्रीय मैराथन 2026 के लिए बिहार से कुल 6 उत्कृष्ट धावकों का चयन किया गया है। इनमें से 3 धावक (श्रवण कुमार, कमली कुमारी और कुणाल आर्य) गया जिले एवं मगध विश्वविद्यालय से संबंधित हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव कुमार रवि एवं रेड रन के परियोजना निदेशक सुमित कुमार ने सभी विजेताओं और सम्मानित नोडल अधिकारियों को बधाई दी। मगध विश्वविद्यालय प्रशासन, खेल प्रेमियों तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस दोहरी सफलता पर नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार, टीम कोच एवं सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए: डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। देश के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न, महान वैज्ञानिक एवं ह्यमिसाइल मैनह्व के नाम से विख्यात डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, गया में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा एवं राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता गोपाल प्रसाद यादव ने डॉ. कलाम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने अपने अद्वितीय वैज्ञानिक योगदान, सरल जीवन, उच्च विचार और राष्ट्र के प्रति समर्पण से भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई है। रक्षा एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के कारण उन्हें पूरे विश्व में मिसाइल मैन के नाम से सम्मान प्राप्त हुआ।उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम केवल एक महान वैज्ञानिक ही नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायी शिक्षक, दूरदर्शी विचारक और जनप्रिय राष्ट्रपति भी थे। उन्होंने सदैव युवाओं को बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया है। उनका जीवन सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण है।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि डॉ. कलाम का संपूर्ण जीवन देश सेवा को समर्पित रहा। उनके विचार आज भी देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।इस कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता गोपाल प्रसाद यादव श्याम किशोर मिश्रा संतोष ठाकुर राणा रणजीत सिंह सुधीर कुमार मिहिर कुमार मिश्रा मंटू कुमार बबलू गुप्ता कन्हैया कुमार सहित।

# सावन को लेकर हाई अलर्ट, आरपीएफ जीआरपी ने कसी सुरक्षा व्यवस्था

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। सावन माह में कांवरियों की सम्भावित बढ़ती भीड़ को देखते हुए गया जंक्शन की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ की जा रही है। आरपीएफ एवं जीआरपी ने संयुक्त रूप से व्यापक सुरक्षा रणनीति तैयार की है। इसके तहत प्लेटफॉर्म, फुटओवर ब्रिज, सकुर्लेटिंग एरिया तथा ट्रेनों में अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी। साथ ही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सर्च अभियान चलाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई है।इस बैठक में रेल थानाध्यक्ष शिवकुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव, सीआईबी इंस्पेक्टर चंदन कुमार सहित दोनों सुरक्षा एजेंसियों के कई अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सावन के दौरान यात्रियों एवं कांवरियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर सहमति जताई। कांवरियों को मिलेगी हर संभव सहायता, अपराधियों पर रहेगी कड़ी नजर इस बैठक में निर्णय लिया गया कि 30 जुलाई से प्रारंभ हो रहे सावन माह के दौरान गया जंक्शन पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू रहेगी। गया जंक्शन से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेन के माध्यम से सुल्तानगंज पहुंचकर उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरने के लिए रवाना होते हैं। इसी कारण स्टेशन परिसर और ट्रेनों में यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में काफी बढ़ जाती है। सहायक सुरक्षा आयुक्त संजय कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टेशन परिसर में लगातार गश्त की जाए, संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए तथा यात्रियों और कांवरियों को आवश्यक सुरक्षा एवं सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने जेबकतरों, चोरी, नशाखुरानी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संयुक्त अभियान चलाने पर जोर दिया। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, फुटओवर ब्रिज तथा ट्रेनों में नियमित जांच अभियान चलाएगी। अधिकारियों ने यात्रियों से भी अपील की कि वे सतर्क रहें, किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल रेलवे सुरक्षा बल या जीआरपी को दें ताकि सावन के दौरान श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे हैं।

# क्षेत्र में रोपनी का कार्य प्रगति पर, किसानों में उत्साह

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिले के शहर तेलपा थाना क्षेत्र के तमाम पंचायत में रोपनी का कार्य लगभग पूरा हो चुका है ।क्षेत्र के लगभग 80% खेतों में धान की रोपनी हो चुकी है। जो कि किसानों के लिए एक अच्छी उपलब्धि है,हालांकि अभी खेती कार्य के लिए दो नक्षत्र अश्रेषा और माघा काफी उत्तम माना जाता है। खेत में महिलाओं के द्वारा रूपाई कार्य के समय जो जीत गया जाता है,वह प्रकृति से जुड़ा हुआ होता है ।शहर तेलपा थाना के केयाल ,बेलखारा, बम्भई, रामपुर चाय,शहर तेलपा पंचायत में लगभग धान की रोपनी अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। वैसे यूं कहा जाए जो यह क्षेत्र अरवल जिले का धान का कटोरा माना जाता है जहां नहर से सिंचाई की कोई सुविधा तो नहीं है लेकिन आहार एवं नाला से साथ ही पैइन के द्वारा पूरे क्षेत्र के खेतों की सिंचाई की जाती है। नई क्षेत्र से सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं है,लेकिन यहां की किसान पंपिंग सेट बोरवेल से मोटर के माध्यम तथा अन्य साधनो पर निर्भर होकर अपना कृषि कार्य करते हैं।

# मगध विश्वविद्यालय के रक्तदान शिविर में जगजीवन महाविद्यालय के एनएसएस स्वयवसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी। मगध विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें जगजीवन महाविद्यालय के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनुरानी सहित महाविद्यालय के एनएसएस स्वयवसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का उद्देश्य युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनुरानी ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचा सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया है। शिविर के सफल आयोजन में एनएसएस स्वयंसेवकों, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. अनुरानी द्वारा रक्तदान शिविर में कुशल नेतृत्व प्रदान के लिए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मो. ऐयूब ने सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सक्रियता बनी रहे ताकि महाविद्यालय नित नवीन ऊंचाइयों को प्राप्त कर सके। प्रधानाचार्य ने अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यक डॉ. शोभा को रक्त दान करने में उनकी भूमिका के लिए विशेष धन्यवाद दिया। मगध विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में सपना कुमारी, आकाश कुमार, मणिशंकर पाठक आदि छात्रों ने रक्तदान किए हैं।

# नगर आयुक्त से जगजीवन कॉलेज गया जी के प्राचार्य की मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी ।के नगर आयुक्त से जगजीवन महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मो. ऐयूब की औपचारिक मुलाकात हुई। पिछले दो वर्ष से महाविद्यालय में जलजमाव की समस्या से यहां की व्यवस्था चरमरा गई है। नगर आयुक्त ने प्रधानाचार्य के अनुरोध को तुरंत संज्ञान में लेते हुए सिटी मैनेजर को पूरी टीम के साथ जगजीवन कॉलेज का निरीक्षण कर तुरंत रिपोर्ट करने के लिए कहा है। नगर आयुक्त ने प्राचार्य डॉ. मो. ऐयूब को भरोसा दिलाया है कि बहुत जल्द ही समस्या का निराकरण कर लिया जाएगा। बताते चलें कि जगजीवन महाविद्यालय लगातार पानी में डूबता जा रहा है। विगत दो वर्षों से महाविद्यालय के पूर्व की तरफ की चहारदीवारी से सटे नाले का पानी मुसलसल महाविद्यालय के तालाब में बहाया जा रहा है जिसकी वजह से महाविद्यालय का एक हिस्सा, जिसके अंतर्गत कई कमरे पानी में डूबे हुए हैं। कमरों में पानी के आ जाने से न केवल छात्रों की पढ़ाई का नुकसान हो रहा है, बल्कि महाविद्यालय की बुनियाद भी कमजोर पड़ रही है। महाविद्यालय के एक हिस्से में आंबेडकर छात्रावास है। छात्रावास में रह रहे छात्रों का वहां से आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है। जल जमाव की वजह से छात्रों के साथ-साथ महाविद्यालय के प्रोफेसरों एवं कर्मचारियों को बीमार होने का खतरा लगातार बना हुआ है। इस समस्या को लेकर पूर्व में भी गयाजी के प्रशासन को ध्यान दिलाया गया था। जिलाधिकारी से लेकर पूर्व के जिलाधिकारी तक को इस समस्या से अवगत कराया गया था। समय-समय पर पूर्व के नगर निगम आयुक्त, गया जी, कुलसचिव, मगध विश्वविद्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर गया जी, अंचलाधिकारी, मानपुर, गया जी। इन सभी को कई बार पत्र के माध्यम से सूचित किया गया था तथा बार-बार यह निवेदन किया गया था कि इस समस्या का अति शीघ्र निदान किया जाए। यहां तक की वजीरगंज के तत्कालीन विधायक को भी इस संबंध में अवगत कराया गया था। पिछले वर्ष 26 अप्रैल, 2025 को केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का आगमन महाविद्यालय के परिसर में हुआ था। उस वक्त उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें महाविद्यालय की समस्या को लेकर विस्तार से बातचीत की गई थी। मंत्री ने महाविद्यालय की समस्या को लेकर चिंता प्रकट की थी तथा आश्वासन दिया था कि इस समस्या का निराकरण कर लिया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद भी आज तक समस्या का कोई हल नहीं निकल पाया। बारिश का मौसम फिर से आने वाला है। एक हिस्सा तो पानी में डूबा ही है। आधा कॉलेज पानी में डूबने को तैयार है। लेकिन नगर आयुक्त के आश्वासन से एक बार फिर से महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों में आशा की किरण जगी है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मो. ऐयूब ने चिंता व्यक्त करते हुआ कहा कि नैक ग्रेडिंग के लिहाज से जगजीवन महाविद्यालय को इस समय प्रथम स्थान प्राप्त है। नैक में इतनी अच्छी रैंकिंग मिलने के बाद भी महाविद्यालय की ऐसी दशा है, यह निराशाजनक है। लेकिन, नए आयुक्त के आश्वासन से फिर से भरोसा जगा है। मुझे उम्मीद है कि समस्या का हल निकाल लिया जायेगा।

# डॉक्टर सुजेश कुमार ने किया भव्य स्वागत दरियापुर सड़क चौड़ीकरण की उठाई मांग

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। गुरुआ लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के विधान पार्षद (एमएलसी) अशरफ अंसारी के गुरुआ आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया है। गुरुआ स्थित क्लीनिक में डॉक्टर सुजेश कुमार ने उन्हें फूल-माला पहनाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया है। डॉक्टर सुजेश कुमार ने गुरुआझ दरियापुर सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव एमएलसी अशरफ अंसारी के समक्ष रखा और क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। एमएलसी ने प्रस्ताव पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया है।इस स्वागत कार्यक्रम में लोजपा जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह,लोजपा प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार दागी एडवोकेट अनुज कुमार मंडा पंचायत समिति राजेश पासवान गिरजा पासवानस्थानीय लोगों और समर्थकों की उपस्थिति रही। सभी ने क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की तथा गुरुआ के विकास के लिए मिलकर कार्य करने की बात कही है।

# मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के सौ फीसदी समय पालन में डीडीयू मंडल ने देशभर में प्रथम रचा इतिहास



प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल ने एक बार फिर परिचालन दक्षता का नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 26 जुलाई को संचालित सभी 159 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का 100 प्रतिशत समयपालन सुनिश्चित किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ डीडीयू मंडल ने भारतीय रेल के सभी मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के मार्गदर्शन में परिचालन विभाग तथा विभिन्न शाखाओं के समन्वित प्रयासों से यह उपलब्धि संभव हो सकी। 26 जुलाई को मंडल ने कुल 652 ट्रेनों का सफल संचालन किया, जिनमें 159 मेल/एक्सप्रेस, 90 यात्री तथा 403 मालगाड़ियाँ शामिल रहीं। मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में 12 राजधानी, 12 वंदे भारत और 49 सुपरफास्ट ट्रेनें भी शामिल थीं। माल परिवहन के क्षेत्र में भी मंडल ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। 18 जुलाई को 24 घंटे के भीतर 439 मालगाड़ियों का इंटरचेंज कर चालू वित्तीय वर्ष का सर्वोच्च रिकॉर्ड बनाया गया था। इससे पहले 16 जुलाई को 422 मालगाड़ियों के इंटरचेंज का भी नया कीर्तिमान स्थापित किया गया था। डीडीयू मंडल का समयपालन का यह प्रदर्शन कोई पहला अवसर नहीं है। वर्ष 2025 में भी 5 जुलाई, 24 जुलाई, 14 अगस्त और 31 अगस्त को मंडल ने मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन में 100 प्रतिशत समयपालन हासिल किया था। वहीं 26 जनवरी को 99.32 प्रतिशत समयपालन के साथ भी मंडल भारतीय रेल में प्रथम स्थान पर रहा था। मंडल की इस सफलता में गढ़वा रोडझसोननगर तीसरी लाइन खंड के पुलों पर बैलास्टिंग एवं पैकिंग कार्य के बाद ट्रेनों की गति 50 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 100 किमी प्रति घंटा किए जाने का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इससे ट्रेनों का संचालन अधिक सुगम और समयबद्ध हुआ। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में मंडल नियंत्रण कार्यालय में संक्षिप्त समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने नियंत्रण टीम एवं अधिकारियों के साथ केक काटकर सभी कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने इसे टीमवर्क, कुशल प्रबंधन और सुरक्षित एवं विश्वसनीय रेल संचालन के प्रति मंडल की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

# बेतिया डीएम तरनजोत सिंह बने प्रशासनिक कुशलता का मिसाल, बिना बल प्रयोग के हटा अतिक्रमण

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। पश्चिम चंपारण के जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने प्रशासनिक कार्यकुशलता और संवेदनशीलता की एक बेहतरीन नजीर पेश की है। बेतिया के रमना क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण और नाला निर्माण के रास्ते में आ रहे अतिक्रमण को जिस शांतिपूर्ण ढंग से हटाया गया, वह बाकी प्रशासनिक अधिकारियों के लिए अनुकरणीय बन गया है। बिना किसी शक्ति प्रदर्शन या बल प्रयोग के विशाल मीना बाजार इलाके से लगभग पचास निमार्णों को हटा देना जिला प्रशासन की सूझबूझ को दशार्ता है। पथरी घाट से बरवत सेना के बीच बन रही चार लेन की सड़क और जीएमसीएच तक जाने वाले रास्ते को सुगम बनाने के लिए यह कार्रवाई बेहद आवश्यक थी। अस्पताल जाने वाले मरीजों को ट्रैफिक से निजात दिलाने और शहर को खूबसूरत रूप देने के लिए दशकों पुरानी इन 85 दुकानों को चिन्हित किया गया था। प्रशासनिक स्तर पर इस मुश्किल काम की कमान एसडीएम विकास कुमार को सौंपी गई। इस अभियान की सफलता के पीछे महीनों की बातचीत और संवाद की मुख्य भूमिका रही। यद्यपि 14 दुकानदार अदालत से स्थगनादेश ले आए थे, लेकिन बाकी दुकानदारों के साथ एसडीएम ने लगातार बैठकें कीं। अधिकारियों ने व्यापारियों को कानून के प्रावधान समझाने के साथ-साथ एक सुव्यवस्थित, सुंदर और जाम-मुक्त बेतिया की सोच से जोड़ा। लगातार किए गए इन प्रयासों के फलस्वरूप व्यवसायी प्रशासन के रुख को समझने लगे। अंततः पुलिसबल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई संपन्न हुई, जिसमें बिना किसी झड़प या लाठीचार्ज के अवैध निर्माणों को ढहा दिया गया। हालांकि अपनी पुरानी दुकानों के हटने से व्यापारियों में स्वाभाविक निराशा देखी गई, लेकिन बेतिया के विकास को गति देने के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य था। भविष्य में जब इस मार्ग पर चार लेन की सड़क बनकर तैयार होगी और आम जनमानस को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी, तब प्रशासन की इस कार्यशैली को लंबे समय तक याद किया जाएगा। बिना किसी विवाद के इतने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का यह प्रयास निस्संदेह प्रशासनिक दक्षता का एक स्थायी उदाहरण बन चुका है।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर बगहा प्रशासन अलर्ट महादलित टोलों में भी होगा झंडोत्तोलन

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। (नसीम खान क्या) आगामी 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बगहा अनुमंडल प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अनुमंडल पदाधिकारी चांदनी कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में समारोह को भव्य, गरिमामय और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य समारोह से लेकर महादलित टोलों तक झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित करने की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। निर्णय के अनुसार मुख्य समारोह अनुमंडलीय मैदान, बगहा में आयोजित होगा। इसके अलावा अनुमंडल कार्यालय, अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, होमगार्ड कमांडेंट कार्यालय, विमल बाबू मैदान, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा पुलिस केंद्र सहित विभिन्न सरकारी संस्थानों में निर्धारित समय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। मुख्य समारोह सुबह 9 बजे, अनुमंडल कार्यालय में 9:30 बजे तथा अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 9:45 बजे झंडोत्तोलन का कार्यक्रम तय किया गया है। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों को भी सम्मानित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर परिषद क्षेत्र के चयनित महादलित टोलों में भी विशेष रूप से झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए नगर परिषद के विभिन्न वार्डों के अलावा भैरोगंज स्थित कुष्ठ आश्रम, चौतरवा बड़गांव, नयागांव-रामपुर, गड़हिया तथा बरवल-नरवल सहित कुल 15 स्थानों का चयन किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीओपी-ड़ी कार्यक्रम के तहत टीकाकरण जागरूकता रैली का सफल आयोजन

बेतिया।CoP-D कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के नियमित टीकाकरण एवं एमसीपी (MCP) कार्ड के महत्व के प्रति समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत राज बसवरिया, प्रखंड बगहा-1 में एक भव्य जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, आशा कार्यकताओं, आंगनवाड़ी सेविकाओं, सीएम जीविका दीदियों, CNRP जीविका एवं CoP-ऊकार्यक्रम की टीम के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बसवरिया से हुआ, जहाँ विद्यालय के प्रधानाध्यापक श मंतोष कुमार शारदा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली पंचायत के विभिन्न वार्डों एवं गांव के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।इस दौरान बच्चों एवं प्रतिभागियों ने टीकाकरण से संबंधित प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को बच्चों के समय पर टीकाकरण, पूर्ण टीकाकरण एवं स्वस्थ भविष्य का संदेश दिया। रैली के समापन अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक श्री मंतोष कुमार शारदा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का समय पर टीकाकरण कराना परिवार एवं समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नियमित टीकाकरण अवश्य कराएं तथा मातृ एवं शिशु सुरक्षा (टउढ) कार्ड को सुरक्षित रखें, क्योंकि यह बच्चे के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक जय प्रकाश कुशवाहा, कविता कुमारी, मधुबाला, अरविंद कुमार, राम किशोर, कुमारी कुमकुम, धीरज कुमार, चंदा रानी, सुपुजिता कुमारी, स्वामी नाथ एवं उमेश कुमार ने भी बच्चों एवं अभिभावकों को नियमित टीकाकरण के लाभ एवं टउढ कार्ड के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उङ्ढ-ऊकार्यक्रम के सीनियर मैनेजर मनोज कुमार सिंह, उमेश तिवारी, सहायक जिला समन्वयक रामजीत वर्मा, छत्रपति जी, कृपा नारायण तिवारी एवं अमित पाठक जी सहित अन्य टीम सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और समुदाय को शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। इस जनजागरूकता रैली के माध्यम से समुदाय में बच्चों के पूर्ण टीकाकरण, टउढ कार्ड के सुरक्षित रखरखाव तथा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह सिद्ध किया कि सामुदायिक सहयोग और जनभागीदारी से 100 प्रतिशत नियमित टीकाकरण के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है।

### सिरसिया थाने की एसपी ने की औचक निरीक्षण

चनपटिया।बेतिया आरक्षी अधीक्षक ने सोमवार के देर सिरसिया थाने के निरीक्षण किया। एसपी ने सर्वप्रथम थाना परिसर में अवस्थित बाबा कामेश्वरनाथ मंदिर का भ्रमण किया तथा मौजूद पुलिस अधिकारी को विधि-व्यवस्था व सुरक्षात्मक मायने में कई आवश्यक निर्देश दिए। थाने में इन करते ही एसपी कुमार गौतम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एसपी ने थाने में लम्बित कांडों को यथाशीघ्र निष्पादन करने का थानाध्यक्ष तथा पुलिस अधिकारीयों कड़ा निर्देश दिया।साथ ही सघन गश्ती तथा नियमित वाहन जांच करने का निर्देश दिए। एसपी ने थाने में कम संसाधनों तथा अपना भवन नहीं रहने के वावजूद भी सिरसिया पुलिस को इससे और बेहतर कार्य करने हौसला अफजाई किया। मौके सिरसिया थानाध्यक्ष अंनत कुमार, दारोगा कन्हैया सिंह, राजीव रंजन कुमार, अभय कुमार सिंह, अच्छुतानंद सिंह, प्रियंका कुमारी, समेत सभी अधिकारी व कर्मी समेत चौकिदार मौजूद रहे।

# नेपाल के सुनसरी के देवानगंज में दो पक्षों की झड़प में एक की मौत, जिलाधिकारी हटाए गए




प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल के सुनसरी जिले के देवानगंज ग्रामीण नगरपालिका के कप्तानगंज क्षेत्र में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल को हस्तक्षेप करना पड़ा। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया गया। बताया गया कि विवाद बोलबम यात्रा के दौरान डीजे बजाने को लेकर शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और पथराव तथा हिंसा शुरू हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा बलों ने पहले चेतावनी दी और बाद में गोली चलानी पड़ी। गोली लगने से ओमप्रकाश मेहता की मौत हो गई, जबकि कई नागरिक और पुलिसकर्मी घायल हुए। घटना के बाद नेपाल के गृह मंत्रालय ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सुनसरी के मुख्य जिला अधिकारी (सीडीओ) वासुदेव घिमिरे को पद से हटा दिया। उनकी जगह संखुवासभा के सीडीओ ईश्वरी प्रसाद अर्याल को सुनसरी का नया मुख्य जिला अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही कोशी प्रदेश पुलिस के डीआईजी, सुनसरी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और सशस्त्र पुलिस बल के संबंधित अधिकारी का भी तबादला किया गया है। मामले की जांच के लिए पांच सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है, जिसे एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने देवानगंज और हरिनगर क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में कर्फ्यू लागू करते हुए लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

# नेपाल के नारायणगढ़-मुग्लिंग सड़क खंड पर भूस्खलन से निपटने के लिए तीन स्थानों पर भारी उपकरण तैनात

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। नेपाल के अत्यंत व्यस्त नारायणगढ़झमुग्लिंग सड़क खंड पर मानसून के दौरान लगातार हो रहे भूस्खलन से यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए सड़क विभाग ने तीन प्रमुख स्थानों पर भारी मशीनें और उपकरण तैनात किए हैं। सड़क डिवीजन कार्यालय, भरतपुर के अनुसार, जैसे ही कहीं भूस्खलन होगा, तत्काल मशीनें भेजकर मलबा हटाया जाएगा ताकि यातायात जल्द से जल्द बहाल किया जा सके। सड़क डिवीजन कार्यालय के इंजीनियर अर्जुन घिमिरे ने बताया कि मुग्लिंग में एक लोडर, जबकि सेती दोभान में लोडर, एक्सकेवेटर, बैकहो लोडर, टिपर, ट्रेलर और मिनी एक्सकेवेटर सहित कई भारी उपकरण तैनात किए गए हैं। वहीं तुइन खोला क्षेत्र में निर्माण कंपनी ने अपने स्तर पर एक्सकेवेटर और लोडर तैयार रखे हैं, ताकि स्थानीय भूस्खलन की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि यदि किसी स्थान पर बड़ा भूस्खलन होता है तो अतिरिक्त मशीनें हेटौडा और पोखरा स्थित भारी उपकरण कार्यालयों से मंगाई जाएंगी। इसके अलावा मशीनों के साथ पर्याप्त संख्या में तकनीकी कर्मचारी और श्रमिक भी 24 घंटे तैयार रखे गए हैं। सड़क विभाग के अनुसार, नारायणगढ़झमुग्लिंग राजमार्ग पर कुल 43 भूस्खलन संभावित स्थल चिन्हित किए गए हैं। नारायणगढ़झमुग्लिंग सड़क नेपाल की जीवनरेखा मानी जाती है। इसी मार्ग से काठमांडू आने-जाने वाले हजारों यात्री वाहन, मालवाहक ट्रक और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति होती है। इसी कारण सड़क विभाग ने इस वर्ष मानसून में पहले से ही भारी मशीनों की तैनाती कर त्वरित राहत एवं सड़क संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित की है।

# 31 जुलाई को आयोजित होगा जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, पश्चिम चम्पारण, बेतिया के तत्वावधान में दिनांक 31 जुलाई 2026 को एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला का आयोजन स्थानीय सरकारी आईटीआई, छात्रावास के बगल वाले खुले मैदान, चेक पोस्ट, बेतिया में किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के अधिक से अधिक रोजगार इच्छुक युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं उन्हें व्यवसायिक मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से नियोजन मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में निजी क्षेत्र के अधिक से अधिक नियोजकों को आमंत्रित किया जा रहा है, ताकि रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को उनकी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। उन्होंने बताया कि अबतक Harinagar Sugar Mills, Pratham Education Foundation, AP Securitas Pvt. Ltd., Freedom Employability AcÔdemy, SvatantraMicro Finance, LIC of India, Shivsakti Agitech Ltd., U mojaMÔrketplace Technology Pvt. Ltd. तथा RSG Sales & Services Pvt. Ltd. द्वारा नियोजन मेले में भाग लेने हेतु सहमति प्रदान की गई है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने जिले के सभी रोजगार इच्छुक युवक-युवतियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में नियोजन मेले में शामिल होकर उपलब्ध रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि नियोजन मेले के व्यापक प्रचार-प्रसार से अधिक से अधिक युवाओं को इसकी जानकारी मिल सकेगी और वे रोजगार के अवसर से लाभान्वित हो सकेंगे।

# घरेलू गैस के 35934 एवं वाणिज्यिक गैस के 2061 सिलेंडर उपलब्ध

बेतिया। जिले में घरेलू एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है और उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति प्रदान की जा रही है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में जिले में 14.2 किलोग्राम के 35934 घरेलू गैस सिलेंडर तथा 19 किलोग्राम के 2061 वाणिज्यिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को जिलेभर में कुल 9199 गैस सिलेंडरों की सफलतापूर्वक होम डिलीवरी कराई गई। जिला प्रशासन का लगातार प्रयास है कि उपभोक्ताओं को बिना किसी अनावश्यक विलंब के उनके घर तक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस बुकिंग, डिलीवरी अथवा आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की देरी, अनियमितता या अन्य शिकायत होने पर जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06254-247002 एवं 06254-247003 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# ठकराहा प्रखंड में पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण को लेकर बैठक, बीडीओ ने दिए आवश्यक निर्देश

बगहा। ठकराहा प्रखंड कार्यालय में सोमवार (28 जुलाई 2026) को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की अध्यक्षता में सभी पंचायत सचिवों, पंचायत कार्यपालक सहायकों एवं विकास मित्रों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेंशन लाभार्थियों के जीवन प्रमाणीकरण (लाइफ सर्टिफिकेट) कार्य को समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूरा कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बीडीओ ने सभी संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि पात्र पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण अभियान तेज गति से चलाया जाए, ताकि किसी भी लाभार्थी को पेंशन प्राप्त करने में परेशानी न हो। साथ ही विभागीय योजनाओं एवं लंबित कार्यों की भी समीक्षा की गई और उनके शीघ्र निष्पादन पर बल दिया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर कार्य किया। यह कदम सारण सदर एवं सिविलगंज प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों पर हुए हमले के विरोध में उठाया गया। अधिकारियों ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की तथा प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# पांच दिन बाद समाप्त हुआ डॉ. गोविंद केसी का आमरण अनशन, सरकार से सात सूत्रीय समझौता

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। नेपाल के वरिष्ठ चिकित्सक एवं चिकित्सा शिक्षा सुधार अभियान के प्रमुख अगुवा डॉ. गोविंद केसी ने पांच दिनों से जारी अपना आमरण अनशन सरकार के साथ सात सूत्रीय समझौता होने के बाद समाप्त कर दिया। सोमवार शाम धनगढी स्थित सेती प्रादेशिक अस्पताल में उन्होंने जूस पीकर अपना 24वां अनशन तोड़ा। डॉ. केसी ने 23 जुलाई को चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर धनगढी में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू किया था। उनकी प्रमुख मांगों में चिकित्सा शिक्षा आयोग में राजनीतिक हस्तक्षेप समाप्त करना, स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालयों में पारदर्शी नियुक्तियां, निजी मेडिकल कॉलेजों की मनमानी पर रोक, छात्रवृत्ति व्यवस्था को सुरक्षित रखना तथा दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना शामिल था। अनशन के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें सेती प्रादेशिक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद सरकार की ओर से शिक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय और प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य सलाहकार स्तर पर कई दौर की वार्ता हुई। अंततः दोनों पक्षों के बीच सात सूत्रीय सहमति बनने के बाद डॉ. केसी ने अपना अनशन समाप्त कर दिया। समझौते के अनुसार सरकार ने चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक कानूनी एवं प्रशासनिक प्रक्रिया आगे बढ़ाने, विवादित नियुक्तियों की समीक्षा करने और पूर्व समझौतों के क्रियान्वयन की दिशा में कदम उठाने का आश्वासन दिया है। डॉ. गोविंद केसी पिछले कई वर्षों से नेपाल में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार आंदोलन करते रहे।

# कल्याणपुर में चोरी की गाड़ियों की कटिंग कर पार्ट्स बेचने वाले संगठित गिरोह का पदार्फाश, 01 आरोपी रंगे हाथ गिरफ्तार

मोतिहारी। पूर्वी चम्पारण जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में चोरी की मोटरसाइकिलों की कटिंग कर उनके पार्ट्स बेचने वाले एक संगठित गिरोह के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने छापेमारी कर गिरोह के एक सदस्य को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है, जबकि भारी मात्रा में चोरी की बाइक और उसके अलग-अलग पार्ट्स बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, मोतिहारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मननपुर में बंका महतो और टेरस महतो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की गाड़ियों की खरीद-बिक्री करते हैं तथा उनके पार्ट्स खोलकर अलग-अलग बेचते हैं। सूचना के सत्यापन के बाद गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मननपुर गाँव में छापेमारी की। इस दौरान बंका महतो (पिता- बाबूलाल महतो, सा०- मननपुर, थाना- कल्याणपुर) को चोरी की गाड़ी खोलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। इस छापेमारी टीम में कल्याणपुर थानाध्यक्ष एसआई विनीत कुमार के नेतृत्व में एसआई मुकेश कुमार, एसआई राम प्रसाद महतो, एसआई रंजीत कुमार सिंह एवं कल्याणपुर थाना के सशस्त्र बल शामिल रहे। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही गिरोह में शामिल अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

बरामदगी का विवरण

मोटरसाइकिल: 01 पीस

चेसिस: 08 पीस

इंजन: 02 पीस

टंकी: 10 पीस

साइलेंसर: 11 पीस

चक्का: 04 पीस

लेग-गार्ड: 03 पीस

शॉकर: 23 पीस

इसके अलावा मोटरसाइकिल के अन्य कई पार्ट-पुर्जे भी बरामद हुए हैं।

# आनंद नगर में घर से दो कोबरा सांपों का सफल रेस्क्यू वन विभाग की टीम ने सुरक्षित जंगल में छोड़ा

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा वन प्रमंडल के वाल्मीकिनगर क्षेत्र अंतर्गत आनंद नगर वार्ड संख्या-16 में सोमवार (28 जुलाई 2026) को एक घर से दो कोबरा सांपों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। आनंद नगर निवासी सुनील चौधरी, पिता स्वर्गीय उमाशंकर चौधरी, के घर में दो कोबरा सांप दिखाई देने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वन रक्षी विक्की कुमार एवं रविंद्र कुमार के नेतृत्व में रेस्क्यू अभियान चलाया गया। काफी मशक्कत के बाद दोनों विषैले कोबरा सांपों को सुरक्षित पकड़ लिया गया। रेंजर श्रीमान मलाकार ने बताया कि सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। दोनों कोबरा घर के अंदर अलग-अलग स्थानों पर छिपे हुए थे, जिसके कारण रेस्क्यू अभियान बेहद सावधानी और सतर्कता के साथ चलाया गया। टीम ने बिना किसी जनहानि के दोनों सांपों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। श्रीमान मलाकार ने आगे बताया कि रेस्क्यू के बाद दोनों कोबरा सांपों को उनके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि घर या आसपास किसी भी वन्यजीव या विषैले सांप के दिखाई देने पर स्वयं पकड़ने का प्रयास न करें, बल्कि तुरंत वन विभाग को सूचना दें, ताकि सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू किया जा सके।

# नेपाल के बर्दघाट से दो किशोरियां लापता, पुलिस ने आमजन से सहयोग की अपील

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा।नेपाल के नवलपरासी (पश्चिम) जिले के बर्दघाट नगरपालिकाझ4, शांतिनगर से दो किशोरियों के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों के परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की जानकारी सार्वजनिक करते हुए आमजन से खोजबीन में सहयोग की अपील की है। लापता किशोरियों की पहचान सुरक्षा रेग्मी (16 वर्ष) और एन्जिला काउचा (13 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दोनों घर से निकलने के बाद से वापस नहीं लौटी हैं, जिसके बाद उनकी काफी तलाश की गई, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। परिवार ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि किसी को दोनों किशोरियों के संबंध में कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें, तो तुरंत परिजनों अथवा स्थानीय पुलिस को सूचित करें। इसके लिए संपर्क नंबर 9819167611 और 9800795421 जारी किए गए हैं। पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी मामले की जानकारी जुटाने में जुटे हैं। लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के बजाय सत्यापित सूचना मिलने पर संबंधित परिजनों या पुलिस को तत्काल जानकारी देने की अपील की गई है।

# पलनवा थाना के ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम जांच में जुटी

रक्सौल। पलनवा थाना क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ थाने में कार्यरत ड्राइवर राजकुमार शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद से ही पुलिस महकमे और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक सूचनाओं के मुताबिक, राजकुमार शर्मा की मौत छत से गिरने के कारण होना बताई जा रही है। हालाँकि, घटना की परिस्थितियों को संदिग्ध मानते हुए पुलिस प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है और मामले की व्यापक स्तर पर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष जांच टीम का गठन किया है। घटना स्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करने के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब और डॉग स्क्वायड की टीमों को तुरंत मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल का गहन निरीक्षण कर सैंपल जुटाए हैं। घटना की सूचना मिलते ही रक्सौल एसडीपीओ मनीष आनंद पलनवा थाना पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया। पूरी जांच प्रक्रिया की खुद निगरानी करते हुए उन्होंने बताया कि मामले की हर कोण से बारीक जांच की जा रही है। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल और डॉग स्क्वायड की मदद ली गई है। मौत की असली वजह का खुलासा जांच प्रक्रिया पूरी होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आधिकारिक रूप से किया जाएगा। फिलहाल थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह महज एक हादसा था या इसके पीछे कोई अन्य वजह है।

# लापता युवक बेतिया रेलवे स्टेशन से बरामद



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। साठी थाना क्षेत्र के खजुरिया निवासी रुदल दास के 19 वर्षीय पुत्र छोटेलाल दास, जो पिछले कुछ दिनों से लापता था, उसे मंगलवार की सुबह बेतिया रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया। युवक के मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार, 25 जून 2026 को छोटेलाल दास अपनी बहन को साठी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़वाने गया था। बहन को ट्रेन में बैठाने के बाद वह घर वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बावजूद जब उसका कोई पता नहीं चला, तब परिजनों ने साठी थाना में आवेदन देकर युवक की बरामदगी की गुहार लगाई। आवेदन प्राप्त होने के बाद साठी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवक की तलाश शुरू कर दी। लगातार की गई खोजबीन के दौरान मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि युवक बेतिया रेलवे स्टेशन पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को सकुशल बरामद कर लिया वही साठी थाना के दरोगा चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि, लापता युवक को मंगलवार की सुबह बेतिया रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया है। युवक को बीएनएस की धारा 183 के तहत बयान दर्ज कराने के लिए बेतिया न्यायालय ले जाया जा रहा है। न्यायालय के आदेश के बाद ही युवक को उसके परिजनों को सौंपा जाएगा। मामले में अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# मगरमच्छ के खौफ के बीच ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाया 50 फीट लंबा चचरी पुल

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत नौरंगिया थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव में भपसा नाला पर मगरमच्छ के लगातार हो रहे हमलों से परेशान ग्रामीणों ने प्रशासनिक सहायता का इंतजार किए बिना श्रमदान और चंदा जुटाकर करीब 50 फीट लंबा बांस का चचरी पुल तैयार कर दिया। इस पुल के निर्माण से किसानों को गुलरिया सरेह स्थित खेतों तक सुरक्षित पहुंचने में राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि भपसा नाला पार कर ही किसान अपने खेतों तक पहुंचते हैं। लेकिन नाले में मगरमच्छ की मौजूदगी के कारण खेती-बाड़ी का काम करना जोखिम भरा हो गया था। पिछले आठ दिनों के भीतर मगरमच्छ के दो हमलों ने पूरे गांव में दहशत का माहौल बना दिया। पहली घटना में सिरसिया निवासी केदार बैठा को मगरमच्छ नाले में खींच ले गया था। चार दिनों की तलाश के बाद उनका शव बरामद किया गया। वहीं दूसरी घटना में धान की सोहनी करने जा रही बासमती देवी पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। मगरमच्छ ने उनका पैर अपने जबड़े में दबोच लिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर उनके पति जितेंद्र मांझी और आसपास मौजूद ग्रामीण कुदाल व डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के शोर और हमले के बाद मगरमच्छ महिला को छोड़कर गहरे पानी में चला गया। इस हमले में महिला के पैर और जांघ में गंभीर चोटें आईं, जिनका इलाज जारी है। पंचायत के बीडीसी उपेंद्र यादव ने बताया कि मगरमच्छ किसानों के लिए काल बन चुका था। खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया था, इसलिए ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से श्रमदान और चंदा जुटाकर चचरी पुल बनाने का निर्णय लिया।

# जलालाबाद में खुलेगा उच्च शिक्षा का नया द्वार सम्राट चौधरी ने किया डिग्री कॉलेज का उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता




मुंगेर। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर जिले के असरगंज नगर पंचायत स्थित जलालाबाद में रामानंद एवं परसीराम उच्च विद्यालय परिसर में नवनिर्मित राजकीय डिग्री महाविद्यालय और पठन-पाठन का विधिवत उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज होने से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अपने घरों से दूर नहीं भटकना पड़ेगा। इस मौके पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आअपने हमें तारापुर से विधायक बनाया है। हमने आपसे जो जो वादा किया है उसको पूरा करूंगा। डिग्री कॉलेज असरगंज को स्वीकृत किया था आज उसका उद्घाटन कर आपको समर्पित कर रहा हूं। मुझे आपने विधायक बनाया और यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी, श्री नीतीश कुमार और साथ साथ एनडीए ने बागडोर दिया है जिस विश्वास के साथ आपको आश्वस्त करता हूं कि तारापुर के सपनो के साथ साथ पूरे बिहार का सपना पूरा करूंगा। बिहार का आमलोगों के बच्चे नीट और जेईई की परीक्षा पढ़ाई नहीं होने और आर्थिक समस्या के कारण नहीं कर पाते थे अब व बच्चे भी पढ़ाई करेंगे। हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज और हर गांव में पढ़ाई की व्यवस्था की जा रही है। आज 212 डिग्री कॉलेज हो गया। जितना बीएड कॉलेज है बिहार में उसमें भी डिग्री कॉलेज खोली जाएगी। हमारे बच्चे अब बाहर पढ़ने के लिए नहीं जाएंगे अब यहीं पढ़ेंगे। सभी प्रखंडों में लाइव क्लासेज की व्यवस्था और डिजिटल बनाया गया है। एक ऐसा ऐप होगा जिससे रात के 11 बजे तक भी बच्चे किसी शिक्षक से डिजिटली पढ़ सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत लंबे समय से शनिवार को हाफ डे छुट्टी की मांग की जा रही थी, उसको पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बच्चों को खेलने, पढ़ने की पूरी व्यवस्था की जा रही है जिससे उनका सर्वांगीण विकास होगा। असरगंज के इस स्कूल के सामने एक बड़ा सा फील्ड है उसको बेहतर बनाने के लिए काम किया जाएगा। यहां तारापुर में दो लेन का अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनेगा जहां से देश दुनिया से लोग जुड़ सकेंगे। इसके लिए जमीन अधिग्रहण का काम शुरू है। अगले 5 वर्षों में बिहार में ही युवाओं को रोजगार देने का काम किया जाएगा। यहां इंडस्ट्रीज लगाने का काम किया जाएगा। एयरपोर्ट अब तो मुंगेर और तारापुर तक पहुंच जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा सुल्तानगंज मेले की खास बात ये है कि बाबा पर जलाभिषेक एक रंग के कपड़े में, एक ही बोली में बाबा के दरबार में लोग जाते हैं, इससे बड़ी सोशलिज्म दुनिया में नहीं है। 100 किमी से अधिक की दूरी पैदल तय कर भक्त जलाभिषेक करते हैं। सात निश्चय -3 के तहत राज्य के प्रत्येक प्रखंड में उच्च शिक्षा एवं डिग्री कॉलेजों की सुविधा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्य है इस मौके पर डीजीपी विनय कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर प्रेम सिंह मीणा, डीआईजी राकेश कुमार,मुंगेर के जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणिकर, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, कुलपति मुंगेर विश्वविद्यालय प्रो.(डॉ.) संजय कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# कांवरिया पथ के प्रारंभिक बिंदु कमराय से डीएम ने दीप प्रज्वलित और फीता कटकर श्रावणी मेला का विधिवत उद्घाटन किया

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला-2026 का मंगलवार को असरगंज प्रखंड अंतर्गत कच्ची कांवरिया पथ के प्रारंभिक बिंदु कमराय में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणिकर द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन के साथ ही भगवान भोलेनाथ के जयकारों एवं भक्तिमय वातावरण के बीच श्रावणी मेला का आगाज हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. राजू, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही थीं, ताकि देश के विभिन्न राज्यों एवं प्रदेशों से आने वाले कांवरिया श्रद्धालुओं को कच्ची कांवरिया पथ पर सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराया जा सके।जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष मुंगेर जिले के लगभग 26 किलोमीटर लंबे कच्ची कांवरिया पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। पहली बार इस पथ पर सात आधुनिक टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है, जहां कांवरियों के विश्राम, पेयजल, प्रकाश, शौचालय, चिकित्सा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त टेंट सिटी में प्रतिदिन भक्ति गीत, भजन, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे लंबी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनोरंजन का भी अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पूरे कांवरिया पथ पर पेयजल, चिकित्सा सहायता, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता, विद्युत प्रकाश, सुरक्षा व्यवस्था, नियंत्रण कक्ष, सूचना सहायता केंद्र तथा आपदा प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो चौबीसों घंटे श्रद्धालुओं की सेवा एवं सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक श्रद्धालु की यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं सुखद बनाना है।इसके लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जाएगी तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण भी किया जाएगा।उन्होंने कांवरिया पथ के दुकानदारों से अपील करते हुए कहा के आप सभी श्रद्धांलुओं को गुणवत्ता पूर्ण भोजन उचित डॉ पर उपलब्ध कराएंगे। दूषित एवं अशुद्ध खाद्य सामग्री के बिक्री एवं श्रद्धालुओं के साथ धोखाधरी करने वाले दुकानदारों पर विशेष निगरानी रखिये जाएगी तथा ऐसा करते पाए जानेमन वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी दुकानदारों को इसलिए बार विद्युत कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा तथा बेवजह यां गलत ढंग से पेयजल कि बबार्दी करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अपील किया कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर निकटतम सहायता केंद्र अथवा प्रतिनियुक्त अधिकारियों से संपर्क करें। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने कहा कि संपूर्ण कांवरिया पथ पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, दंडाधिकारी एवं गश्ती दल की तैनाती की गई है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि श्रद्धालुओं की यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न हो सके। उद्घाटन के उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कच्ची कांवरिया पथ के प्रारम्भ बिंदु पर बने चिकत्सा कैम्प का भी संयुक्त रूप से उद्घाटन किया तथा दवा आदि किया गुणवत्ता एवं उपलब्ध कराई गई विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया तथा संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने देने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं के उत्साह, हर-हर महादेव के उद्घोष एवं भक्तिमय वातावरण के बीच विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला-2026 का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### जीविका दीदी रसोई घर का सांसद ने किया निरीक्षण व्यवस्था बताया बेहतर

भागलपुर सुल्तानगंज । नमामि गंगे घाट पर कांवड़िया की सेवा के लिए जीविका दीदी के द्वारा लगाए गए सेवा शिविर में जीविका दीदी कांवड़िया को भोजन परोस रहे हैं. उद्घाटन समारोह में पहुंचे बांका सांसद गिरधारी यादव ने जीविका दीदी भोजनालय का निरीक्षण किया. इस दौरान सांसद ने शिविर में भोजन करने वाले श्रद्धालुओं से भी बातचीत कर भोजन की गुणवत्ता के बारे में पूछताछ किया. सांसद ने बताया कि जीविका दीदी को सरकार द्वारा लगातार आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है. कम पैसा में कांवड़िया को शुद्ध एवं स्वादिष्ट भोजन का व्यवस्था जीविका दीदी दे रहे हैं. यह एक अच्छी पहल है. आने वाले समय में कांवड़िया कच्ची पथ इस तरह का और सेवा शिविर लगाए जाने से सभी को सुविधा मिलेगा. देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध स्वादिष्ट भोजन जीविका दीदी के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है. यह एक अच्छी संदेश है. इससे बिहार का नाम रोशन होगा. निरीक्षण के दौरान कहलगांव के विधायक शोभानंद मुकेश,जिला परिषद अध्यक्ष विपिन मंडल सहित कई नेता मौजूद थे।

### फास्ट फूड दुकान के स्टाफ के साथ मारपीट

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत तकियापर व गोलापर राम जानकी मंदिर के निकट फास्ट फूड दुकान के स्टाफ के साथ मारपीट करने की मामला प्रकाश में आई है। जिसमें आधा दर्जन लोग पर मामला दर्ज हो गया है इस संबंध में दलदली रोड निवासी दुकानदार पवन कुमार ने स्थानीय थाना में रंगदारी को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पवन ने बताया कि तकियापर एवं गोलापर राम जानकी मंदिर के निकट उनका फास्ट फूड का दुकान है। सोमवार की रात चित्रकूट नगर निवासी अश्विनी कुमार उर्फ प्रीतम तीन लोगों के साथ मेरे तकियापर के दुकान पर हथियार के साथ आया और गाली गलौज करते हुए पांच लाख रंगदारी कि मांग करते हुए धमकी दिया और दूसरे दिन आने की बात कहा। पवन ने बताया कि मंगलवार को तकियापर स्थित दुकान पर जब मैं बैठा था। तभी अश्विनी कुमार जायसवाल उर्फ प्रीतम कुछ लोगो के साथ आया और रंगदारी कि मांग करने लगा। विरोध करने पर मेरे दुकान में तोड़फोड़ मारपीट करने लगा। जिसमें दुकान के स्टाफ विनोद कुमार, संतोष साव, शनि कुमार, अशोक कुमार जख्मी हो गया। वे लोग मेरे दूसरे दुकान पर पहुंच गए और भी वहां भी तोड़फोड़ कर मेरे स्टाफ को मारपीट कर जख्मी कर दिया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि दुकानदार पवन द्वारा लिखित शिकायत मिली है मामले की छानबीन की जा रही है।

# तारापुर पहुंचे मुख्यमंत्री बिहार सरस्वती विद्या निकेतन विद्यालय सहित कई विद्यालयों का किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुंगेर जिले के तारापुर प्रखंड के लौना स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श)विद्यालय+2 किसान वैदिक उच्च विद्यालय पहुंचकर मॉडल स्कूल का उद्घाटन किया और इसी परिसर से तारापुर विधानसभा व जिले के अन्य चयनित मॉडल विद्यालयों का औपचारिक शुभारंभ किया।इन मॉडल विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर कक्षाएं और पुस्तकालय की शुरूआत की गई है। जिसमें +2 किसान वैदिक उच्च विद्यालय, लौना तारापुर,उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, गनैली तारापुर, आर०एन०एम० उच्च विद्यालय, रणग्राम तारापुर,सीतादेवी जगमोहन साह +2 बालिका उच्च विद्यालय, असरगंज,उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, चाखंड असरगंज,रानी प्रभावती उच्च विद्यालय, संग्रामपुर,पब्लिक उच्च विद्यालय, बढ़ौनियां संग्रामपुर, +2 उच्च विद्यालय, मंझगांय संग्रामपुर,पंच कुमारी कन्या उच्च विद्यालय, हवेली खड़गपुर,गाँधी मेमोरियल +2 उच्च विद्यालय, मुजफ्फरगंज हवेली खड़गपुर शामिल हैं।इन विद्यालयों को जिला परियोजना प्रबंधन इकाई, मुंगेर द्वारा अनुशंसित तालिकाबद्ध विद्यालयों को सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में स्थापित किया गया। मुख्यमंत्री ने स्कूल परिसर में साइंस लैब, वर्ग कक्षा, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र छात्राओं से जानकारी ली तथा अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर डीजीपी विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त मुंगेर प्रेम सिंह मीणा, डीआईजी राकेश कुमार,मुंगेर के जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणिकर, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण, स्थानीय ग्रामीणों ने बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ए.एन. कॉलेज स्थित मतगणना केन्द्र का लिया जायजा

पटना। बाँकीपुर विधान सभा उप चुनाव के लिये ए.एन. कॉलेज में बनाये गये मतगणना केन्द्र का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने लिया। उन्होंने कहा कि सारी तैयारी बारिश के मौसम को देखते हुये की जाये। ई.वी.एम. प्राप्त करने का स्थान, मतगणना स्थल आदि का निरीक्षण करते हुये उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर लगे सी.सी.टी.वी. चौबीसों घंटे चालू रहें एवं उसकी नियमित मॉनिटरिंग होती रहनी चाहिये। स्ट्रॉग रूम की त्रि-स्तरीय सुरक्षा रहेगी। जेनेरेटर से अनवरत विद्युत आपूर्ति भी सुनिश्चित करने को कहा गया। ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट. रिसेप्शन टेबुल की व्यवस्था इस प्रकार से रहे कि मतदान कर्मियों को इसे जमा करने में अधिक-से-अधिक सहूलियत रहे। यातायात प्लान भी इस प्रकार से तैयार रखने को कहा गया जिससे कि मतदान कर्मियों के साथ-साथ आम जन को भी किसी प्रकार की दिक्कत का सामना करना न पड़े। मतगणना केन्द्र निरीक्षण करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के. शर्मा ने उपस्थित पदाधिकारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिये।

# बाबासाहेब की प्रतिमा पर कालिख समर्थकों का उग्र प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर ।संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोतने की घटना से सोमवार रात जमालपुर में तनाव फैल गया। घटना के विरोध में मंगलवार को बड़ी संख्या में समर्थक सड़क पर उतर आए और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा किया। कारखाना गेट-6 के पास हुई घटना : जानकारी के अनुसार असामाजिक तत्वों ने सोमवार की रात कारखाना गेट संख्या-6 जमालपुर के समीप स्थापित बाबासाहेब की प्रतिमा पर कालिख पोत दी। मंगलवार सुबह जब लोगों ने प्रतिमा को कालिख से सना देखा तो आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान पुलिस टीम के साथ पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। समर्थकों ने इसे शहर की शांति और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश बताया। 24 घंटे की अल्टीमेटम : प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय प्रतिमा विसर्जन समिति अध्यक्ष सनम कुमार उर्फ बबलू पासवान, प्रमोद पासवान, चंदन पासवान, इंद्रदेव दास, वार्ड पार्षद साइ शंकर, राजद नेता राजेश रमन उर्फ राजू यादव सहित अन्य नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो बाबासाहेब के समर्थकों के साथ जमालपुर-धरहरा मुख्य सड़क जाम* कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। पुलिस प्रशासन और आरपीएफ की टीम कारखाना गेट सहित आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। घटना के बाद इलाके में पुलिस सतर्क है और मामले की जांच जारी है।

# नीट पेपर लीक आंदोलन में फर्जी एफ आई आर को लेकर राजद का तीखा विरोध

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुंगेर में हुए शांतिपूर्ण आंदोलन के बाद पुलिस द्वारा 25 छात्र नेताओं पर एफ आई आर दर्ज किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राष्ट्रीय जनता दल ने इसे सत्ता के दबाव में की गई दमनकारी कार्रवाई बताते हुए कड़ा विरोध जताया है। राजनीतिक दबाव में दर्ज की गई फर्जी एफआईआर : राजद नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अविनाश कुमार विद्यार्थी उर्फ मुकेश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुंगेर जिला प्रशासन और पुलिस कप्तान ने भाजपा-एनडीए नेताओं के भारी राजनीतिक दबाव में आकर छात्र आंदोलन को दबाने के लिए 25 छात्र नेताओं पर पूरी तरह से फर्जी और दुर्भावनापूर्ण प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा जारी सूची से साफ है कि एक वर्ग विशेष के युवाओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है ताकि जनता में भ्रम फैलाया जा सके। अविनाश विद्यार्थी ने कहा,देश भर में छात्र-छात्राओं के संघर्ष के आगे केंद्र सरकार बैकफुट पर आई, वहीं बिहार की डबल इंजन सरकार छात्रों पर मुकदमे लादकर उनके हौसले तोड़ने में लगी है। आंदोलन को सांप्रदायिक रंग देने की यह गंदी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम एसपी से मिलकर बेनकाब करेंगे साजिश :राजद नेता ने आंदोलन तेज करने का ऐलान करते हुए कहा कि जल्द ही युवा राजद का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान मुंगेर से मिलकर इस फर्जी एफआईआर के खिलाफ अपनी बात रखेगा। उन्होंने कहा कि वर्ग विशेष को बदनाम करने की इस राजनीति का जवाब युवा सड़क से सदन तक देंगे। राजद ने मांग की है कि छात्रों पर दर्ज सभी फर्जी मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं और दमनकारी नीति बंद की जाए।

# पीएनबी मेटलाइफ ने सिवान में नई शाखा खोलकर अपनी उपस्थिति मजबूत की

प्रात: किरण संवाददाता

सिवान। भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ), ने सिवान, बिहार में अपनी नई शाखा के उद्घाटन की घोषणा की। शाखाओं का उद्घाटन कंपनी की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह बीमा को और अधिक सुलभ बनाना चाहती है, ताकि ग्राहकों को जहाँ भी वे हों, पॉलिसी सेवाएँ और भरोसेमंद सलाह उपलब्ध हो सके। समीर बंसल, एमडी और सीईओ, पीएनबी मेटलाइफ ने कहा, ॄविश्वास हमेशा से पीएनबी मेटलाइफ के अपने ग्राहकों के साथ संबंधों की नींव रहा है। भारत भर में अब 184 शाखाओं के साथ, हम न केवल अपनी पहुँच का विस्तार कर रहे हैं बल्कि इस भरोसे को और मजबूत कर रहे हैं कि ग्राहक हर कदम पर हम पर निर्भर कर सकते हैं। हमारा फोकस वहीं उपस्थित रहना है जहाँ उन्हें हमारी सबसे अधिक जरूरत है झ सुरक्षा को करीब लाना, उसे सरल बनाना और उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपना वित्तीय भविष्य योजना बनाने में मदद करना।ॄ अपनी 184 शाखाओं के अलावा, कंपनी 20,000 से अधिक बैंकएश्योरेंस पार्टनर स्थानों के माध्यम से ग्राहकों तक पहुँचती है, जिससे उसके सुरक्षा और बचत समाधान तक व्यापक और भरोसेमंद पहुँच सुनिश्चित होती है। अपने भौतिक नेटवर्क को विश्वसनीय साझेदारियों के साथ जोड़कर, पीएनबी मेटलाइफ लगातार ग्राहकों को उनकी वित्तीय यात्रा के हर चरण में एक समान, उच्च-गुणवत्ता वाली सेवा का अनुभव और सहयोग प्रदान करता है।

# एसबीआई खाते से 14 फर्जी चेक के जरिए 15.64 लाख की निकासी, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। भारतीय स्टेट बैंक की हवेली खड़गपुर शाखा से जुड़े करीब 15.64 लाख रुपए के कथित बैंकिंग फजीर्वाड़े के मामले में पुलिस ने नामजद मुख्य आरोपी प्रकाश तांती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस मामले में बैंक कर्मियों की संभावित संलिप्तता समेत सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में यदि किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर पश्चिम अजीमगंज निवासी उषा देवी ने हवेली खड़गपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके एसबीआई बचत खाते से फर्जी हस्ताक्षर कर सुनियोजित तरीके से लाखों रुपए की निकासी की गई। शिकायत के अनुसार, 22 फरवरी 2024 से 11 नवंबर 2024 के बीच कुल 14 चेकों के माध्यम से उनके खाते से 15 लाख 64 हजार रुपए की निकासी कर ली गई। पीड़िता को पूरे मामले की जानकारी 7 दिसंबर 2024 को बैंक स्टेटमेंट निकलवाने के दौरान हुई। चेकबुक जारी ही नहीं हुई, फिर कैसे निकले लाखों रुपए? इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस बैंक खाते से 14 चेकों के जरिए 15.64 लाख रुपए की निकासी की गई, उस खाताधारक को बैंक की ओर से कभी चेकबुक जारी ही नहीं की गई थी। ऐसे में बिना चेकबुक जारी हुए फर्जी चेक कैसे तैयार हुए और वे बैंकिंग प्रक्रिया के तहत भुगतान के लिए पास कैसे हो गए, यह जांच का अहम बिंदु बना हुआ है। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि फर्जी चेक तैयार करने से लेकर भुगतान कराने तक की प्रक्रिया में किसी बैंक कर्मी या अन्य व्यक्ति की भूमिका थी या नहीं। हवेली खड़गपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जांच के दौरान यदि अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पौधारोपण अभियान और आध्यात्मिक सेमिनार का आयोजन

मुंगेर/हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। शहर के बैद्यनाथ गर्ल्स स्कूल परिसर में सोमवार को मारवाड़ी महिला समिति, मुंगेर शाखा की ओर से एक पेड़, एक जिंदगी अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने की। इस दौरान परिसर में 11 फलदार, छायादार एवं फूलदार पौधे लगाए गए। समिति की सदस्यों ने दो आम, एक अमरूद, एक नींबू सहित सात फूलदार पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में बिहार प्रांत की उपाध्यक्ष मधु रुंगटा, प्रांतीय पर्यावरण प्रमुख हेमा जालान, मुंगेर शाखा की पर्यावरण प्रमुख सुशीला वर्मा, विनीता सराफ सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं। विद्यालय की छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक पौधारोपण अभियान में भाग लिया। प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए समिति के इस प्रयास की सराहना की। समिति की सदस्यों ने बताया कि दैनिक भास्कर की मुहिम के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। वहीं, आनंद मार्ग प्रचारक संघ के तत्वावधान में मुंगेर मुक्ति कमेटी की ओर से प्रखंड के मुढ़ेरी गांव में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुंगेर जिले के क्षेत्रीय मार्ग संस्था के सदस्यों, आचार्यगण एवं मार्गी बंधुओं ने भाग लिया। प्रशिक्षक के रूप में आचार्य सतबीर आनंद दादाजी, आचार्य रुद्रप्रकाश आनंद दादाजी एवं सेवानिवृत्त अभियंता छविनाथ दादाजी ने गुरु के संदेशों एवं आध्यात्मिक जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में तीन घंटे का अखंड कीर्तन, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान, गुरु पूजा एवं सामूहिक आहार का आयोजन हुआ तथा प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मुढ़ेरी यूनिट के यूनिट सेक्रेटरी गोरेलाल, कोषाध्यक्ष गंगाधर, अध्यक्ष रवि, धर्म प्रचारक सचिव सुधीर कुमार, राजू कुमार, मनोज कुमार, विनोद कुमार, मुकेश कुमार, गोपाल कुमार, भगवान बिंद सहित अन्य स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# एनबीपीडीसीएल की सीएसआर पहल से 12 जिलों के पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका विद्यालय को मिली स्मार्ट टीवी

प्रात: किरण संवाददाता




पटना। नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सशक्त करते हुए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की है। प्रबंध निदेशक श्री राहुल कुमार (भा.प्र.से.) के नेतृत्व में कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित बालिका विद्यालय को 72 स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल के लिए 54 लाख रुपये की राशि व्यय की गई है। ज्ञात हो कि यह निर्णय दिनांक 16 मार्च 2026 को आयोजित एनबीपीडीसीएल की 158वीं बोर्ड बैठक में सीएसआर समिति की अनुशंसा पर लिया गया। राज्य के विभिन्न जिलों से आये विद्यालय प्रतिनिधियों को स्मार्ट टीवी वितरित करते हुए प्रबंध निदेशक श्री राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने कहा कि एनबीपीडीसीएल गुणवत्तापूर्ण एवं विश्वसनीय विद्युत सेवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए भी समान रूप से प्रतिबद्ध है। कंपनी की सीएसआर पहलों का उद्देश्य शिक्षा, डिजिटल सशक्तिकरण तथा सामाजिक विकास को बढ़ावा देना है, ताकि समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्मार्ट टीवी के माध्यम से छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक आधारित शिक्षा प्राप्त होगी, जिससे उनके ज्ञान और कौशल का और अधिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल राज्य में समावेशी विकास को गति देने तथा जनकल्याण के प्रति एनबीपीडीसीएल की प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करेगी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इन स्मार्ट टीवी का उपयोग राज्य के 12 जिलों के पिछड़ा वर्ग बालिका आवासीय (10+2) उच्च विद्यालयों में किया जाएगा। 12 जिलों के प्रत्येक पिछड़ा वर्ग बालिका आवासीय विद्यालय (10+2) को 6 टीवी एनबीपीडीसीएल बोर्ड की स्वीकृत निर्णय के अनुसार, प्रत्येक विद्यालय को 6-6 स्मार्ट टीवी उपलब्ध कराए गए हैं। लाभान्वित होने वाले विद्यालय– अररिया, पूर्णिया, समस्तीपुर, सिवान, गोपालगंज, दरभंगा, किशनगंज, सहरसा, सुपौल, खगड़िया, मधेपुरा एवं बेगूसराय जिलों में अवस्थित हैं। यह पहल विद्यालयों में डिजिटल शिक्षण संसाधनों को सुदृढ़ करने तथा छात्राओं को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

# कुसुमराज मनीअम पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मैंगो डे मनाया

प्रात: किरण संवाददाता




गोपाल विद्यार्थी. प्रखंड क्षेत्र के मोरियावां स्थित कुसुमराज मनीअम पब्लिक स्कूल में मैंगो डे मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चों ने हरे-पीले रंग की आम आकृति वाली पोशाक पहनी। मैंगो थीम पर आधारित नृत्य, राइम्स, कॉस्ट्यूम शो, बेस्ट मैंगो कॉस्ट्यूम जैसे प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य संतोष उन्नीकृष्णन ने कहा कि आम न सिर्फ स्वादिष्ट होता है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। मौके पर सभी शिक्षक शिक्षिका व बच्चे उपस्थित रहे ।

## सक्षिप्त समाचार

### अमरनाथ यात्रियों से भरी बस 20 मीटर गहरी खाई में गिरी

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अमरनाथ यात्रा से लौट रहे करीब




50 श्रद्धालुओं से भरी एक बस अनियंत्रित होकर 20 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। यह दुर्घटना उस समय हुई जब यात्री बालटाल से श्रीनगर की ओर जा रहे थे। गनीमत यह रही कि मौके पर मौजूद सुरक्षाबलों ने तुरंत मोर्चा संभाला और मलबे में तब्दील हुई बस से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, बस (रजिस्ट्रेशन नंबर एआर 11 डी 5655) सोमवार सुबह करीब 5 :30 बजे हरिगनीवान के पास एस-मोड़ पर पहुंची थी। इसी दौरान चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस सड़क से उतरकर सिंध नदी के किनारे स्थित गहरी खाई में समा गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, लेकिन पास ही तैनात सुरक्षाबल तुरंत सक्रिय हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान मौके पर पहुंच गए। बिना समय गंवाए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया और एक-एक कर सभी 50 यात्रियों को बस से बाहर निकाला गया। राहत की बात यह है कि इस खौफनाक हादसे में किसी भी श्रद्धालु की जान नहीं गई है। घायल यात्रियों को तुरंत प्राथमिक उपचार के बाद सब-डिस्ट्रिक्ट अस्पताल, कंगन भेजा गया है। इस बीच, अमरनाथ यात्रा पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है। सोमवार को ही 3,800 से अधिक श्रद्धालुओं का 12वां जत्था जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। आंकड़ों के मुताबिक, अब तक कुल 1,27,326 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से अपनी यात्रा शुरू कर चुके हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए हैं और चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबल तैनात हैं।

### गाजियाबाद में प्रशासनिक लापरवाही से कांवड़ियों की डगर होगी कठिन

**साहिबाबाद, एजेंसी।** कांवड़ यात्रा 30 जुलाई से सावन शुरू होने के साथ ही शुरू हो जाएगी। कांवड़ यात्रा से पहले नगर निगम ने कांवड़ मार्ग पर गड्ढों को भरने का दावा किया था। बावजूद इसके ट्रांस हिंडन क्षेत्र में अभी भी कई जगह गड्ढे हैं। इन गड्ढों से राह से गुजरना भी मुश्किल है। यहां हादसे का खतरा बना रहता है। ऐसे में कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की डगर कठिन हो सकती है। लेकिन जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। ट्रांस हिंडन क्षेत्र में हिंडन नहर रोड पर खोड़ा और वैशाली सेक्टर पांच और छह की पुलिया के पास, हिंडन बैराज बालाजी विहार और एलिवेटेड रोड के नीचे, जीटी रोड पर मोहननगर तिराहे के पास, लाजपत नगर, साहिबाबाद रेलवे स्टेशन और राजेंद्र नगर के पास और दिल्ली वजीराबाद रोड पर जगह-जगह अभी भी गड्ढे हैं। वैशाली सेक्टर- पांच व छह की पुलिया के पास हिंडन नहर रोड पर टूटी पड़ी सड़क। जागरण जीटी रोड पर हुए गड्ढे आए दिन हादसे का सबब बन रहे हैं। वर्षा के समय इन रास्तों से होकर गुजरना कांवड़ियों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। वर्तमान में वर्षा भी हो रही है और सड़कों पर जलभराव के दौरान गड्ढे दिखाई नहीं देते हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान इन गड्ढ़ों के कारण हादसे हो सकते हैं। इसको लेकर लोगों को पहले से ही डर सता रहा है। कांवड़ यात्रा को लेकर खोड़ा नगर पालिका द्वारा करीब 600 मीटर सड़क बनाई जाएगी। अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ल ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर खोड़ा क्षेत्र में सड़क पर जहां भी गड्ढे हैं उनको भरा जाएगा। साथ ही करीब 600 मीटर सड़क बनाई जाएगी। इसके साथ ही कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों की सुविधा के लिए चिकित्सा बूथ, चेंजिंग रूम, पानी का टैंकर, मोबाइल टायलेट की सुविधा की जा रही है। कांवड़ मार्ग को दुरूस्त कराया जा रहा है।

## सीजेपी की चेतावनी के बाद सरकार का फैसला

# बिहार के बाद असम में भी रिहा होंगे प्रदर्शनकारी

**पटना, एजेंसी।** बिहार और असम सरकार ने नीट-यूजी में अनियमितताओं को लेकर किए गए प्रदर्शन में शामिल लोगों के खिलाफ दर्ज सभी मामलों को रद करने के साथ ही उन्हें रिहा करने का फैसला किया है। बिहार सरकार ने कहा है कि 26 जुलाई की शाम छह बजे तक दर्ज सभी प्राथमिकी, परिवाद और कारण बताओ नोटिस वापस लिए जाएंगे। आंदोलन में नामित लोगों के खिलाफ भविष्य में भी कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष कार्रवाई नहीं की जाएगी। इससे पहले, दिन में काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने दिल्ली में प्रेस कान्फ्रेंस कर प्रदर्शनकारियों और आयोजकों पर दर्ज आपराधिक मामलों को वापस नहीं लिए जाने पर नाराजगी जताई थी। साथ ही चेतावनी दी थी कि मंगलवार तक मांग पूरी न हुई तो फिर से सड़क पर उतरकर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

बता दें कि छात्र संगठनों के आंदोलन के दौरान बिहार के कई जिलों में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई थी। पुलिस मुख्यालय के अनुसार प्रदर्शन के दौरान पूरे राज्य में कुल 694 लोगों को हिरासत में लिया गया था। इनमें 339 नाबालिग थे, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया था। वहीं, हिंसक घटनाओं में शामिल पाए गए 355 लोगों को न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में 91 पुलिस अधिकारी व जवान घायल हुए हैं। सारण जिले में दो प्रखंड विकास पदाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जबकि सिवान और सीतामढ़ी के पुलिस अधीक्षक सहित कई पुलिस अधिकारी भी जख्मी हुए थे। इस घटनाक्रम के बीच सरकार के इस फैसले को आंदोलनकारियों के लिए बड़ी राहत के रूप में देखा जा रहा है। उधर, असम के गृह और राजनीतिक विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश में 13 लोगों की गिरफ्तारी की जानकारी दी गई है।

उधर, सीजेपी ने स्पष्ट किया कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर चला 36 दिवसीय धरना खत्म होने से पहले केंद्र सरकार के साथ तीसरे दौर की बातचीत में इस विषय पर विस्तृत चर्चा हुई थी। इसमें सहमति बनी थी कि देशभर में प्रदर्शनकारियों और आयोजकों के खिलाफ दर्ज सभी



एफआइआर वापस ली जाएंगी। साथ ही, भविष्य में किसी भी आयोजक या प्रदर्शनकारी पर नया मामला दर्ज नहीं किया जाएगा।

वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल के साथ पत्रकार वार्ता में सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रंका ने कहा कि इस संबंध में केंद्रीय मंत्रियों जेपी नड्डा और जीतेंद्र सिंह को एक ड्राफ्ट समझौता सौंपा था। सहमति बनी थी कि कानूनी सलाह-मशविरे के बाद सरकार मंगलवार तक लिखित समझौता साझा कर देगी। हमें उम्मीद है कि केंद्रीय कैबिनेट मंत्री उस वादे का सम्मान करेंगे और किसी भी प्रदर्शनकारी को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। आगे चेताते हुए उन्होंने कहा कि यदि मंगलवार तक लिखित समझौता नहीं मिलता और गिरफ्तार लोगों को रिहा नहीं किया जाता, तो पार्टी दोबारा आंदोलन छेड़ेगी। रंका ने आगे कहा कि इस युवा आंदोलन को कानूनी झमेलों से बचाने के लिए सिब्बल से लगातार सलाह ली जा रही है। उधर, सीजेपी के एक अन्य प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि संगठन को पहले से ही आशंका थी कि प्रदर्शन समाप्त होने के बाद आंदोलन में शामिल लोगों को चुन-चुनकर निशाना बनाया जाएगा। आशंका-प्रदर्शनकारियों को निशाना बना सकती है दिल्ली पुलिस सिब्बल ने कहा कि जहां-जहां छात्रों के खिलाफ मामले दर्ज होंगे, वहां-वहां उन्हें कानूनी मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए उन्होंने अपनी ओर से एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की,

## रथ यात्रा के समापन पर ओडिशा में मनाया गया 'रसगुल्ला दिवस'

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** वार्षिक रथ यात्रा के समापन पर भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के पुरी स्थित श्री मंदिर में लौटने के उपलक्ष्य में सोमवार को ओडिशा में 'रसगुल्ला दिवस' मनाया गया.

'नीलाद्रि बीजे' के अवसर पर 'रसगुल्ला दिवस' मनाया जाता है. नीलाद्रि बीजे वह अनुष्ठान है, जिसके तहत तीनों देवी-देवताओं की मंदिर में वापसी होती है. इसी दिन भगवान जगन्नाथ को विधिवत रसगुल्ले का भोग लगाया जाता है. मंदिर की परंपरा में इस रसगुल्ले को 'खीरा मोहन' कहा जाता है. साल में केवल नीलाद्रि बीजे के दिन ही भगवान जगन्नाथ को रसगुल्ले का भोग लगाया जाता है. हालांकि, मंदिर में यह परंपरा सदियों पुरानी है, लेकिन राज्य में 'रसगुल्ला दिवस' 2015 से मनाया जा रहा है. ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'पावन नीलाद्रि बीजे और रसगुल्ला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं. महाप्रभु की असीम कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए.' मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इस दिन को उड़िया अस्मिता, संस्कृति और भक्ति की अनूठी अभिव्यक्ति बताया. उन्होंने कहा,



'नीलाद्रि बीजे और रसगुल्ला दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं. भगवान श्री जगन्नाथ का नीलाद्रि बीजे केवल आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक नहीं, बल्कि उड़िया अस्मिता, संस्कृति और भक्ति की अद्वितीय अभिव्यक्ति भी है. ' पूर्व मुख्यमंत्री और बीजू जनता दल (BJD) के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने कहा कि परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ रसगुल्ला भेंट कर महालक्ष्मी को मनाते हैं. रथ यात्रा में अपने साथ न ले जाने के कारण माता लक्ष्मी भगवान से नाराज रहती हैं. पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में, रसगुल्ले की उत्पत्ति से जुड़े ऐतिहासिक साक्ष्य जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शोधकर्ता असित मोहंती ने कहा कि प्रारंभिक समय में मंदिर में इस मिष्ठान को 'खीरा मोहन' कहा जाता था और यही आज के समय का रसगुल्ला है. ओडिशा को 29 जुलाई 2019 को छेना से बनी चाशनीयुक्त मिठाई 'रसगुल्ला' के लिए भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त हुआ था. मोहंती ने कहा, 'हमारा (ओडिशा का) रसगुल्ला बंगाल के रसगुल्ले से पूरी तरह अलग है. बंगाल का रसगुल्ला वर्ष 1868 में अस्तित्व में आया, जबकि हमारे यहां यह मिठाई 500 साल से भी अधिक पुरानी है. बलराम दास द्वारा रचित 'दांडी रामायण' में भी रसगुल्ले का उल्लेख मिलता है.' उन्होंने कहा कि सदियों से नीलाद्रि बीजे के दिन भगवान जगन्नाथ को रसगुल्ले का भोग लगाया जाता रहा है, इसलिए इसकी उत्पत्ति को लेकर कोई विवाद नहीं होना चाहिए।

### फर्जी आधार-पैन के साथ 2 बांग्लादेशी पकड़े गए, एक मददगार भी गिरफ्तार

**किशनगंज, एजेंसी।** बिहार के किशनगंज जिले में प्रभारी पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर दो बांग्लादेशी नागरिकों और उनके भारतीय एजेंट को गिरफ्तार किया गया है. एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ वन खुसरू सिराज ने डीआईयू टीम के साथ प्रेम पुल इलाके में वाहन जांच अभियान चलाया. दौरान एक बाइक सवार को संदिग्ध पाकर रोका गया, जिसने भागने का प्रयास किया लेकिन सशस्त्र बलों की मदद से उसे पकड़ लिया गया. दो बांग्लादेशी नागरिक सहित एजेंट गिरफ्तार : पुलिस टीम की सतर्कता से बाइक सवार जाकिर हुसैन को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में उसके घर पर छापा मारकर उसकी पत्नी बताई जा रही बांग्लादेशी महिला तैयबा इस्लाम उर्फ तंजिला अख्तर और उसके पति हसन शेख उर्फ हसन उल्लाह को भी महिन गांव डीलर चौक से दबोचा गया. तीनों पर अवैध रूप से भारत में रहने का आरोप है. किशनगंज में छिपे थे बांग्लादेशी नागरिक : गिरफ्तार भारतीय एजेंट जाकिर हुसैन (24 वर्ष) महिन गांव डीलर चौक वार्ड नंबर 9, किशनगंज का निवासी है. बांग्लादेशी नागरिक हसन शेख उर्फ असन उल्लाह (32 वर्ष) का स्थायी पता शरियतपुर जिले का है, जबकि उसकी पत्नी तैयबा इस्लाम उर्फ तंजिला अख्तर (28 वर्ष) नारायणगंज जिले की रहने वाली है. दोनों बांग्लादेशी लंबे समय से किशनगंज में छिपे हुए थे. बिना दस्तावेज के अवैध ठहराव : पूछताछ में दोनों बांग्लादेशी नागरिकों ने भारत में रहने के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए. हसन शेख ने बताया कि उसकी पत्नी तैयबा जाकिर हुसैन के घर पर रह रही थी. पुलिस को आशंका है कि जाकिर इन विदेशी नागरिकों को शरण दे रहा था और उनके एजेंट के रूप में काम कर रहा था.

फर्जी दस्तावेज और सामग्री बरामद : तलाशी के दौरान पुलिस को फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो मोबाइल फोन, आठ सिम कार्ड, बाइक, भारतीय रुपये तथा बांग्लादेशी टाका बरामद हुए. सभी सामान जब्त कर लिए गए हैं, जो आगे की जांच में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं.

केस दर्ज, धाराएं लगाई गईं : किशनगंज थाने में केस नंबर 839/26 दर्ज कर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है.

## हमें कोई नहीं बताएगा क्या बेचना है': तुर्किये को एफ-35 की बिक्री पर नेतन्याहू से नाराज हुए ट्रंप

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की उस आपत्ति को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने तुर्किये को अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने का विरोध किया था। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका क्या बेचेगा, यह कोई बाहरी नेता तय नहीं करेगा। उन्होंने तुर्किये को अपना 'बेहतरीन सहयोगी' भी बताया। ट्रंप ने एयर फोर्स वन विमान में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, मुझे कोई यह नहीं बताएगा कि हमें क्या बेचना चाहिए। तुर्किया मेरा बहुत अच्छा सहयोगी रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय आया, जब इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सोमवार को वाशिंगटन डीसी पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच होने वाली अहम बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा और ईरान के साथ बढ़ते तनाव जैसे मुद्दे प्रमुख रहेंगे।

**नेतन्याहू को आपत्ति क्यों है:** इस महीने की शुरुआत में नेतन्याहू ने तुर्किये को अमेरिका के एफ-35 स्टेल्थ लड़ाकू विमान बेचने के प्लान का कड़ा विरोध किया था। उनका कहना था कि इससे क्षेत्र में ताकत का संतुलन बदल जाएगा। सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा, मैंने खुद राष्ट्रपति ट्रंप से आग्रह किया था कि इस सौदे को मंजूरी न दें। यह तब हुआ, जब ट्रंप ने संकेत दिया था कि वह अपने पहले कार्यकाल में तुर्किये पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने पर विचार कर रहे हैं।

नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान तुर्किये को बेचने से वह अमेरिका का मित्र देश नहीं बन जाएगा। उन्होंने तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन का जिक्र करते हुए कहा कि तुर्किये की सरकार पर मुस्लिम ब्रदरहुड का प्रभाव है, जो अमेरिका से नफरत करता है।

उन्होंने कहा, तुर्किये अमेरिका का आदर्श सहयोगी नहीं है। उन्होंने आगे कहा, वह मेरे देश को नष्ट करने की धमकी देता है, जो दुनिया का एकमात्र यहूदी राष्ट्र है। नेतन्याहू ने यह भी चेतावनी दी कि यदि तुर्किये को एफ-35 विमान दिए गए, तो इसका असर पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि उन्होंने ट्रंप से सीधे कहा है कि तुर्किये को ये लड़ाकू विमान नहीं बेचे जाने चाहिए, क्योंकि इससे पश्चिम एशिया में ताकत का संतुलन बिगड़ जाएगा। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि उनकी सरकार जल्द ही यह फैसला करेगी कि तुर्किये को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचे जाएं या नहीं। यह फैसला ऐसे समय लिया जाएगा।

## शरण मांगने वालों के लिए नया नियम लागू, अब कई मामलों में बिना इंटरव्यू सीधे कोर्ट भेजे जाएंगे आवेदन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने शरण मांगने वाले कुछ प्रवासियों के लिए नया नियम लागू किया है। यह नियम मंगलवार से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसके तहत कुछ मामलों में अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआईएस) शरण आवेदन करने वालों का इंटरव्यू लिए बिना ही उनके आवेदन सीधे आप्रवासन अदालत भेज सकेगी। अमेरिकी सरकार का कहना है कि इस बदलाव का मकसद शरण से जुड़े लंबित मामलों का बोझ कम करना और असली जरूरतमंद लोगों के मामलों का जल्द निपटारा करना है। फिलहाल यूएससीआईएस के पास करीब 14 लाख (1.4 मिलियन) शरण आवेदन लंबित हैं।

यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ एडलो ने कहा कि अमेरिका की शरण व्यवस्था उन लोगों की सुरक्षा के लिए है, जिन्हें वास्तव में अपने देश में उत्पीड़न का डर है। नया नियम यह सुनिश्चित करेगा कि सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल ऐसे वास्तविक मामलों के निपटारे में हो, न कि उन लोगों के लिए जो व्यवस्था का गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। अभी तक जो लोग अमेरिका में रहते हुए सकारात्मक शरण के लिए आवेदन करते थे और जिनके खिलाफ निष्कासन की कार्रवाई नहीं चल रही होती थी, उनका आवेदन पहले यूएससीआईएस अधिकारी सुनते थे। अगर आवेदन खारिज होता था, तो मामला इमिग्रेशन जज के पास जाता था, जहां दोबारा पूरी सुनवाई होती थी।




नए नियम के बाद यूएससीआईएस चाहे तो ऐसे मामलों में बिना इंटरव्यू लिए ही आवेदन सीधे आप्रवासन जज के पास भेज सकती है। इससे एक अतिरिक्त प्रक्रिया खत्म होगी और मामलों के निपटारे में लगने वाला समय कम होगा। यह बदलाव केवल अफर्मेटिव असाइलम मामलों पर लागू होगा। जिन लोगों के खिलाफ पहले से निष्कासन की कार्रवाई चल रही है और जो अदालत में 'डिफेंसिव असाइलम'का दावा करते हैं, उनके मामलों की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार ने क्या कहा यूएससीआईएस का कहना है कि मौजूदा व्यवस्था में कई लोगों को शरण के लिए दो बार सुनवाई का अवसर मिल जाता था, जिससे पूरी प्रक्रिया लंबी हो जाती थी। नए नियम से यह समय कम होगा और लंबित मामलों का बोझ घटाने में मदद मिलेगी। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग के जनरल काउंसल जेम्स पर्सिवल ने कहा कि लंबे समय से कुछ लोग शरण प्रणाली का इस्तेमाल केवल समय बढ़ाने और काम करने की अनुमति हासिल करने के लिए कर रहे थे। उनका कहना है कि जानबूझकर मामलों में देरी करना प्रभावी आव्रजन व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। गृह सुरक्षा विभाग के अनुमान के अनुसार, इस बदलाव के बाद हर साल 1.32 लाख से अधिक शरण आवेदन यूएससीआईएस से सीधे आप्रवासन कोर्ट भेजे जा सकते हैं। इससे यूएससीआईएस के लंबित मामलों में शामिल करीब 31 प्रतिशत आवेदन प्रभावित होंगे। सरकार का मानना है कि इससे शरण संबंधी मामलों का निपटारा पहले की तुलना में तेज हो सकेगा।

# फ्रांस के जंगलों में भीषण तबाही: मैक्रों बोले- 'हम मिलकर जीतेंगे यह लड़ाई'

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस, स्पेन और इटली इस समय भीषण जंगल की आग से जूझ रहे हैं। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर दमकलकर्मियों का हौसला बढ़ाया और इसे दूसरे विश्व युद्ध के बाद का सबसे बड़ा अग्नि संकट बताया। फ्रांस और स्पेन में अब तक 3.30 लाख से अधिक लोगों को घर छोड़ने पड़े हैं। स्पेन में इतिहास की सबसे बड़ी जंगल की आग दर्ज की गई है, जबकि लगातार पड़ रही हीटवेव और जलवायु परिवर्तन ने हालात को और गंभीर बना दिया है। दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में आग बुझाने के लिए बनाए गए समन्वय केंद्र (कोऑर्डिनेशन सेंटर) के दौरे के दौरान मैक्रों ने अधिकारियों से पूरी स्थिति की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि पिछले सप्ताह से धधक रही आग बेहद अनिश्चित रही है। कई बार इसने खुद ही फैलने वाले 'फायर स्टॉर्म' यानी आग के तूफान का रूप ले लिया। इस आग ने पेरिस से लगभग चार गुना बड़े क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया और करीब 2.20 लाख लोगों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर कर दिया।

मैक्रों ने कहा कि हम ऐसी आग का सामना कर रहे हैं, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई।' उन्होंने इसे दूसरे विश्व युद्ध के बाद फ्रांस में आग से जुड़ा सबसे बड़ा संकट बताया। राष्ट्रपति ने लगातार कई दिनों तक कठिन परिस्थितियों में काम करने वाले दमकलकर्मियों की सराहना की, जिन्होंने सोमवार तक आग के आगे बढ़ने की रफ्तार को रोकने में सफलता हासिल की। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि जंगलों में अब भी कई जगह आग सुलग रही है और खतरा पूरी तरह टला नहीं है। आने वाले सप्ताह बेहद चुनौतीपूर्ण होंगे।



हजारों दमकलकर्मी और पानी व अग्निरोधी रसायन गिराने वाले विमान लगातार अभियान में जुटे हुए हैं। राहत कार्य समय के खिलाफ दौड़ बन चुका है, क्योंकि मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाली हीटवेव आग बुझाने के प्रयासों को और कठिन बना सकती है। राष्ट्रीय मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहने की संभावना है, जबकि बुधवार को इससे भी अधिक गर्मी पड़ सकती है।

क्षेत्रीय प्रशासन के मुताबिक सोमवार रात तक स्थिति 'कुल मिलाकर स्थिर' रही, जो पिछले कुछ दिनों की तुलना में राहत देने वाली खबर है। इससे पहले आग बोर्डो शहर के बाहरी हिस्सों से महज 15 किलोमीटर दूर तक पहुंच गई थी। लगभग 2.68 लाख आबादी वाले इस ऐतिहासिक शहर के आसपास आग ने बिजली जैसी चमक के साथ 'फायर स्टॉर्म' पैदा किए, जिससे कई नई जगहों पर आग भड़क उठी।

सोमवार को किसी नए इलाके को खाली कराने की घोषणा नहीं की गई। हालांकि अगस्त में शुरू होने वाले पर्यटन सीजन को देखते हुए गिरोंडे क्षेत्र के प्रशासन ने बच्चों और दिव्यांग लोगों के लिए संचालित होने वाले हॉलिडे कैंपों पर रोक लगा दी है, ताकि जोखिम वाले इलाकों में पर्यटकों की आवाजाही सीमित की जा सके।

आग की रफ्तार रोकने के लिए भारी अर्थ-मूवर मशीनों से जंगल और झाड़ियों के बीच खाली पट्टियां बनाई जा रही हैं, ताकि आग आगे न बढ़ सके। किसान भी पानी के टैंकरों के जरिए दमकल टीमों तक लगातार पानी पहुंचा रहे हैं और राहत अभियान में सहयोग कर रहे हैं। करीब एक दर्जन देशों ने फ्रांस और स्पेन को विमान, हेलीकॉप्टर, दमकलकर्मी और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए हैं। दोनों देशों में लगी भीषण आग के कारण अब तक 3.30 लाख से अधिक लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। स्पेन में मैड्रिड के आसपास और वालेंसिया क्षेत्र में जंगल की आग लगातार फैल रही है। प्रशासन ने 79 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है, जबकि 30 हजार लोगों को एहतियातन घरों के भीतर ही रहने के निर्देश दिए गए हैं। फ्रांस और स्पेन, दोनों देशों में इस वर्ष समय से पहले और अत्यधिक तीव्र हीटवेव देखने को मिली। इससे जंगल और झाड़ियां पूरी तरह सूख गईं और आग तेजी से फैलने लगी। इन हालात के बीच जलवायु परिवर्तन के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग तेज हो गई है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने कहा कि यह कोई अलग-अलग या सामान्य घटनाएं नहीं हैं। यह जलवायु आपातकाल का परिणाम है, जिसके कारण जंगल की आग पहले से अधिक विनाशकारी हो रही है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496